सूर्योदय 6:47 सूर्यास्त 5:24

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9 न्यू | 18 अधि |
| धर्मशाला | 12 न्यू | 22 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,466.51 |
| निफ्टी | 25,875.80 |
| सोना | 1,23,913 |
| चांदी | 1,56,705 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 13 नवंबर 2025 | 29 कार्तिक, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 316, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702




## न्यूज शॉर्ट्स

### बॉलीवुड एक्टर धर्मेंद्र अस्पताल से डिस्चार्ज

**एजेंसी, मुंबई।** एक्टर धर्मेंद्र को बुधवार सुबह मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। उनके परिवार ने फैसला किया है कि अब उनका इलाज घर पर ही किया जाएगा। यह जानकारी उनके डॉक्टर ने दी। वहीं, उनके परिवार ने प्राइवेसी की अपील करते हुए आधिकारिक बयान में कहा कि धर्मेंद्र को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है और अब वे घर पर आराम करेंगे। हम मीडिया और लोगों से अनुरोध करते हैं कि वे किसी तरह की अफवाह न फैलाएं और इस समय उनकी तथा परिवार की प्राइवेसी का सम्मान करें। (अनंत ज्ञान)



### ज्योति मल्होत्रा जमानत के लिए हाईकोर्ट पहुंची

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार हिसार की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा ने जमानत के लिए पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका लगाई है। ज्योति के एडवोकेट कुमार मुकेश का कहना है कि जल्द इस मामले में सुनवाई हो सकती है। इससे पहले, 23 अक्टूबर को हिसार सेशन कोर्ट ने ज्योति की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। साथ ही टिप्पणी की थी कि आरोपी की जमानत के बाद जांच में बाधा आ सकती है। हिसार पुलिस ने यूट्यूब चैनल 'ट्रैवल विद जो' चलाने वाली 34 वर्षीय ज्योति को 16 मई को आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता के कानून के तहत गिरफ्तार किया था।

### यूपीएससी सिविल मेन्स परीक्षा का रिजल्ट जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा मेन्स परीक्षा-2025 का रिजल्ट घोषित कर दिया है। कुल 2736 कैंडिडेट्स इंटरव्यू राउंड के लिए क्वालिफाई हुए हैं। जो कैंडिडेट्स मेन्स परीक्षा में शामिल हुए हैं, वे आयोग की ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट कर अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं। रिजल्ट में कैंडिडेट्स के रोल नंबर दर्ज हैं। कैंडिडेट्स लिस्ट में अपना रोल नंबर सर्च कर अपना रिजल्ट देखें। आयोग ने सिविल सर्विस मेन्स परीक्षा का आयोजन 22 अगस्त से 31 अगस्त तक किया था, जिसका रिजल्ट अब जारी किया गया है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- हमने बिना गारंटी के सब कुछ किया: जयराम ठाकुर पेज 2
- सीएम सुक्खू ने शिमला में रखी हिमाचली हाट की आधारशिला-पेज 4
- गोबिंदसागर की लहरों पर तीन दिन दिखेगा 'जल तरंग का जोश' -पेज 6
- मनाली में अनछुए पर्यटन स्थल पर्यटकों की पहुंच से कोसों दूर -पेज 11
- शुष्क मौसम से स्क्रब टायफस के मामले बढ़ने का खतरा -पेज 12

# हिमाचल की औद्योगिक क्षेत्र में ऊंची उड़ान, बीआरएपी-2024 में 'टॉप अचीवर'

## पहाड़ी राज्य ने औद्योगिक विकास में 100 में से 98 प्रतिशत अंक हासिल कर रचा नया इतिहास, मुख्यमंत्री ने की विभाग की सराहना

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश ने औद्योगिक विकास के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। भारत सरकार के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा संचालित बिजनेस रिफॉर्म्स एक्शन प्लान-2024 बीआरएपी में हिमाचल प्रदेश को टॉप अचीवर राज्य घोषित किया गया है।

यह सम्मान राज्य को कंस्ट्रक्शन परमिट एनब्लेर्स, स्वास्थ्य क्षेत्र और सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया है। राज्य ने 100 में से 98 प्रतिशत अंक अर्जित कर यह ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त की। यह पुरस्कार केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा उद्योग समागम-2025 के दौरान प्रदान किया गया, जिसे राज्य की ओर से प्रधान आवासीय आयुक्त अजय यादव और जिला उद्योग केंद्र सिरमौर के महाप्रबंधक रचित शर्मा ने ग्रहण किया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस सफलता को राज्य के लिए गर्व का क्षण बताते हुए उद्योग विभाग की पूरी टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार निवेशकों को सुगम, पारदर्शी और त्वरित सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पिछले तीन वर्षों में सरकार ने अनेक निवेशक हितैषी सुधारात्मक पहलें लागू की हैं, जिनका उद्देश्य पारदर्शी, कुशल और अनुकूल व्यावसायिक माहौल तैयार करना है। राज्य में सिंगल विंडो प्रणाली को आधुनिक तकनीक आधारित नए प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया है, जिससे प्रक्रियाएं अधिक तीव्र, पारदर्शी और निवेशकों के लिए सुविधाजनक बनी हैं। इन सुधारों ने ईज ऑफ डुइंग बिजनेस को नई मजबूती दी है।

### रोजगार व स्थायी विकास का मॉडल बनाना लक्ष्य

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार अब औद्योगिक क्षेत्रों में ग्रीन एनर्जी, स्किल डेवलपमेंट और हाई-वैल्यू मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में भी नए निवेश को आकर्षित करने की दिशा में कार्य कर रही है। राज्य का लक्ष्य केवल निवेश प्राप्त करना नहीं, बल्कि रोजगार और स्थायी विकास का संतुलित मॉडल बनाना है।




केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल से 'टॉप अचीवर' सम्मान ग्रहण करते हिमाचल के प्रतिनिधि अजय यादव और रचित शर्मा।

### निवेशकों में बना भरोसा

**उद्योग** मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि यह उपलब्धि हिमाचल की सुधार-उन्मुख शासन प्रणाली और उद्योग-हितैषी दृष्टिकोण का परिणाम है। उन्होंने बताया कि प्रशासन को तकनीक सक्षम और पारदर्शी बनाते हुए निवेशकों को एक भरोसेमंद वातावरण प्रदान किया गया है। वहीं, अतिरिक्त मुख्य सचिव उद्योग आरडी नजीम ने कहा कि अनुमतियों के डिजिटलीकरण और जवाबदेही के सुदृढ़ीकरण ने हिमाचल को एक विश्वसनीय औद्योगिक गंतव्य बनाया है। राज्य में सिंगल विंडो प्रणाली के तहत 150 से अधिक सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं। इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट पॉलिसी 2019, एमएसएमई नीति 2023 और स्टार्टअप नीति 2022 के माध्यम से नवाचार, निवेश और रोजगार सृजन को निरंतर प्रोत्साहन मिल रहा है।

# दिल्ली को दहलाने वालों को मिलेगी सख्त सजा : पीएम

## प्रधानमंत्री ने एलएनजेपी अस्पताल में जाना घायल हुए लोगों का हाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार दोपहर बाद एलएनजेपी अस्पताल में दिल्ली लाल किला धमाके के घायलों से मुलाकात की। वे दोपहर 2 बजे भूटान दौरे से लौटे थे और सीधे एयरपोर्ट से अस्पताल पहुंचे। इसके बाद उन्होंने एक्स पर लिखा, 'साजिश रचने वालों को सख्त सजा दी जाएगी। मोदी करीब आधा घंटा अस्पताल में रहे और घायलों से बातचीत की। वहीं, दिल्ली पुलिस ने आशंका जताई थी कि दिल्ली धमाके में शामिल आतंकियों के पास एक नहीं, बल्कि दो कारें थीं। बुधवार शाम को दूसरी कार को हरियाणा के खंदावली गांव के पास से बरामद किया गया है। यह कार डॉ. उमर उन नबी के नाम पर रजिस्टर्ड है।



प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली के एलएनजेपी अस्पताल में घायलों का कुशलक्षेम पूछते हुए।

### जनवरी से हो रही थी साजिश 6 दिसंबर को करना था धमाका

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आतंकियों की 200 बम से 26/11 जैसे हमले की साजिश थी। दिल्ली, गुरुग्राम और फरीदाबाद को निशाना बनाया जाना था। दिल्ली के लाल किला, इंडिया गेट, कॉन्स्टिट्यूशन क्लब और गौरी शंकर मंदिर जैसे प्रमुख स्थलों को चुना था। दिल्ली धमाका करने वाले आतंकियों का ग्रुप फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी से संचालित हो रहा था। सूत्रों के मुताबिक धमाकों की साजिश जनवरी से की जा रही थी और ब्लास्ट करने के लिए 6 दिसंबर का दिन तय किया था। (अनंत ज्ञान)

### सरकार ने ब्लास्ट को आतंकी हमला माना

**केंद्र** सरकार ने दिल्ली कार ब्लास्ट को आतंकी हमला माना है। बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में टेरर अटैक पर प्रस्ताव पारित किया गया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रस्ताव पढ़ते हुए कहा कि मंत्रिमंडल ने इस आतंकी घटना को 'राष्ट्र-विरोधी ताकतों ने अंजाम दिया गया जघन्य कृत्य' बताया। जांच एजेंसियों को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### राज्य स्तरीय समारोह में दिखेगी व्यवस्था परिवर्तन की झलक

# सुक्खू सरकार मंडी में 11 दिसंबर को मनाएगी तीन साल का जश्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने घोषणा की है कि हिमाचल प्रदेश सरकार अपने कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 11 दिसंबर को मंडी जिले में राज्य स्तरीय समारोह आयोजित करेगी। इस अवसर पर सरकार की उपलब्धियों और विभिन्न विभागों में हुए सुधारों पर आधारित एक कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समारोह न केवल सरकार की उपलब्धियों का उत्सव होगा, बल्कि जनता के विश्वास और सहयोग के प्रति आभार प्रकट करने का अवसर भी बनेगा। मुख्यमंत्री ने बुधवार को शिमला में कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस समारोह में उन लोगों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान दिया है। सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को भी मंच से सम्मानित किया जाएगा, ताकि समाज के हर वर्ग को यह संदेश जाए कि सरकार उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आने वाले दो वर्षों के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करें ताकि विकास की रफ्तार और तेज हो सके।



### सीएम बोले-उत्कृष्ट योगदानकर्ताओं और लाभार्थियों को मिलेगा सम्मान

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि मंडी उनका घर और परिवार है, इसलिए यह आयोजन मंडी में किया जाना विशेष महत्व रखता है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह समारोह प्रदेश के विकास की दिशा में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करेगा।

### कार्यक्रम स्थल के चयन के लिए समिति गठित

**सीएम** ने बताया कि कार्यक्रम स्थल के चयन के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है, जिसमें राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी और धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी की जाएं। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि इस समारोह में पिछले तीन वर्ष में सरकार द्वारा शुरू की गई 'व्यवस्था परिवर्तन' पहल को प्रमुखता से प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के क्षेत्रों में सरकार ने कई महत्वपूर्ण सुधार किए हैं, जिनका सीधा लाभ राज्य के लोगों को मिला है। राज्य की अर्थव्यवस्था में स्थिर सुधार हुआ है और राजस्व सृजन में भी निरंतर वृद्धि देखी गई है।

# कट्टरपंथियों के भरोसे चल रही यूनुस सरकार : हसीना

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत में रह रहीं बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा है कि बांग्लादेश की वर्तमान यूनुस सरकार कट्टरपंथियों के भरोसे चल रही है। उन्होंने बुधवार को एक न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में कहा कि मैं भारत सरकार और यहां के लोगों की मेहमाननवाजी के लिए बेहद आभारी हूं। उन्होंने कहा कि अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस की भारत विरोधी नीति बेवकूफाना और खुद का नुकसान करने वाली है। हसीना ने कहा कि उनकी वतन वापसी तभी संभव है, जब लोकतंत्र बहाल होगा, अवामी लीग पर से प्रतिबंध हटेगा और स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)



# 22 तक हो सकती है मंत्रिमंडल की बैठक

## सीएम करेंगे अध्यक्षता, शीतकालीन सत्र की तैयारियों पर होगा मंथन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक जल्द बुलाई जा सकती है। यह बैठक आगामी 22 नवंबर तक आयोजित की जा सकती है, जिसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर निर्णय लिए जाने की संभावना है। बैठक में पुलिस भर्ती से संबंधित प्रस्ताव पर चर्चा होने की संभावना है, जिसमें नए पदों को भरने को लेकर निर्णय लिया जा सकता है। इसके अलावा धर्मशाला के तपोवन में प्रस्तावित विधानसभा के शीतकालीन सत्र की रूपरेखा पर भी विचार किया जाएगा। इस सत्र के दौरान लिए जाने वाले प्रमुख विधायी एजेंडा, संभावित संशोधनों और विभिन्न विभागों के विधेयकों पर चर्चा होने की संभावना है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को प्रारंभिक तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए हैं, ताकि शीतकालीन सत्र को प्रभावशाली, सक्रिय और परिणामोन्मुख बनाया जा सके। बैठक में कुछ वित्तीय प्रस्तावों पर भी विचार हो सकता है, जिनमें तारा देवी रोप वे विकास कार्यों की स्वीकृति जैसे मुद्दे शामिल हो सकते हैं। बैठक में अन्य विभागीय विषयों पर भी व्यापक मंथन किए जाने की संभावना है, ताकि धर्मशाला में होने वाला यह शीतकालीन सत्र सरकार की कार्यशैली और नीतिगत प्राथमिकताओं को मजबूती से प्रदर्शित कर सके।

# गुजरात के भरूच में फैक्टरी में बॉयलर फटा, तीन की मौत


**एजेंसी, भरूच**

गुजरात में भरूच जिले के इंडस्ट्रियल एरिया जीआईडीसी में मंगलवार देर रात एक फैक्टरी में विस्फोट से तीन लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 24 कर्मचारी घायल हो गए। घायलों को भरूच के अलग-अलग अस्पतालों में एडमिट करवाया गया है। इनमें 4-5 कर्मचारियों की हालत गंभीर है। सायखा गांव के पास जीआईडीसी की विशाल फार्मा नाम की फैक्टरी में रात करीब ढाई बजे बॉयलर फट गया, जिससे प्लांट में आग लग गई। विस्फोट इतना तेज था कि आसपास की 4 कंपनियों को भी नुकसान पहुंचा। हादसे में तीन कर्मचारियों की मौके पर ही मौत हो गई थी। फायर ब्रिगेड की 6 टीमें मौके पर पहुंचीं। घटनास्थल पर बचाव और राहत कार्य अभी भी जारी है और मलबे को हटाने के साथ-साथ मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका को देखते हुए तलाशी अभियान बुधवार शाम तक जारी रहा। (अनंत ज्ञान)

# डोनाल्ड ट्रंप बोले-अमेरिका में टैलेंटेड लोगों की कमी

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि देश में कई अहम नौकरियों के लिए पर्याप्त टैलेंटेड लोग नहीं हैं, इसलिए विदेशी स्किल्ड वर्कर्स की जरूरत पड़ती है। ट्रंप ने यह बयान फॉक्स न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में दिया। एंकर लॉरा इंग्राहम ने ट्रंप से पूछा कि क्या एच-1बी वीजा की संख्या कम की जाएगी, क्योंकि इससे अमेरिकी मजदूरों के वेतन पर असर पड़ता है? इस पर ट्रंप ने जवाब दिया, 'हां, मैं सहमत हूं, लेकिन आपको बाहर से टैलेंट भी लाना होगा।' जब एंकर ने कहा कि अमेरिका में काफी टैलेंटेड लोग हैं, तो ट्रंप बोले, 'नहीं, कुछ खास क्षेत्रों में हमारे पास टैलेंट नहीं है। आप बेरोजगार लोगों को उठाकर मिसाइल फैक्ट्री में नहीं भेज सकते।' (अनंत ज्ञान)



### हम विदेशी छात्रों को नहीं रोक सकते

**विदेशी** छात्रों को लेकर अपने रुख में यू-टर्न लिया है। ट्रंप ने कहा है कि विदेशी छात्रों को अमेरिका में पढ़ाई की अनुमति मिलती रहनी चाहिए, क्योंकि वे न सिर्फ देश की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाते हैं, बल्कि विवि की आर्थिक स्थिति को भी संभालते हैं। ट्रंप ने कहा, 'दुनियाभर से आने वाले आधे छात्रों को नहीं रोक सकते, ऐसा किया तो हमारे कॉलेज-यूनिवर्सिटी सिस्टम को भारी नुकसान होगा।'

# नोएल के बेटे नेविल टाटा ट्रस्ट बोर्ड में शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** टाटा ट्रस्ट्स ने चेयरमैन नोएल टाटा के सबसे छोटे बेटे नेविल टाटा (33 साल) को अपने फ्लैगशिप सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट के बोर्ड में शामिल किया है। यह नियुक्ति 12 नवंबर से प्रभावी हो गई और 3 साल के लिए है। बोर्ड ने नेविल की इस नियुक्ति को एकमत से मंजूरी दी है। साथ ही टीवीएस मोटर कंपनी के चेयरमैन इमेरिटस वेणु श्रीनिवासन को सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट का ट्रस्टी और वाइस चेयरमैन फिर से बनाया गया है। वहीं, टाटा ग्रुप के अनुभवी व्यक्ति भास्कर भट्ट को भी बोर्ड में जगह मिली है। इन दोनों की नियुक्ति भी 3 साल के लिए है और 12 नवंबर 2025 से प्रभावी हो गई है। अब बोर्ड में 7 ट्रस्टी हो गए हैं। (अनंत ज्ञान)

**सियासत** पूर्व सीएम जयराम ठाकुर की चार दिन के भीतर हमीरपुर में दूसरी बड़ी जनसभा

# हमीरपुर जिले में 'बदलाव' की राजनीति का 'शंखनाद'!

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** क्या, हमीरपुर जिले में भाजपा के भीतर 'बदलाव' की राजनीति का 'शंखनाद' हो गया है? चार दिन के भीतर पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की पहले सुजानपुर में और अब हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में हुई जनसभाओं ने कुछ इसी ओर इशारा किया है। इन जनसभाओं में जुटी भीड़ ने प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस के नेताओं के लिए तो चुनौती पेश करने का काम किया ही है, अपनी पार्टी के भीतर भी कइयों को सकते में डाल दिया है, क्योंकि पिछले कुछ समय से यकायक जो कुछ जिला की राजनीति में होना शुरू हुआ है, वह संयोगवश नहीं है। राजनीति के जानकारी इस तरह के कार्यक्रमों को पार्टी के भीतर परंपरागत नेताओं के लिए चुनौती मान रहे हैं। वे यह भी कहने लगे हैं कि अब जिला की पार्टी राजनीति में अलग तरह का माहौल तैयार हो चुका है।



जनसभा में मौजूद पूर्व सीएम जयराम ठाकुर, विधायक आशीष व इंद्रदत्त लखनपाल।

पूर्व मुख्यमंत्री के लगातार दो दौरों के बीच जो दो बड़ी जनसभाएं हो गई हैं, उनका प्रभाव निश्चित रूप में जिला की भाजपा नेताओं की राजनीति पर पड़ा ही है।

राणा, लखनपाल और आशीष की एंट्री के बाद इस जिले की राजनीति में अब लगातार अजीबोगरीब उफान तैयार हो रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों की शुरुआत से जिस तरीके से चुनावी 'शंखनाद' हुआ है, वह राजनीति की नई कहानी तैयार कर रहा है। हमीरपुर जिला की राजनीति में समीरपुर का रुतबा हमेशा दबदबे वाला रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल की मौजूदगी के अलावा उनके पुत्र पूर्व मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर इसी जिला से ताल्लुक रखते हैं, लेकिन बदले हुए राजनीति के इन हालात में अब पार्टी का कुनबा मुकम्मल तौर पर दो धड़ों में बंट चुका है। पार्टी को किस अंजाम तक यह स्थिति ले जाएगी, इसका आकलन करने में अभी वक्त तो लगेगा, मगर एक बात तय है कि चुनौतीपूर्ण माहौल तैयार हो रहा है।

### भीड़ जुटाकर आशीष ने विरोधियों को दिया करारा जवाब

**पिछले** विधानसभा चुनाव में हमीरपुर में भाजपा को एक भी सीट नहीं मिल पाई थी, लेकिन जिले से ताल्लुक रखने वाले सुखविंद्र सिंह सुक्खू कांग्रेस के मुख्यमंत्री बने। बाद में ऑपरेशन लोटस के बाद उपचुनाव हुए और दो सीटें कांग्रेस यहां से गंवा बैठी। अब यह जिला तो मुख्यमंत्री सुक्खू का है, लेकिन भाजपा के नए दौर की राजनीति इस जिले में कांग्रेस को भी चुनौती पेश करने लगी है। ये जनसभाएं जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में होंगी, इसीलिए कहा जा रहा है कि पार्टी की राजनीति किस करवट बैठेगी? बड़ी जनसभा करवाकर विधायक आशीष ने खूब वाहवाही लूटने का माहौल तैयार कर विरोधियों को करारा जवाब दिया है।

# न्यूज ब्रीफ

## नारा लेखन प्रतियोगिता में महक व शिवांगी प्रथम

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा में सड़क सुरक्षा विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागी छात्रों के नारा लेखन कार्य की प्राचार्य डॉ. ज्ञानचंद राणा ने प्रशंसा की तथा महाविद्यालय के छात्रों से आह्वान किया कि वह सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और अपने तथा लोगों के अनमोल जीवन की सड़क दुर्घटनाओं से सुरक्षा के प्रति सतर्क रहें। प्रतियोगिता में महक और शिवांगी प्रथम, रितिका और सिमरन द्वितीय तथा कंचन और वीनस तृतीय स्थान पर रहीं। रोड सेफ्टी क्लब के समन्वयक प्रो राकेश ठाकुर ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम में डॉ रजनीश, प्रो मदन, डॉ अजय, डॉ प्रीतम, डॉ अंजना तथा महाविद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्य शामिल हुए।

## सभा ने उठाई आरोपी को फांसी देने की मांग

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** हमीरपुर जिले की सासन पंचायत में घटित घटना ने न केवल हमारी देव भूमि को कलंकित किया है, बल्कि इस घिनौनी घटना ने हमारे सभ्य समाज को सोचने पर मजबूर कर दिया है कि हमारा समाज किस दिशा में जा रहा है। इस घटना ने बेकसूर 40 वर्षीय मातृशक्ति को एक दरिंदे ने तेजधार हथियार से लहूलुहान कर दिया तथा बाद में अस्पताल में उस स्त्री की मौत हो गई। यह घटना बहुत ही वीभत्स व घिनौनी है। सर्व समाज कल्याण सभा बड़ा के सभी सदस्यों ने प्रदेश सरकार व न्यायिक प्रणाली से यह मांग की है कि इसके आरोपी को फांसी की सजा दी जाए, ताकि भविष्य में कोई भी दरिंदा ऐसी घटना के बारे में सपने में भी न सोचे।

## पुलिस थाना भोरंज में मारपीट का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल के गांव चंदरूही में एक बुजुर्ग महिला पर गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। घटना को लेकर पुलिस थाना भोरंज में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा मामले की जांच जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विमला देवी (70 वर्ष), पत्नी स्वर्गीय कश्मीर सिंह, निवासी गांव व डाकघर चंदरूही ने थाना भोरंज में शिकायत दर्ज करवाई कि प्रोमिला देवी पत्नी लोक राज, निवासी उसी गांव, ने उसके खेत में जबरन प्रवेश किया और वहां लगे शहतूत के पेड़ को काट डाला। विमला देवी ने बताया कि जब उसने आरोपी को रोकने की कोशिश की तो प्रोमिला देवी ने उस पर पत्थर व लकड़ी से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थाना भोरंज पुलिस ने इस संबंध में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। भोरंज थाना प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और पुलिस ने संबंधित सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है।

## सोहारी स्कूल की छात्राओं को दी छात्रवृत्ति

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** मीरा एजुकेशन सोसायटी कोहड़ा द्वारा शहीद जितेंद्र मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोहारी में मेधावी और आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया गया। संस्था के सचिव इंजीनियर प्रेम दत्याल ने 60 छात्र-छात्राओं को कुल 70,000 रुपए की धनराशि भेंट की। यह संस्था वर्ष 2022 से लगातार जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता कर रही है। कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने दानी सज्जनों का आभार जताया। इस अवसर पर पंचायत प्रधान योगराज, प्रीतम पठानिया, रजनीश कुमार और रविंद्र कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने संस्था के प्रयासों की सराहना की।

## जंदरू स्कूल की छात्राओं ने योगासन में जीते मेडल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जंदरू की तीन छात्राओं ने राज्य स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता में जिला हमीरपुर का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता 6 और 7 नवंबर को सीनियर सेकेंडरी बाल स्कूल नादौन में आयोजित हुई। राधिका ने तीन रजत, कोमल ने दो रजत और मन्नत ने एक रजत पदक जीता, जिससे जिला हमीरपुर योगासन में विजेता बना। स्कूल लौटने पर प्रधानाचार्य संजय गुप्ता, स्टाफ और विद्यार्थियों ने ढोल-करताल की ध्वनि के साथ उनका स्वागत किया। प्रधानाचार्य ने छात्राओं और प्रशिक्षक शशि कुमार को सम्मानित करते हुए आगे भी कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षक शशि कुमार ने सभी के सहयोग और सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया।

## अभ्यर्थियों को ग्रेड सुधारने का मौका

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने सीबीसीएस (चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम) और एनईपी (नेशनल एजुकेशन पॉलिसी) के तहत स्नातक (यूजी) व स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में डिग्री पूरी करने वाले अभ्यर्थियों को अपनी श्रेणी या ग्रेड सुधारने का अवसर देने का निर्णय लिया है, जो अभ्यर्थी अपनी क्लास, ग्रेड सुधार करना चाहते हैं, ऐसे अभ्यर्थी 25 नवंबर तक ऑफलाइन परीक्षा फॉर्म तकनीकी विवि में जमा कर सकते हैं। परीक्षा फॉर्म अभ्यर्थी डाक के माध्यम से या स्वयं तकनीकी विवि में जमा कर सकते हैं। श्रेणी, ग्रेड सुधार के लिए परीक्षा दिसंबर-जनवरी में प्रस्तावित परीक्षा तिथियों के अनुसार ही होगी। तकनीकी विवि के परीक्षा नियंत्रक कमल देव सिंह कंवर ने कहा कि सीबीसीएस (चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम) और एनईपी (नेशनल एजुकेशन पॉलिसी) के तहत बीटेक, एमबीए व एमसीए सहित पीजी के सभी कोर्स में डिग्री पूरी कर चुके अभ्यर्थियों को श्रेणी, ग्रेड सुधारने के लिए यह अवसर दिया जा रहा है। ऐसे अभ्यर्थी ऑफलाइन परीक्षा फॉर्म से संबंधित ब्यौरा तकनीकी विवि की वेबसाइट पर देख सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि इच्छुक अभ्यर्थी तय तिथि तक परीक्षा फॉर्म जमा कर सकते हैं।

## संदीप बने सैनिक स्कूल भूतपूर्व छात्र संघ के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सैनिक स्कूल सुजानपुर में ओल्ड ब्वॉय एसोसिएशन के त्रैवार्षिक चुनाव करवाए गए। इस चुनाव में भूतपूर्व लगभग 200 छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर भूतपूर्व छात्र संघ के चुनाव में संदीप डडवा को अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा प्रभात साहू को महामंत्री, विकेश कौशल को उप प्रधान, रमन धीमान को कोषाध्यक्ष, कंचन राणा को ऑडिटर, नितेश भट्ट को प्रेस सचिव चुना गया। नवनियुक्त प्रधान संदीप डडवाल ने बताया कि जिला कार्यकारिणी शीघ्र घोषित की जाएगी।

## विधायक ने किया सड़क का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** कैप्टन रणजीत सिंह ने ग्राम पंचायत धमड़ियाणा में मुख्य सड़क से रवि कुमार के घर तक की सड़क का लोकार्पण किया। गांव वासियों ने बताया कि इस रास्ते में सड़क का प्रावधान नहीं था। उन्होंने इसके लिए विधायक का आभार जताया। इसके बाद उन्होंने ग्राम पंचायत पनोह के गांव खयूंह के लिए सड़क का भी लोकार्पण किया। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता के हितों का कार्य कर रही है। हर घर को सड़क से जोड़ना उनकी पहली प्राथमिकता है।

## राजनीतिक लाभ के लिए आपदाओं का इस्तेमाल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मंडी में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा बाढ़ व आपदा प्रभावितों को राहत प्रदान करने के लिए संपन्न कार्यक्रम के विषय में नेता प्रतिपक्ष की बयानबाजी अनैतिकता की पराकाष्ठा को भी पार करने वाली है। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि राहत के संदर्भ में आयोजित सरकार का कार्यक्रम कोई शादी की धाम का कार्यक्रम नहीं था, जिसका निमंत्रण जय राम और मंडी के भाजपा विधायकों को मिठाई के डिब्बे के साथ दिया जाता। इस कार्यक्रम में भाजपा विधायकों व नेता प्रतिपक्ष को स्वयं शामिल होकर केंद्र द्वारा दी गई मदद, जिसका वह बार-बार झूठा दावा कर रहे हैं, उसका विस्तृत लेखा-जोखा जनता के समक्ष रखना चाहिए था। जयराम ने प्रदेश में आई विभिन्न आपदाओं से उत्पन्न परिस्थितियों को राजनीतिक लाभ लेने के अवसर के रूप में इस्तेमाल किया है और भाजपा नेताओं के आचरण से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि उनकी मंशा प्रदेश और जनता को लगातार आपदाग्रस्त देखने की है, ताकि वह अपनी राजनीतिक रोटियां सेकते रहें। कौशल ने प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 1500 करोड़ रुपए के राहत पैकेज के विषय में कहा कि इस घोषणा का कहीं दूर-दूर तक अता-पता नहीं है।

## कुश्ती चैंपियन स्निग्धा का जोरदार अभिनंदन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ी रहे नरेंद्र अत्री ने एसजीएफआई स्कूली नेशनल गेम्स में हिमाचल के लिए कुश्ती में मेडल जीत कर आई चैंपियन बेटी स्निग्धा राज ठाकुर व उनके कोच अंतरराष्ट्रीय पहलवान जानी का अत्री निवास पर गर्म जोशी से अभिनंदन एवं स्वागत किया। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर चैंपियन बेटी व प्रशिक्षक को शॉल टोपी पहनाने का सम्मानित किया। पूर्व भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र अत्री ने मेडल जीत कर आई बेटी को सम्मानित करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं है, बल्कि एक सशक्त और प्रगतिशील समाज की नींव है। सही मायने में महिला सशक्तिकरण की असली ध्वजवाहक हमारी ये चैंपियन बेटियां ही है। हमारे आसपास चाहे जितनी भी नकारात्मकता हो, परिस्थितियां विपरीत हों, परंतु जीवन में सकारात्मक रहकर सही दिशा में अभ्यास व प्रयास कर जीवन में आगे बढ़ा सकते हैं और ये चैंपियन बेटियां इसका असली प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं को वह अधिकार, अवसर और सम्मान देना, ताकि वे अपने जीवन के हर निर्णय स्वयं ले सकें और समाज में बराबरी का स्थान पा सकें। जब एक महिला आर्थिक रूप से स्वतंत्र होती है, शिक्षित होती है और अपनी बात आत्मविश्वास से रख पाती है, तो यह केवल उसके जीवन को ही नहीं बदलता, बल्कि उसके पूरे परिवार, समाज और देश को मजबूत बनाता है।

# हमने बिना गारंटी के सब कुछ किया : जयराम ठाकुर

## पूर्व मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के मंच के लिए जगह नहीं देने पर प्रशासन को खरी-खोटी सुनाई

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित करते हुए।

**हमीरपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि हमने अपनी सरकार के समय बिना किसी गारंटी के सब कुछ किया जो सरकार को करना चाहिए था।

जयराम ठाकुर बुधवार को हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के लंबलू में हिमाचल योगासन स्पोर्ट्स हमीरपुर द्वारा आयोजित अस्मिता वुमन सिटी लीग और महिला सम्मान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति और कुर्सी स्थायी नहीं होती, लेकिन मुख्यमंत्री जिस तरीके से गुब्बार निकालने के लिए मंडी आते हैं, उन्होंने भी अब हमीरपुर में पहुंचकर उसका जवाब देने के लिए दो मर्तबा यहां का दौरा कर लिया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमकेयर के मामले पर 400 करोड़ की लायबिलिटी की जो बात करते हैं, वह वास्तव में गुमराह कर रहे हैं। भाजपा सरकार ने तब मरीज की जान को ज्यादा तवज्जो दी थी, लेकिन कांग्रेस मरीज को बोझ समझ रही है। सुक्खू को यह बात समझनी चाहिए कि जिन नौ लोगों ने कांग्रेस सरकार का साथ छोड़ा वह यूं ही नहीं था यदि उन्होंने इसकी असलियत जानी होती, तो ये लोग भाजपा के नहीं होते।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को चीफ सेक्रेटरी, डीजीपी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कोई भी लायक अधिकारी नहीं मिल रहा। सुक्खू अधिकारियों की कठपुतली बनकर रह गए हैं। वे बिहार स्टार प्रचारक के रूप में गए थे, लेकिन क्या हिमाचल में सारी गारंटियां पूरी हो चुकी हैं। बुढ़ापा शहर और दूसरी कई तरह की पेंशन बंद हो चुकी हैं। पेंशनर्स को कई महीनों से पेंशन नहीं मिल रही। विधानसभा सत्र 26 नवंबर से शुरू हो रहा है और पहली दिसंबर को भाजपा विधानसभा का प्रचंड घेराव करेगी। उन्होंने हमीरपुर की जनता खासकर जनसभा में मौजूद महिलाओं से कहा कि अगली बार पांचों सीटें इस जिला से पार्टी को हर हाल में चाहिए और इसके लिए वे आज से ही जुट जाएं। उन्होंने जनसभा में मौजूद महिलाओं की मौजूदगी पर खुशी जताई और कहा कि अगली बार आशीष को ज्यादा मतों से जिताएं। जयराम ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरीके से बेकाबू है। 1 महीने के भीतर हमीरपुर में दो घटनाओं ने पूरे प्रदेश को दहला दिया है। एक युवक द्वारा एक एक मां समान महिला पर हमला कर उनको मौत के घाट उतार दिया। यह बहुत डरावना है। इसी तरीके से पिछले महीने एक युवक द्वारा अपनी मां की हत्या करने का मामला भी सामने आया।

अपराध की अप्रत्याशित घटनाएं घटित हो रही हैं। माफिया बेरोकटोक दनदना रहा है। यह घटनाएं मुख्यमंत्री के गृह जिले और उनके अपने हलके में हो रही हैं। 1 दिसंबर को भारतीय जनता पार्टी विधानसभा का घेराव करके सरकार से कानून व्यवस्था के मुद्दे पर जवाब मांगेगी। सरकार कानून व्यवस्था को बहुत हल्के में ले रही है जो बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा के परिजनों पर राजनीतिक विद्वेष से मुकदमे दर्ज कर रही है। उन्हें प्रताड़ित कर रही है। मुख्यमंत्री और अधिकारियों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि सत्ता हमेशा के लिए नहीं रहती। ठाकुर ने कहा कि आज इस कार्यक्रम में पहुंचकर मैं स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। हमीरपुर के लोगों द्वारा दिए गए स्नेह और सम्मान से अभिभूत हूं। उन्होंने आशीष की पत्नी स्वाति शर्मा को जन्मदिन के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह इसी तरीके से समाज सेवा का कार्य करती रहें। विधायक आशीष शर्मा ने सरकार पर जबरदस्त तरीके से हमला किया और कहा कि इस जनसभा को रुकवाने के लिए जिला प्रशासन और सरकार ने भरपूर प्रयास किया। मंच लगाने के लिए संबंधित पंचायत से एनओसी को ही रुकवा दिया। क्षेत्र की जनता ने खासकर मातृशक्ति ने जो स्नेह और प्यार उन्हें दिया है, वह उसके लिए हमेशा ऋणी रहेंगे। स्वाति शर्मा ने भी बहुत ही खास अंदाज में जनसभा में अपनी बात रखी, जिस पर उन्होंने सभी की खूब वाहवाही लूटी। विधायक राजेंद्र राणा ने भी आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार ने कहां-कहां जमीनें खरीदी हैं, उनके पास सारी जानकारी है।

## जयराम पहुंचे सासन गांव, मासूम गोलू से मिलकर हुए भावुक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के सासन गांव पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने युवक के हमले में जान गंवाने वाली महिला के परिजनों से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। जयराम घायल महिला के पुत्र गोलू से मिलकर भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि यह बहुत दुखद क्षण हैं। गोलू मासूम है और दिव्यांग भी। मां ही उसके जीवन का एकमात्र सहारा थी, लेकिन उनकी भी हत्या हो गई। यह क्षण बेहद भावुक और निशब्द करने वाला है। विधायक आशीष शर्मा ने आर्थिक सहायता भी की है और यह आश्वासन दिया है कि हर महीने 3000 की मदद व गोलू के पालन पोषण के लिए करते रहेंगे। परिजनों द्वारा आरोपी को लेकर कई बातें कही गई हैं। जिसका सरकार को विधि सम्मत संज्ञान लेना चाहिए। मामले की जांच में किसी भी प्रकार की कोताही न होने पाए यह सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए। सरकार की जांच और कार्रवाई से परिजन भी संतुष्ट हो, शासन प्रशासन को इस बात का ध्यान रखना चाहिए।

## जिला परिषद की बैठक में उठाए जनहित के मुद्दे

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक बुधवार को बबली देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सदस्यों द्वारा उठाए गए विभिन्न जनहित के मुद्दों पर संबंधित अधिकारियों के साथ व्यापक चर्चा की गई। बडैहर पंचायत की कूहल मुरम्मत, चैंथ खड्ड का तटीयकरण, एचडब्ल्यूसी धमरोल, चंदरूही भवनों एवं परिसरों की मरम्मत, सड़कों और जल निकासी कार्य, राजस्व, खनन और विद्युत आपूर्ति से संबंधित लंबित कार्यों पर विशेष ध्यान दिया गया। परिषद की अध्यक्ष बबली देवी ने अधिकारियों से कहा कि सभी मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई की जाए क्योंकि ये सीधे आम जनता से जुड़े हैं। बैठक से पहले अध्यक्ष ने सभी सदस्यों को तंबाकू सेवन के विरुद्ध शपथ दिलाई। एडीसी अभिषेक गर्ग ने भी अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक का संचालन जिला पंचायत अधिकारी व सचिव बबीता गुलेरिया ने किया।

## उद्योग विभाग की योजना ने बदल दी संतोष की तकदीर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार की ओर प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विशेष प्रयास कर रही है। उद्योग विभाग, ग्रामीण विकास, पशुपालन, मत्स्य पालन और अन्य विभागों की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं एवं युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के प्रदेश सरकार के प्रयास रंग ला रहे हैं।

इसी की एक झलक नजर आती है जिला हमीरपुर के सुजानपुर कस्बे के एक आम परिवार में। सुजानपुर के वार्ड नंबर-5 की निवासी संतोष कुमारी के घर में बांस से बनीं एक से बढ़कर एक कलाकृतियों एवं पेंटिंग्स को देखकर हर कोई हैरान हो जाता है और इन्हें खरीदने के लिए मजबूर हो जाता है। उद्योग विभाग ने एक योजना के माध्यम से संतोष कुमारी के इस हुनर को तराशा और उनकी तकदीर ही बदल दी। संतोष कुमारी एक आम गृहिणी थी और उसके पति बिजली



की फिटिंग का कार्य करके परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। संतोष कुमारी भी कभी-कभार कपड़े सिल करके कुछ कमाई कर लेती थी, लेकिन आज के दौर के अनुसार उनका गुजारा मुश्किल से हो पा रहा था। संतोष कुमारी अपनी आम दिनचर्या में कुछ नया काम करके अपने पति का हाथ बंटाना चाहती थी, लेकिन उसे कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा था। इसी दौरान, उद्योग विभाग ने सुजानपुर में बांस की कला पर आधारित पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें संतोष कुमारी ने भी भाग लिया और 3 महीने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस कला में पारंगत एवं पद्मश्री पुरस्कार से अलंकृत करतार सिंह सौंखले ने भी संतोष कुमारी का मार्गदर्शन किया। कुछ दिनों में संतोष कुमारी ने बांस से कलाकृतियां एवं पेंटिंग बनाने में महारत हासिल कर ली। डिजाइनर लक्ष्मण कुमार ने भी संतोष कुमारी की मदद की। इसके बाद तो उनकी कलाकृतियां काफी मशहूर हो गईं और लोग घर में आकर भी इन्हें खरीदने लगे। उन्होंने विभागीय प्रदर्शनियों में भी भाग लेना शुरू किया, जहां उनकी कलाकृतियों को काफी अच्छे दाम मिलने लगे।

संतोष कुमारी के हुनर एवं लग्न को देखकर उद्योग विभाग और अन्य विभागों ने उन्हें मास्टर ट्रेनर बनाया है और अन्य लोगों को प्रशिक्षित करके भी उन्हें अच्छा मानदेय मिल रहा है। संतोष कुमारी ने बताया कि अब उन्हें बांस की कलाकृतियों से हर माह लगभग 15 हजार रुपए तक आय हो जाती है। मास्टर ट्रेनर के रूप में मिलने वाले मानदेय से भी उन्हें अच्छी आय हो रही है। उनका कहना है कि उद्योग विभाग की योजनाओं के कारण ही उनकी तकदीर बदली है। इसके लिए वह सदैव प्रदेश सरकार की आभारी रहेंगी।

## भगोड़े विधायकों के सरदार बनकर आए हैं जयराम : सुरेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर तीखे तेवर देखने को मिल रहे हैं। भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता जयराम ठाकुर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि अपने कार्यकाल में हमीरपुर की उपेक्षा करने वाले जयराम ठाकुर का अचानक हमीरपुर से प्रेम जताना राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित है।

उन्होंने जयराम पर भगोड़े विधायकों के सरदार बनकर अपनी पार्टी के नेताओं से स्कोर सेटल करने का आरोप लगाया है। विधायक सुरेश कुमार ने जारी प्रेस बयान में कहा कि जयराम ठाकुर का यह अचानक हमीरपुर प्रेम हमीरपुर जनता को भ्रमित नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि हमीरपुर की जनता पूर्व भाजपा सरकार में उनके साथ हुए सौतेले व्यवहार को अभी तक नहीं भूली है। प्रो. प्रेम कुमार धूमल से अपनी राजनीतिक प्रतिद्वंदिता के चलते जयराम ठाकुर के कार्यकाल में हमीरपुर के सारे विकास कार्य ठप पड़े रहे। पुरानी विकास योजनाओं को भी नजरअंदाज कर दिया गया। सुरेश कुमार ने बताया कि चाहे वह हमीरपुर का बस स्टैंड हो, मेडिकल कॉलेज का मुद्दा हो, या फिर बड़सर और भोरंज की पानी की स्कीमें हों, जयराम ठाकुर ने इनपर कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर का ध्यान विकास से ज्यादा अपनी राजनीतिक लड़ाई पर केंद्रित रहा। विधायक सुरेश कुमार ने एक और चैंकाने वाला दावा करते हुए कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व तक यह संदेश पहुंचा है कि जयराम ठाकुर खुद को मात्र सराज तक सीमित रखे हुए थे। उन्होंने कहा कि अब उसी टैग को हटाने के लिए वह भगोड़े विधायकों के सरदार बनकर पूरे प्रदेश में घूम रहे हैं। सुरेश कुमार ने जयराम ठाकुर को नकारात्मक राजनीति छोड़कर प्रदेश के हित में सरकार के साथ काम करने की सलाह दी।



विधायक कै. रणजीत सिंह ने मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित।

## जंगल विद्यालय में बनेगा कला मंच : कै. रणजीत सिंह

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जंगल के वार्षिक परितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर वुधवार को सुजानपुर विधायक कै. रणजीत सिंह ने शिरकत की।

विधायक का विद्यालय में पहुंचने पर खूब गर्मजोशी के साथ स्वागत अभिनन्दन किया गया। विधायक ने कार्यक्रम से पूर्व बच्चो द्वारा बनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती वंदना व दीप प्रज्वलित से की। विधायक को प्रधानाचार्य व स्टॉफ द्वारा विधायक को शॉल टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बच्चो द्वारा खूब रंगा रंग कार्यक्रम किए गए। इसके उपरांत विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट रखी। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम तो बहुत अच्छे हुए, लेकिन जिस स्थान पर वे कला दिखा रहे है वो मंच आज भी बिना छत के है इसलिए मैं घोषणा करता हूं कि अगला वार्षिक परितोषिक कार्यक्रम नए कला मंच के ऊपर होगा। विधायक ने बच्चो के कार्यक्रमों की खूब प्रशंसा की ।

## पपलाह पंचायत में गाड़ी में लगी आग चालक की सूझबूझ से टली दुर्घटना

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत पपलाह के गांव छतरैल में बुधवार सुबह एक खड़ी ट्राला गाड़ी में अचानक आग लग गई।

आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरा गाड़ी जलकर राख हो गई। गनीमत यह रही कि समय रहते चालक ने गाड़ी से बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। जानकारी के अनुसार, गांव छतरैल निवासी अशोक कुमार पुत्र दीना नाथ ने बताया कि सुबह जब पिकअप गाड़ी नंबर एचपी 72ए -2640 में को स्टार्ट करने की कोशिश की, तो गाड़ी स्टार्ट नहीं हुई और इंजन के पास से स्पार्किंग (चिंगारी) जैसी आवाज आने लगी। उन्होंने तुरंत गाड़ी से उतरकर जब बोनट खोला, तो अचानक तेज धमाके के साथ आग भड़क उठी। अशोक कुमार ने बताया कि उन्होंने तुरंत फायर ब्रिगेड और भोरंज पुलिस थाना को सूचना दी। हालांकि, जब तक फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, तब तक ट्राला पूरी तरह से जलकर खाक हो चुका था। इसके बावजूद फायर ब्रिगेड कर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर नियंत्रण पा लिया और उसे आसपास के क्षेत्रों में फैलने से रोक दिया। स्थानीय ग्रामीणों ने भी आग बुझाने के प्रयास किए, लेकिन गाड़ी में लगी आग इतनी भयंकर थी कि किसी का कुछ नहीं चल पाया। ग्रामीणों ने बताया कि अगर आग थोड़ी देर और लगी रहती, तो आसपास खड़ी अन्य गाड़ियों और घरों को भी नुकसान पहुंच सकता था। इस घटना की पुष्टि करते हुए भोरंज थाना प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलने पर पुलिस दल ने घटनास्थल पर जाकर तथ्यों का सत्यापन किया ,जिसमें पाया गया कि आज वाहन चालक द्वारा स्टार्ट करते समय अचानक धुआं उठने के पश्चात शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। उक्त घटना में किसी व्यक्ति की गलती या लापरवाही नहीं पाई गई तथा चालक को कोई चोट आदि नहीं आई। मामला यांत्रिक कारणवश आग लगने का पाया गया। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## गश्त के दौरान युवक से 87.50 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला पुलिस हमीरपुर के थाना हमीरपुर के अधीन पुलिस सहायता कक्ष भोटा की पुलिस टीम द्वारा गश्त के दौरान राजीव कुमार पुत्र धर्म चंद गांव ननावा डाकघर कडसाई तहसील बड़सर जिला हमीरपुर के कब्जे से 87.50 ग्राम चरस बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए थाना सदर हमीरपुर में एनडीपीएस अधिनियम के अधीन अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## कबड्डी चैंपियनशिप का 15 व 16 को होगा मुकाबला

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के तत्वावधान में सब जूनियर स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन 15 व 16 नवंबर को पीएम श्री शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल हमीरपुर के मैदान में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों की बालक एवं बालिका टीमें भाग लेंगी। कबड्डी एसोसिएशन हमीरपुर के अध्यक्ष डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा और महासचिव पूर्ण कटोच ने बताया कि यह चैंपियनशिप सब जूनियर वर्ग (अंडर-16) के खिलाड़ियों के लिए आयोजित की जा रही है। इसमें लड़कियों का वजन वर्ग 55 किलोग्राम तथा लड़कों का वजन वर्ग 60 किलोग्राम निर्धारित किया गया है।

## डॉ. सुरेंद्र ने जाना पीड़ित परिवार का दर्द

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव भलेठ के मिहाड़पुर में गत दिनों हुई आग की घटना से प्रभावित परिवार के साथ मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन अध्यक्ष व संयुक्त कर्मचारी महासंघ उपाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा मिले। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और पीड़ितों के साथ उनका दुख साझा किया। इस अवसर पर निस्वार्थ भाव सेवा संगठन के सदस्य कुलदीप सिंह राणा, सुनील पिंकू, राजेश, रिंकू भी उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रभावित परिवार के सदस्य राकेश मेहरा, जो दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। मुकेश मेहरा जो होम गार्ड हैं। उन्होंने बताया कि आग से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। इसमें सोने-चांदी के आभूषण भी थे और साथ में बहुत सारी घरेलू सामग्री बिस्तर, गद्दे और उनके साथ उपयोग में होने वाली सारी चीज जलकर राख हो गए। प्रशासन की तरफ से फौरी मदद के तौर पर 5000 रुपए देने का आश्वासन दिया।

## गुरुद्वारा नादौन में खुली लाइब्रेरी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन में स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा दसवीं पातशाही गुरु गोविंद सिंह में लाइब्रेरी खोली गई है। जिसमें विभिन्न प्रकार की धार्मिक पुस्तकें उपलब्ध हैं। इस लाइब्रेरी का उद्घाटन शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के आंतरिक मेंबर डॉक्टर दलजीत सिंह भिंडर ने किया। उन्होंने कहा कि इस लाईब्रेरी में सभी धर्मों की धार्मिक व ऐतिहासिक किताबें, सभी प्रमुख भाषाओं में उलब्ध करवाई जाएंगी। इस अवसर पर तख्त श्री केसगढ़ साहिब के मैनेजर गुरदीप सिंह कांग, एडिशनल मैनेजर संदीप सिंह किलोता, भाषा विभाग पटियाला के डायरेक्टर सरदार चेतन सिंह ,लखविंदर सिंह, ज्ञानी सिमरजीत सिंह ग्रंथी, रघुविंदर सिंह, इंचार्ज सिख मिशन हिमाचल प्रदेश के गुरदीप सिंह चैंता, प्रचारक तेजिंदर सिंह, वरिंदर सिंह गोल्डी ,समूह परिवार सरदार निरंजन सिंह साथी इतिहासकार,प्रिंसीपल डॉ. अवतार सिंह रोपड़,बाबा संगत सिंह ट्रस्ट के ट्रस्टी सरदार गोबिंद सिंह के अलावा काफी संगत उपस्थित रही।

## सासन गांव में हुई रंजना की हत्या के बाद गोलू के लिए केयरटेकर रखने को मिले पंचायत प्रतिनिधि

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**



सासन के प्रतिनिधिमंडल डीसी हमीरपुर को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपते हुए।

**हमीरपुर।** ग्राम पंचायत सासन में 3 नवंबर को शाम के समय एक नाबालिग लड़के ने 40 वर्षीय महिला रंजना पर दराती और डंडे से प्रहार कर घायल कर दिया था।

इस हमले के 5 दिन बाद महिला की पीजीआई में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। महिला की मौत के बाद उसका 18 साल का मानसिक और शारीरिक रूप से दिव्यांग बेटे का ध्यान रखने वाला कोई नहीं है। उसके पिता भी इतने सक्षम नहीं हैं, कि वे बेटे की सही से देखभाल कर सकें। इसी समस्या को लेकर ग्राम पंचायत सासन के प्रतिनिधि और गांव वाले, महिला मंडल सासन के सदस्य बुधवार को पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर और उपायुक्त हमीरपुर से मिले। गांव वालों के साथ गोल के पिता विजय कुमार भी साथ थे। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि गोलू उर्फ वीरेंद्र का घर में देखभाल करने वाला कोई नहीं है इसलिए उसके लिए केयर टेकर की व्यवस्था की जाए। हालांकि रंजना के परिवार की मदद के लिए कई संस्थाएं आगे आ रही हैं, लेकिन वो भी दिन के समय ही इसकी देखभाल करेंगी। रात के समय इसकी देखभाल करने वाला कोई नहीं है जिससे परिवार को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा झनियारी में पुलिस की स्थाई चौकी खोली जाए जिससे कानून व्यवस्था बनी रहे। सासन पंचायत में हुई इस घटना के बाद महिलाएं घास लाने से भी डर रही है इसलिए सासन पंचायत के मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी लगाए जाएं। पंचायत प्रधान अंजना धीमान ने बताया कि जिस नाबालिग ने महिला की हत्या की है वो ग्राम पंचायत सासन का नहीं है वो साथ लगती दड़ूही पंचायत का है। जिसे बार बार सासन पंचायत का बताया जा रहा है। उपायुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि क्षेत्र के मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगा दिए जाएंगे और पुलिस चौकी खोलने के लिए जमीन उपलब्ध करवाने की बात कही। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी हमीरपुर को प्रतिदिन क्षेत्र में गश्त करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा पंचायत प्रतिनिधियों ने उपायुक्त को बताया कि हमारी पंचायत नगर निगम में आ गया है जिसकी वजह से गांव में जो लाइटें लगवानी हैं उनके लिए बजट नहीं आ रहा है। इस प्रतिनिधिमंडल में ग्राम पंचायत सासन की प्रधान अंजना धीमान, उप प्रधान अरूण कुमार, वार्ड पंच विकास ठाकुर, आदि उपस्थित रहे।

## 'युवा बचाओ भविष्य बचाओ' कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, नादौन।** ग्राम पंचायत पुतड़ियाल के स्कूल प्रांगण में हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति द्वारा युवा बचाओ-भविष्य बचाओ अभियान (कला जथा 2025) का आयोजन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करना और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर सीडीपीओ नादौन गर्ग, प्रधान ग्राम पंचायत पुतड़ियाल मनोज कुमार, यूथ क्लब पुतड़ियाल के सभी सदस्य तथा ज्ञान विज्ञान समिति के सदस्य संसार चंद उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से चिट्टे जैसे नशों के खतरों और उनके दुष्प्रभावों के बारे में युवाओं को जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों ने युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## अश्विनी 'आप' के जिला ऑब्जर्वर नियुक्त

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** आम आदमी पार्टी ने अश्विनी कुमार शर्मा को ऑब्जर्वर जिला हमीरपुर नियुक्त किया है। इस अवसर पर अश्विनी कुमार शर्मा ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह नियुक्ति, जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ा दायित्व भी है। उन्होंने कहा कि मैं धन्यवाद करता हूं आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, हिमाचल प्रदेश के प्रभारी ऋतुराज गोविंद, सह प्रभारी अजय राजपूत तथा आम आदमी पार्टी के सभी समर्पित साथियों का जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताते हुए ये अहम जिम्मेदारी सौंपी है। अश्वनी शर्मा ने कहा कि वह पूरी निष्ठा मेहनत और ईमानदारी के साथ इस दायित्व का निर्वहन करूंगा।

## फेसबुक पर फर्जी आर्थिक सहायता के लिए डाली पोस्ट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** स्पेशल स्कूल पहचान सलासी अध्यक्ष चेतना शर्मा ने लिखित में शिकायत दी है कि गोलू निवासी गांव सासन जो कि एक विशेष रूप से अक्षम लड़का है उसके नाम और पहचान का दुरुपयोग कर जनता से फर्जी फंड एकत्र करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर एचएनएम क्रेटिव सोलूयशन नाम के हैंडलर द्वारा एक फर्जी पोस्ट डाली गई है, जिसमें क्यूआर कोडस्कैनर लगाकर लोगों से आर्थिक सहायता के रूप में भुगतान करने की अपील की गई है। इस पोस्ट को अधिक विश्वसनीय दिखाने के उद्देश्य से गोलू और शिकायतकर्ता चेतना शर्मा की एक तस्वीर का भी दुरुपयोग उक्त अज्ञात हैंडलर के द्वारा किया गया है। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।



## आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा करता हूं भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

**आत्मा सिंह, विशेष संवाददाता**
**रामपुर बुशहर/कुमारसैन**
**मो. 9817603840**

# अंतरराष्ट्रीय लवी मेला -2025



अंतरराष्ट्रीय लवी मेला -2025 की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**EXPENDITURE/FUND DISBURSED DETAIL IN ALL HEADS UNDER DEV. BLOCK RAMPUR FY 2024-25**

| NRLM | | SBM | |
|---|---|---|---|
| Revolving Fund to CBOS | 9.75 | Total Expenditure | 37.51 |
| Startup Fund for CBO's | 3.65 | **MGNREGA** | |
| Community Invest Fund for CBO's | 43.00 | Total Expenditure | 2108.88 |
| Fund for PG's | 4.00 | Total Works taken upto 31.03.2025 | 1581 |
| VRF | 3.00 | Total Mandays Generated | 613492 |
| Credit Mobilization | 318.00 | | |
| Total Fund Disbursed | 381.40 | | |

**Block Dev. Office, Dev. Block Rampur**

अंतरराष्ट्रीय लवी मेला -2025 की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**रतन डोगरा**
प्रधान
ग्राम पंचायत कुट
एवं अध्यक्ष
प्रधान परिषद 15/20

अंतरराष्ट्रीय लवी मेला -2025 की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

## AVINASH EYE HOSPITAL



Dr. Avinash Negi

**KNOW YOUR DOCTOR**

**Dr. Avinash Negi**
has performed over 7000 successful cataract surgeries and treated over 65000 patients in past 6 years after completing his Masters of Surgery in Ophthalmology from prestigious Advance eye center PGIMER CHD. He has a vast and rich experience of 12 years in treating routine and emergency patients as a general physician Post MBBS in Department of health and family welfare Himachal Pradesh. He served in Regional Hospital Kinnaur at Peo for another 5 years and made entire District Cataract backlog free. With the intention and compassion of proving world-class quality and affordable eye care services to his patients in this region he decided to start his own eye hospital.

**SPECIALITY INTEREST**
❑ Topical Phacoemulsification surgery for cataract (painless cataract surgery) ❑ Fibrin glue (Baxter Switzerland) assisted (sutureless) pterigium autograft surgery with minimum recurrence rates with best cosmetic results. ❑ All kinds of eyelid injury/laceration repairs, open globe injury repair Intravitreal injections(ranibizumab, orzudex implant) for retinal diseases. ❑ Dry eye workup and treatment. ❑ Nd-Yag Laser capsulotomy for after cataracts and laser peripheral iridotomy forangle closure glaucoma. ❑ ROP screening of premature babies.

## SPRINGDALE BOARDING
SCHOOL RAMPUR BUSHAHR/ BAYAL

+91 9816077066
Official@springdalerampur.in
www.Springdalerampur.in



आप सबको अंतरराष्ट्रीय लवी मेला 2025 की हार्दिक शुभकामनाएँ!
यह ऐतिहासिक मेला आपके जीवन में खुशियाँ, उत्साह और समृद्धि लेकर आए।
शुभकामनाओं सहित

Er. Manish Anand
Principal Cum M.D.

**REGISTRATION OPEN FOR SESSION 2026**

## DAV SJVN PUBLIC SCHOOL DUTTNAGAR
EXPLORE-LEARN-GET CREATIVE



Wishes you a very Happy
International
LAVI FAIR 2025

"SHAPING YOUR FUTURE"
Mob: 7650033178
Website: www.davduttnagar.org

## DAV PUBLIC SCHOOL RAMPUR BUSHAHR
principalrampur004@gmail.com
www.davrampur.org
PH. : 9418053124, 01782233178



QUALITY CLASSES FOR KIDS
**OUR FEATURES**
- Academic Excellence
- Holistic Education
- Qualified Faculty
- Modern Facilities
- Value and Ethics
- Student-Centric Approach
- Extracurricular Activities
- Fully Air-Conditioned Classrooms
- English Speaking Environment

**BEST WISHES LAVI FAIR 2025**

अंतरराष्ट्रीय लवी मेला -2025 की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

## THE MAHESH REGENCY



Special Arrangement for Marriage & Parties
NEW NIRSU, RAMPUR BUSHAHR, DISTT. SHIMLA (H.P.)
Mob.: 94592-02255, 92185-44255, 92186-44255
E-mail: maheshregencynirsu09@gmail.com
Website: www.maheshregency.com



## Hotel MAHESH
BAR, RESTAURANT & BANQUET HALL
JHAKRI, RAMPUR BUSHAHR (SITUATED ON NH-5)
Mob.: 98572-76928, 88943-20255, 92185-44255, 92186-44255, 94180-75355,
E-mail: dushudev@gmail.com


अंतरराष्ट्रीय लवी मेला -2025 की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

## NAVKIRAN EYE HOSPITAL
Cataract Surgery
Glaucoma Surgery
Cornea Transplant

NH-5 NIRSU, TEH. RAMPUR
DISTT. SHIMLA (H.P) 172001
+91 70183 11931, +91 77460 00094



# अंतरराष्ट्रीय लवी मेला -2025
## की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



Dr. R.S. Minhas, Chairman
## Himalayan Organization Organic Agri. Product Research & Development (HIMOARD)

PRESIDENT
## Stone Fruit Growers Association of India
*(Ministry of Agri. Govt. of India)*

Khaneri Rampur Bsr. Shimla H.P. 172001, Tel.: +91-1782-233643, Mob.: +91 9418034928
E-mail: drrsminhas@gmail.com, himoard@gmail.com, Website: www.himoard.net

# बुशहर बी.एड. संस्थान नोगली (कलना)



की तरफ से
समस्त प्रदेशवासियों को अंतरराष्ट्रीय लवी मेले की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



| पवन आनंद | हितेन्द्र गुप्ता | ई. राजीव शर्मा | डॉ. तिलक राज भारद्वाज |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | कोषाध्यक्ष | सचिव | प्राचार्य |

## न्यूज़ ब्रीफ

### राजेश धर्माणी 14 को जुब्बल-शिमला प्रवास पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी 14 और 15 नवंबर को जुब्बल तथा शिमला के प्रवास पर रहेंगे। 14 नवंबर को वह प्रातः 11 बजे जुब्बल में सिटी लाइवलीहुड सेंटर (सीएलसी) भवन का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान वे पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे और जनता की शिकायतें भी सुनेंगे। इसके बाद दोपहर 3 बजे वे प्रगतिनगर (गुम्मा) में अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (एबीवीजीआईईटी) में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। 15 नवंबर को तकनीकी शिक्षा मंत्री प्रातः 10.30 बजे रिज शिमला में 'चिट्टे के खिलाफ अभियान' में भाग लेंगे। इसके उपरांत शाम 5 बजे वे बाल आश्रम टुटीकंडी में आयोजित राज्य स्तरीय सांस्कृतिक सम्मेलन में मुख्यातिथि के रूप में शामिल होंगे।

### कोटी-जुन्गा में आज और कल बिजली बंद रहेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** कोटी और जुन्गा क्षेत्र के अनेक गांवों में आगामी 13 और 14 नवंबर को बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। यह पावर कट 11 केवी जोघो फीडर की आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते निर्धारित किया गया है। विद्युत उपमंडल जुन्गा के सहायक अभियंता यशवंत सिंह ने बताया कि 13 नवंबर को जुन्गा फीडर के अंतर्गत आने वाले गांव भड़ेच, शरोटी, दलयाणा, शाटली, डवारू, छलेडा, भलावग, पुराना जुन्गा और कढियार में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी, जबकि जोघो-कोटी फीडर के गांव कनोग, झंडी, जुग्गर, कटेया, मझार, सेरी, चिखर और सतलाई में भी विद्युत सेवा बाधित रहेगी। इसी प्रकार 14 नवंबर को जुन्गा शहर, क्याणा, खड़कीधार, क्यारी, महेंझ, नागरी, यान, कोट चंबी, भाड़, डोगरापुर, चढ़ाउ केनची, ठूंड, अंकित स्टोन क्रशर, सेरगाता और नील सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि यह कार्य मौसम की स्थिति पर निर्भर करेगा। सहायक अभियंता ने लोगों से अपील की कि वे सामान्य विद्युत आपूर्ति को बहाल रखने के लिए बिजली बोर्ड के साथ सहयोग करें।

### ठियोग में कार खाई में गिरी, दो घायल

**अनंत ज्ञान, शिमला।** जिला शिमला के ठियोग विधानसभा क्षेत्र में बुधवार सुबह एक सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा ठियोग के संधू के नजदीक मंदिर के पास हुआ, जहां एक कार (नंबर एचपी 09बी 3274) अनियंत्रित होकर गहरी खाई में लुढ़क गई। कार में सवार दोनों युवकों की पहचान राहुल और लोकेंद्र के रूप में हुई है, जो गांव कथोग के रहने वाले हैं। हादसे में दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल ठियोग पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें आईजीएमसी शिमला रैफर कर दिया। ठियोग पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### एबीवीपी ने मनाई सुनील उपाध्याय की पुण्यतिथि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश द्वारा आज प्रदेशभर में परिषद के प्रखर नेता और राष्ट्रवादी विचारक स्वर्गीय सुनील उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर संगोष्ठियों का आयोजन किया गया। राजधानी शिमला में आयोजित मुख्य कार्यक्रम विश्वविद्यालय के साइंस हॉल में हुआ, जहां बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। इकाई अध्यक्ष अक्षय ठाकुर ने कहा कि सुनील उपाध्याय जी ने विद्यार्थी राजनीति को समाज और राष्ट्र सेवा से जोड़ा और युवाओं में देशभक्ति की भावना जगाई। मुख्यातिथि प्रो. शिव कुमार डोगरा ने कहा कि सुनील उपाध्याय केवल एक संगठनात्मक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा थे। उन्होंने युवाओं को निष्ठा, अनुशासन और सेवा का मार्ग दिखाया। डोगरा ने कहा कि उनके जीवन की सरलता और समर्पण आज भी प्रेरणा का स्रोत हैं। संगोष्ठी में उपस्थित कार्यकर्ताओं और विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे उपाध्याय जी के आदर्शों पर चलकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएंगे।

### लवी मेले में छात्रों ने बटोरी वाहवाही

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** ऐतिहासिक लवी मेला 2025 के दूसरे दिन रामपुर का पूरा माहौल लोक संस्कृति और परंपरा के रंगों से सराबोर हो गया। स्थानीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने मंच पर ऐसे मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए कि दर्शक तालियों की गूंज से पंडाल गुंजायमान कर उठे। लोकगीतों, नाट्य प्रस्तुतियों और नृत्य कार्यक्रमों में हिमाचल की समृद्ध परंपरा, वेशभूषा और लोक जीवन का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। सांझ के समय सतलुज नदी के किनारे बसे इस ऐतिहासिक नगर में जब सूर्य ढलने लगा तो मेले का नजारा और भी आकर्षक हो गया। जगमग रोशनी, लोक वाद्यों की धुन और बच्चों की ऊर्जा ने माहौल को और जीवंत बना दिया। दर्शकों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई और कलाकारों का हौसला बढ़ाया। लवी मेले का यह दूसरा दिन पूरी तरह संस्कृति, परंपरा और युवाओं की प्रतिभा को समर्पित रहा।

### सरकार ने एक भी जन कल्याणकारी योजना नहीं की शुरू : बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार अपने तीन वर्ष के कार्यकाल के बाद भी पूरी तरह असहाय नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अब तक एक भी नई जनकल्याणकारी योजना शुरू नहीं की है और लगातार पूर्व भाजपा सरकार की योजनाएं बंद करने में जुटी हुई है। डॉ. बिंदल ने आरोप लगाया कि हिमकेयर जैसी लाभकारी योजना बंद करने के बाद भी सरकार कोई नई स्वास्थ्य योजना नहीं ला पाई, जबकि आयुष्मान भारत योजना का लाभ भी प्रदेशवासियों तक नहीं पहुंच रहा है। 108 एंबुलेंस सेवा अव्यवस्थित हो चुकी है और मरीजों को समय पर सहायता नहीं मिल रही। बिंदल ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि वे व्यवस्था परिवर्तन नहीं बल्कि व्यवस्था पतन कर रहे हैं।

# जुब्बल-कोटखाई की विकास कार्यों से बदल रही तस्वीर : शिक्षा मंत्री

## रामनगर में पंचायत भवन का लोकार्पण और स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर रामनगर में पंचायत भवन का लोकार्पण करते हुए।

**शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि जुब्बल-नावर-कोटखाई क्षेत्र में विकास कार्यों की रफ्तार ने एक नया इतिहास रच दिया है। क्षेत्र के गांव-गांव में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हो रहा है, जिससे लोगों का जीवन स्तर निरंतर बेहतर बन रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के प्रयासों से प्रदेश के हर कोने में विकास की धारा पहुंच रही है और जनता का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

अपने कोटखाई प्रवास के दौरान रोहित ठाकुर ने ग्राम पंचायत रामनगर में 35 लाख 50 हजार रुपए की लागत से निर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इस भवन के निर्माण से पंचायत कार्यों की दक्षता बढ़ेगी और स्थानीय लोगों को अधिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। उन्होंने 2 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर के भवन कार्य का निरीक्षण भी किया। यह केंद्र शीघ्र ही जनता को समर्पित किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को घर-द्वार पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी।

उन्होंने बताया कि जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के निर्माण और मरम्मत पर 500 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं, जिससे संपर्क व्यवस्था और पर्यटन दोनों को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 300 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जबकि पिछली सरकार के समय एक भी नई सड़क की स्वीकृति नहीं मिली थी। बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 7 करोड़ रुपए से हुली में 66 केवी सब-स्टेशन को जोड़ा जा रहा है और 5 करोड़ रुपए से गुम्मा में नियंत्रण केंद्र का निर्माण शुरू किया जाएगा। इसके अलावा 53 करोड़ रुपए से बिजली व्यवस्था को आधुनिक रूप देने का कार्य जारी है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि कोटखाई क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि आगामी समय में यहां स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल क्षेत्र में और भी बड़े प्रोजेक्ट लागू किए जाएंगे।

### शिक्षा मंत्री का चार दिवसीय प्रवास 14 से

**शिक्षा** मंत्री का चार दिवसीय प्रवास कार्यक्रम 14 से 17 नवंबर तक जारी रहेगा। इस दौरान वह जुब्बल-कोटखाई, रोहड़ू और चौपाल विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न विकास परियोजनाओं का निरीक्षण करेंगे। 14 नवंबर को वह जुब्बल में तकनीकी शिक्षा मंत्री के साथ कार्यक्रमों में भाग लेंगे, जबकि 15 नवंबर को झड़ग पंचायत में पंचायत भवन और सामुदायिक केंद्र का उद्घाटन करेंगे। 16 नवंबर को वह वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खद्दर में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल होंगे और 17 नवंबर को पुडग में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन कार्य का निरीक्षण कर धंदरोटी नाला से कैमली गांव तक संपर्क सड़क का उद्घाटन करेंगे। प्रवास के दौरान मंत्री जनता की शिकायतें भी सुनेंगे और पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे।

# सीएम सुक्खू ने शिमला में रखी हिमाचली हाट की आधारशिला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बुधवार को शिमला में लिफ्ट के समीप हिमाचली हाट की आधारशिला रखते हुए।

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को राजधानी शिमला में लिफ्ट के समीप हिमाचली हाट की आधारशिला रखी। यह हाट ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं द्वारा तैयार स्थानीय उत्पादों को बिक्री का मंच प्रदान करेगा। राज्य सरकार ने इस परियोजना के लिए लगभग दो करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। इसमें 25 दुकानों का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल महिलाओं की आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ठोस कदम है, जिससे उन्हें आर्थिक सशक्तिकरण का अवसर मिलेगा।

### लिफ्ट के समीप बनेगा 25 दुकानों वाला हाट, ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों को मिलेगा मंच

सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। हिमाचली हाट भी उसी श्रृंखला का हिस्सा है। पिछले वर्ष हिम इरा उत्पादों ने ऑनलाइन माध्यम से 25 लाख रुपए का कारोबार किया था और अब इस पहल को और विस्तार दिया जाएगा, ताकि हिमाचली उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हाट के संचालन, प्रशिक्षण और विपणन के लिए समन्वित योजना तैयार की जाए।

उन्होंने कहा कि यह हाट न केवल ग्रामीण महिलाओं बल्कि स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को भी अपने हुनर को प्रदर्शित करने का मंच देगा। इससे पारंपरिक हस्तशिल्प, बांस व ऊनी उत्पादों जैसे हिमाचली सामानों की बिक्री बढ़ेगी और राज्य की लोक कला को नई पहचान मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विपक्षी नेता जयराम ठाकुर के बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा में गुटबाजी है और उसके नेता आपसी वर्चस्व की लड़ाई में उलझे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनता के हित में कार्य कर रही है और विपक्ष केवल बयानबाजी में व्यस्त है।

# सीएम सुक्खू ने राज्यपाल से प्रदेश के मुद्दों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



राज्यपाल शुक्ल से शिष्टाचार भेंट करते मुख्यमंत्री सुक्खू।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार सुबह राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान प्रदेश के विकास, प्रशासनिक कार्यों और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को सरकार की प्राथमिकताओं और चल रही विकास योजनाओं की जानकारी दी। बैठक को दोनों नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण और सकारात्मक माना जा रहा है।

राजभवन में मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री सुक्खू ने बताया कि हिम-ईरा के माध्यम से पहली बार महिलाओं को फूड वैन उपलब्ध करवाई जा रही है, जिससे वे स्वरोजगार के अवसर पा सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष

### महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में हिम-ईरा की पहल

और 60 वैन महिलाओं को दी जाएंगी, ताकि उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सुरक्षा को लेकर भी प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं और 11 दिसंबर को सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर राज्यस्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर तनाव में हैं और हर दिन बयानबाजी कर रहे हैं, क्योंकि भाजपा अब पांच गुटों में बंट चुकी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने शराब ठेकों की नीलामी से एक वर्ष में 600 करोड़ रुपए की आय अर्जित की, जबकि पूर्व सरकार ने चार वर्षों में केवल 400 करोड़ रुपए ही जुटाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने लोकतंत्र को खरीदने की कोशिश की थी, लेकिन जनता ने कांग्रेस सरकार को पुनः मजबूत समर्थन दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुक्खू ने महान शिक्षाविद्, स्वतंत्रता सेनानी और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मदन मोहन मालवीय की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# शिमला में अतिक्रमण हटाने गए निगम कर्मी पीटे

## दुकानदारों ने की गाली-गलौज और मारपीट, कमिश्नर बोले-बख्शेंगे नहीं जाएंगे आरोपी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में बुधवार दोपहर मॉल रोड पर नगर निगम कर्मचारियों पर हमला हो गया। अतिक्रमण हटाने पहुंचे निगम कर्मियों को दुकानदारों ने खदेड़ दिया और उनके साथ गाली-गलौज व मारपीट की। घटना के दौरान निगम का एक कर्मचारी बुरी तरह पिट गया, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

नगर निगम शिमला के आयुक्त भूपेंद्र अत्री ने इस मामले पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि मारपीट करने वाले दुकानदारों पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। निगम कर्मी अपनी ड्यूटी निभा रहे थे और उनके साथ दुर्व्यवहार किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पुलिस की सहायता से की जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

जानकारी के अनुसार, निगम की टीम मॉल रोड पर दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण को हटाने गई थी। जैसे ही कर्मचारियों ने दुकानों के बाहर रखा सामान हटाना शुरू किया, दुकानदारों ने विरोध शुरू कर दिया और कुछ ही देर में स्थिति बिगड़ गई। बहस के बाद दुकानदारों ने निगम कर्मियों को धक्का-मुक्की करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मौके पर हंगामा बढ़ता देख निगम टीम को पीछे हटना पड़ा।

### पहले भी दिए जा चुके हैं कई निर्देश

**निगम** आयुक्त ने बताया कि मॉल रोड के दुकानदारों को पहले भी कई बार अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए जा चुके हैं, लेकिन बार-बार चेतावनी के बावजूद स्थिति नहीं सुधरी। उन्होंने कहा कि मॉल रोड पर किसी भी दुकानदार को अतिक्रमण की अनुमति नहीं दी जाएगी, चाहे वह कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो। शिमला के सौंदर्य और व्यवस्था को बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी

# हर भारतीय को एआई साक्षरता से सशक्त बनाना लक्ष्य : अनुराग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



दिल्ली विश्वविद्यालय के दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म पर आधारित विषय पर बोलते हुए सांसद अनुराग सिंह ठाकुर।

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत को विकसित भारत 2047 के लक्ष्य तक पहुंचाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक प्रमुख प्रेरक शक्ति बनेगी। वे दिल्ली विश्वविद्यालय के दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म में एआई फॉर एवरीवन टूल्स, स्किल्स एंड एथिक्स विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। ठाकुर ने कहा कि हर भारतीय को एआई साक्षर बनाना समय की आवश्यकता है और इससे देश एक वैश्विक एआई शक्ति के रूप में उभरेगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सदैव तकनीक को जनकल्याण से जोड़ने की प्रेरणा दी है। मोदी जी का यह दृष्टिकोण रहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग शासन, विकास और जनता से जुड़ाव को मजबूत करने में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे स्वयं एक ऐसे 'पर्सनलाइज्ड एआई सिस्टम' पर काम कर रहे हैं जो उन्हें अपने संसदीय क्षेत्र की समस्याओं और प्राथमिकताओं को बेहतर समझने में मदद करेगा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी अपील की कि वे इस तकनीक का लाभ लेकर लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करने के प्रयास तेज करें।

उन्होंने बताया कि भारत 2030 तक एआई नवाचार का वैश्विक केंद्र बनने की दिशा में अग्रसर है। देश का लक्ष्य 2 करोड़ छात्रों और पेशेवरों को एआई की बुनियादी शिक्षा देना और एक करोड़ युवाओं को उन्नत एआई व डेटा इंजीनियरिंग कौशल से प्रशिक्षित करना है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता, संचार और मीडिया क्षेत्र में एआई टूल्स के व्यावहारिक उपयोग से पारदर्शिता और दक्षता दोनों में वृद्धि होगी।

# वाटरशेड महोत्सव में 50 हजार तक के पुरस्कार जीतने का मौका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा भूमि संरक्षण, जल संवर्धन और पर्यावरण संतुलन को समर्पित वाटरशेड महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव देशभर में ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार की पहल पर 11 नवंबर से 16 दिसंबर तक मनाया जा रहा है। महोत्सव का उद्देश्य भूमि और जल संसाधनों के संरक्षण के साथ-साथ जनसहभागिता को बढ़ावा देना है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में सतत विकास की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें।

महोत्सव के तहत राज्य के सभी ब्लॉकों में, जहां प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत वाटरशेड विकास घटक 2.0 लागू है, विभिन्न जनजागरूकता और रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में भूमि पूजन, लोकार्पण समारोह, वाटरशेड पुनरुत्थान मिशन का शुभारंभ, प्रभात फेरियां, नारा लेखन, रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिताएं शामिल हैं। महोत्सव के दौरान विभाग द्वारा एक ऑनलाइन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रतिभागियों से वाटरशेड विकास से जुड़ी रील्स और फोटोग्राफ्स आमंत्रित किए जाएंगे। प्रतियोगिता के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे तीन सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों को 50,000 रुपए का पुरस्कार मिलेगा, जबकि चुने गए 50 उत्कृष्ट फोटोग्राफ्स को 1,000 रुपए प्रति फोटोग्राफ का इनाम दिया जाएगा।

### वाटरशेड पुनरुत्थान मिशन बनेगा केंद्र बिंदु

**महोत्सव** का मुख्य आकर्षण रहेगा वाटरशेड पुनरुत्थान मिशन, जिसके अंतर्गत पूर्व में वाटरशेड विकास घटक 1.0 के तहत किए गए कार्यों का जीर्णोद्धार और मरम्मत की जाएगी। इसके साथ ही स्थानीय समुदाय द्वारा विकसित संरचनाओं को सुदृढ़ किया जाएगा, ताकि जल संरक्षण की क्षमता बढ़ सके और अधिक से अधिक ग्रामीण लाभान्वित हो सकें।

# शिक्षा से निखरता व्यक्तित्व संवरता समाज : विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

### लोक निर्माण मंत्री ने गेयटी थियेटर में दयानंद पब्लिक स्कूल के मेधावी स्टूडेंट्स किए सम्मानित




मंत्री विक्रमादित्य सिंह मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए।

हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि शिक्षा न केवल ज्ञान प्राप्ति का माध्यम है बल्कि यह व्यक्तित्व विकास, चरित्र निर्माण और समाज की बेहतरी की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि शिक्षा बच्चों को जीवन की चुनौतियों का सामना करने, सही निर्णय लेने और समाज के प्रति संवेदनशील बनने की क्षमता प्रदान करती है। वह आज गेयटी थियेटर, शिमला में दयानंद पब्लिक पाठशाला द्वारा आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए।

**शिक्षा से ही बनेगा मजबूत समाज:** मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने समारोह में उपस्थित बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही किसी देश और समाज की असली पूंजी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सरकारी और निजी शिक्षण संस्थानों के बीच की खाई को पाटने के लिए शिक्षा के नियमों में सुधार कर रही है, ताकि सभी बच्चों को समान गुणवत्ता वाली शिक्षा मिल सके। उन्होंने कहा कि ज्ञान और मूल्यों से समृद्ध शिक्षा ही बच्चों को नशे जैसी बुराइयों से दूर रख सकती है और उन्हें राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान देने के लिए प्रेरित करती है। विक्रमादित्य सिंह ने बच्चों से आग्रह किया कि वे नशे से दूर रहकर सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें।

उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए स्पष्ट लक्ष्य, मेहनत और अनुशासन का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि दयानंद पब्लिक स्कूल शहर के श्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों में से एक है।

# हिमाचल में रातें हुईं ज्यादा सर्द मैदानी इलाके शिमला से भी ठंडे

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में ठंड का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। दिन में धूप निकलने के बावजूद रातें काफी सर्द हो गई हैं। मैदानी और मध्यम पर्वतीय शहरों में तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई है। खास बात यह है कि कांगड़ा, सुंदरनगर और हमीरपुर जैसे निचले इलाकों में रात का तापमान राजधानी शिमला से भी नीचे पहुंच गया है, जिससे इन क्षेत्रों में ठिठुरन बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार रात से बुधवार सुबह तक सबसे कम तापमान जनजातीय जिले लाहौल-स्पीति के ताबो में -4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी जिला के मुख्यालय केलांग में -3.0 डिग्री और कुकुमसेरी में -2.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। किन्नौर जिला के कल्पा में पारा 0.2 डिग्री और रिकांगपिओ में 3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। हिल स्टेशन मनाली में तापमान 2.7 डिग्री पहुंच गया।

राजधानी शिमला में न्यूनतम तापमान 9.0 डिग्री व कुफरी में 7.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि कांगड़ा में यह 5.8, सुंदरनगर में 5.3, हमीरपुर में 6.0 डिग्री और ऊना में 8.5 डिग्री सेल्सियस रहा। इसका मतलब है कि मैदानों का पारा अब पहाड़ी राजधानी से नीचे चला गया है। सोलन में न्यूनतम तापमान 5.3, पालमपुर में 5.0, मंडी में 7.6, बिलासपुर में 9 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

धर्मशाला और नाहन में न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री, नारकंडा में 4.7, भरमौर में 5.2 और कसौली में 11.5 डिग्री रहा। सिरमौर जिला का पांवटा साहिब साहिब प्रदेश में सबसे गर्म रहा, जहां रात का तापमान 14 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। बीती रात राज्य के औसतन न्यूनतम तापमान में 0.4 डिग्री की गिरावट आई और यह सामान्य से 1.5 डिग्री नीचे रिकार्ड किया गया।

मौसम विभाग ने बताया कि प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तापमान सामान्य से एक से तीन डिग्री कम चल रहा है। पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में सुबह और शाम ठंडी हवाएं चलने लगी हैं। हालांकि, 18 नवंबर तक राज्य में कहीं भी बारिश व बर्फबारी की संभावना नहीं है। आज राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में मौसम शुष्क और साफ बना हुआ है। कई स्थानों पर धूप खिलने से दिन में हल्की राहत मिल रही है, लेकिन रात के तापमान में और गिरावट आने के आसार हैं। बिलासपुर और सुंदरनगर में सुबह के समय हल्का कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता प्रभावित हुई।

**बैठक** चिकित्सा उपकरणों की खरीद त्वरित, विश्वसनीय और पारदर्शी होनी चाहिए

# मंत्री डॉ. शांडिल ने स्वास्थ्य संस्थानों तक अत्याधुनिक मशीनरी पहुंचाने के दिए निर्देश

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



स्वास्थ्य मंत्री डॉ. शांडिल शिमला में उच्च स्तरीय खरीद समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

**शिमला।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने बुधवार को उच्च स्तरीय खरीद समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि चिकित्सा से संबंधित उपकरणों और आपूर्तियों की खरीद प्रक्रिया तेज, पारदर्शी और पूरी तरह विश्वसनीय होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निविदा और खरीद प्रक्रिया में अनावश्यक देरी न हो तथा स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की बाधा न आए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक स्वास्थ्य संस्थान में गुणवत्तापूर्ण उपकरण, डायग्नोस्टिक और लैब सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं राज्य के सबसे दूरदराज क्षेत्रों तक सुनिश्चित की जानी चाहिए और इसके लिए सरकार अत्याधुनिक मशीनरी उपलब्ध करवाने के प्रयासों में जुटी है।

स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि उपकरणों की खरीद और स्थापना का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि निजी सेवा प्रदाताओं या बाहरी संस्थानों पर निर्भरता को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में स्वास्थ्य ढांचे को आधुनिक और सशक्त बनाने के लिए सरकार ठोस कदम उठा रही है।

### विश्वसनीय तंत्र किया जाएगा विकसित

**राज्यभर** में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और मजबूती को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है तथा स्वास्थ्य क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करने में किसी भी प्रकार की वित्तीय कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति निर्बाध, त्वरित और पारदर्शी रूप से हो, जिसके लिए एक विश्वसनीय तंत्र विकसित किया जाएगा।

# शादी समारोह में एक लाख का कैमरा चोरी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** रोहड़ू उपमंडल के तहत चिड़गांव थाना क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान फोटोग्राफी करने गए एक व्यक्ति का कैमरा लेंस चोरी हो गया। इसे लेकर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 और 331(4) के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिकायतकर्ता पंकज सूद निवासी राजगढ़, जिला सिरमौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 24 अक्तूबर को वह भाटवाड़ी गांव में एक विवाह समारोह में फोटोग्राफी के लिए गया था। वहां पर उसके साथ एक अन्य फोटोग्राफर सुरजीत ठाकुर निवासी जिला पटियाला पंजाब भी आया हुआ था। शिकायत के अनुसार शादी के दौरान अनिल कुरला के घर में जहां दोनों फोटोग्राफर ठहरे हुए थे, वहां से पंकज सूद का 85 मिमी सोनी जी मास्टर कैमरा लेंस चोरी हो गया। इस लेंस की कीमत लगभग 1,07,220 रुपए बताई गई है। पंकज ने आरोप लगाया कि उक्त लेंस सुरजीत ने चुरा है। मामले की जांच थाना चिड़गांव के अंतर्गत पुलिस चौकी झंगला के मुख्य आरक्षी दीपक को सौंपी गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सड़कों पर फिर उतरे ठेकेदार, निकाली रैली

## वित्त विभाग पर लगाया पिक एंड चूज नीति के तहत कार्य करने का आरोप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

जिला मुख्यालय धर्मशाला में एक बार पुन: बुधवार को ठेकेदारों ने सड़क़ों पर उतरकर प्रदर्शन किया और रैली निकाली। कोतवाली बाजार स्थित गांधी वाटिका से डीसी कार्यालय तक रैली निकालकर सरकार को ज्ञापन भेजा गया। ठेकेदारों ने वित्त विभाग पर पिंक एंड चूज नीति के तहत कार्य करने के आरोप लगाए हैं। ठेकेदारों का आरोप है कि विभिन्न विभागों में ठेकेदारों के करीब 500 करोड़ रुपये के कार्यों के बिल नहीं बन पाए हैं। ट्रेजरी में भेजे गए टोकन भी पास नहीं हो पा रहे हैं, जिससे ठेकेदार आर्थिक तंगी झेल रहे हैं। आलम यह है कि जिन ठेकेदारों ने लोन लेकर कार्य पूरे किए हैं, वे बैंक से ब्लैकलिस्ट और एनपीए हो रहे हैं। रैली का आयोजन ठेकेदारों द्वारा हाल ही में गठित संघर्ष समिति के बैनर तले किया गया। संघर्ष समिति के अध्यक्ष गोल्डी ने कहा कि सरकार को पहले भी ज्ञापन भेजकर 12 दिन का अल्टीमेटम दिया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिस कारण उन्हें पुन: सडक़ों पर उतरना पड़ा। गोल्डी ने आरोप लगाया कि प्रदेश का वित्त विभाग पिक एंड चूज की नीति के तहत कार्य कर रहा है। मंडी, शिमला, सिरमौर में ठेकेदारों को भुगतान कर दिया गया है, जबकि जिला कांगड़ा में अभी तक भुगतान नहीं किया गया है। यहां तक कि दीपावली को भी भुगतान नहीं किए गए और दो साल से भुगतान नहीं किए जा रहे हैं।

गोल्डी ने कहा कि हाल ही जानकारी मिली थी कि सीएम ने कहा था कि सी और डी श्रेणी के ठेकेदारों की 10 लाख पेमेंट कर दी जाएगी, लेकिन सीएम के आदेशों को भी विभाग व अधिकारी अनसुना कर रहे हैं। पेमेंट संबंधी 43 करोड़ के टोकन ट्रेजरी में लगे हैं, जबकि विभिन्न विभागों में 400 से 500 करोड़ की पेंडेंसी है, जिनके अभी तक बिल नहीं बने हैं।



### एक्सईएएन ट्रेजरी में भेज रहे टोकन, नहीं हो रहे पास

**गोल्डी** ने कहा कि सरकार की ओर से एक्सईएन को लेटर आफ क्रेडिट के माध्यम से पैसा दिया जाता है, कि ठेकेदारों को काम की पेमेंट कर दें, लेकिन एक्सईएन तो टोकन बनाकर ट्रेजरी में भेज रहे हैं, लेकिन ट्रेजरी में टोकन पास नहीं हो रहे हैं। कई ठेकेदारों को पहले यह भी पता नहीं था कि ट्रेजरी नाम की कोई चीज भी होती है, प्रदेश के इतिहास में पहली बार सुनने को मिल रहा है कि आज ट्रेजरी बंद है। नए नियम बनाए जा रहे हैं कि पहली से दस तारीख तक ट्रेजरी में टोकन नहीं लगाए जा सकते। ठेकेदारों ने लिमिट और लोन लेकर काम किए हैं, लेकिन पेमेंट न होने के कारण ठेकेदार लिमिट में पैसो नहीं डाल पा रहे और न ही लोन चुका रहे हैं, जिससे ठेकेदार, बैंकों में एनपीए व ब्लैकलिस्ट हो रहे हैं।

### डिप्टी सीएम ने मांगी 17 करोड़ के टोकन की डिटेल

**गोल्डी** ने बताया कि दो दिन पहले डिप्टी सीएम, ठेकेदारों से मिले थे, उन्होंने कहा है कि मेरे विभाग से संबंधित पेमेंटस 6 से 7 दिनों में कर दी जाएंगी। जल शक्ति विभाग के 17 करोड़ के टोकन की डिटेल भी डिप्टी सीएम ने मांगी है, जबकि अन्य विभागों से ऐसा कोई आश्वासन नहीं मिला है। संघर्ष समिति ने जिला से संबंधित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से मिलकर सीएम से मिलने का समय दिलाने का आग्रह किया था, लेकिन अभी तक समय नहीं मिल पाया है। जानकारी मिली है कि सीएम 18 नवंबर को धर्मशाला आ रहे हैं, हमने डीसी कांगड़ा से आग्रह किया है कि हमें सीएम से मिलने का समय दिया जाए।

### डिप्रेशन में ठेकेदार, दिहाड़ी लगाने को मजबूर : रोहित

ठेकेदार रोहित शर्मा ने कहा कि 2 से 3 वर्षों से ठेकेदारों की पेमेंट नहीं हो रहे हैं। इससे पहले कभी भी ठेकेदार अपनी पेमेंट को लेकर इस तरह सडक़ों पर नहीं उतरे हैं। कई ठेकेदार सरकारी कार्यों की एवज में पेमेंट न होने से डिप्रेशन में आ गए हैं, कईयों ने अन्य कार्य करना शुरू कर दिए हैं। आलम यह है कि कई ठेकेदार, अब खुद को अन्य ठेकेदारों के पास दिहाड़ी मजदूरी के लिए रखने की बात तक कह रहे हैं।

हैप्पी बर्थडे



कराड़ाघाट की मोनिका शर्मा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से शुभकामनाएं।

बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पपरोला में पति-पत्नी ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन, पति की मौत, पत्नी टांडा रेफर

जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ। थाना क्षेत्र बैजनाथ के पपरोला में पति-पत्नी द्वारा जहरीला पदार्थ निगलने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत के वार्ड नंबर 7 के रहने वाले नितिन कुमार और उसकी पत्नी सोनू ने जहरीला पदार्थ निगल लिया उसके उपरांत उन्हें बैजनाथ अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां नितिन कुमार की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी सोनू की गंभीर हालत को देखते हुए टांडा रेफर किया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है। आरंभिक जानकारी के अनुसार नितिन कुमार के ऊपर बैंक का कर्ज था और हाल ही में उसने मकान बनाया था जिसका केस कोर्ट में चल रहा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### 101.91 ग्राम चिट्टे सहित दो गिरफ्तार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। कांगड़ा पुलिस ने नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बुधवार को बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर समेला क्षेत्र में दबिश देकर पंजाब निवासी गुरविंदर सिंह और चम्बा जिले के एक किशोर को 101.91 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) सहित पकड़ा। आरोपी मोटरसाइकिल पर नशे का कारोबार कर रहे थे। दोनों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### कोमल ने बॉक्सिंग में जीता रजत पदक



अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां की बीए तृतीय वर्ष की छात्रा कोमल ने अंतर महाविद्यालय महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अपना दमखम दिखाते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर राज्य भर में कॉलेज का नाम रोशन किया। गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में कोमल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशहर में आयोजित की गई थी। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सोनी, कोच प्रो. ऋषि दिलवारिया एवं प्रो. मिनोद गुलेरिया ने कोमल को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि कोमल की यह उपलब्धि राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां के लिए गर्व का विषय है।

### 'उन्नत भारत अभियान' का मनाया स्थापना दिवस

अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर। चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर ने 'उन्नत भारत अभियान' का 11वां स्थापना दिवस सतत ग्रामीण विकास विषय पर केंद्रित विभिन्न गतिविधियों के साथ मनाया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने में एक दशक से अधिक की भूमिका को रेखांकित किया गया। छात्रों ने 'मेरा भारत, मेरा गांव' विषय पर व्याख्यान, पोस्टर निर्माण, नारा लेखन व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कुलपति डॉ. अशोक कुमार पांडा ने यूबीए टीमों की सराहना करते हुए उन्हें शैक्षणिक ज्ञान को ग्रामीण विकास से जोड़ने के लिए प्रेरित किया।

### कुटाहण रत्न बंगलो में हुई गाने की शूटिंग

अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर। बिलासपुर जिला झंडूता के मशहूर गायक प्रिंस कपिल के पंजाबी गाने धुंध 2 की शूटिंग कुटाहण में गिरधारी सिंह धारी के घर रत्न बंगलो में की गई। प्रिंस कपिल के और भी कई गाने है जो कि इनके चैनल कपिल म्यूजिक स्टूडियो में हैं। आपको बता दें इस गाने को जीत धारीवाल द्वारा लिखा गया है जो कि अमृतसर से है तथा संगीत और वीडियो प्रिंस के छोटे भाई हिमांशु कपिल ने किया है। इस गाने के प्रड्यूसर सुभाष कपिल हैं। प्रिंस कपिल ने बताया कि यह गाना हमारे पहले गाने का दूसरा भाग है जिसका नाम था धुंध और इस गाने का नाम धुंध 2 है और इसके और भी गाने रिलीज होंगे इन्होंने अपने सभी चाहने वालों को गाने को खूब प्यार देने को कहा।

### मॉडल नर्सरी स्कूल नगरोटा बगवां प्रथम



अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। भारत विकास परिषद शाखा नगरोटा बगवां द्वारा भारत को जानो प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हिमालयन पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नगरोटा बगवां में किया गया। जिसमें वरिष्ठ वर्ग व कनिष्ठ वर्ग में सात-सात स्कूलों ने भाग लिया। कनिष्ठ वर्ग में मॉडल नर्सरी स्कूल नगरोटा बगवां प्रथम स्थान पर रहा, ज्ञान ज्योति पब्लिक हाई स्कूल पठियार द्वितीय स्थान पर रहा तथा होली फेथ पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल पठियार तृतीय स्थान पर रहा।वरिष्ठ वर्ग में ज्ञान ज्योति पब्लिक हाई स्कूल पठियार प्रथम, होली फेथ पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल पठियार द्वितीय तथा मॉडल नर्सरी पब्लिक स्कूल नगरोटा बगवां तृतीय स्थान पर रहा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंकज सोढी धर्म पत्नी जितेंद्र सोढी अध्यक्ष आयुष हर्बल रही।

### शाहपुर में तंबाकू निषेध विषय पर व्याख्यान

अनंत ज्ञान, शाहपुर। राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में चल रहे तंबाकू विरोधी सामाजिक कार्यक्रम की कड़ी में तंबाकू निषेध विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. कविता ठाकुर, बीएमओ शाहपुर ने तंबाकू और संबंधित उत्पादों का किशोर एवं युवाओं में दुरुपयोग विषय पर विस्तारपूर्वक एवं प्रेरक व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। आयोजन समिति में प्रो. भावना, प्रो. बेबी, प्रो. आशा शर्मा, डॉ. केशव कौशल तथा प्रो. शिल्पा शामिल रहीं। डॉ. कविता ठाकुर ने अपने व्याख्यान में तंबाकू के दुष्प्रभावों, इससे होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक नुकसान पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि तंबाकू सेवन धीरे-धीरे जीवन को जकड़ लेता है और युवा पीढ़ी को स्वस्थ भविष्य से वंचित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे नशे से दूर रहकर दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें।

### गढ़ जमूला में एनएसएस शिविर का समापन



राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ जमूला में सात दिवसीय एनएसएस कैंप का समापन समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। सेवानिवृत्त डिप्टी डायरेक्टर अनिल नाग मुख्यातिथि रहे, जबकि कार्यक्रम अधिकारी विकास नाग ने सात दिनों की गतिविधियों की जानकारी साझा की। कैंप में 60 स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक, बौद्धिक व सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लिया। आग से बचाव और आध्यात्मिकता पर सत्र आयोजित हुए। प्रधानाचार्य मीनू सूद ने स्वयंसेवकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और अधिकारियों का धन्यवाद किया। सन्नू स्कूल के उपप्रधानाचार्य राजेश रौशन ने सांस्कृतिक संध्या में अपने सुरीले गीतों से खूब मनोरंजन किया। विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य समारोह में उपस्थित रहे।

## जांगल में पूर्व सीएम जयराम ठाकुर का फूल-मालाओं से किया अभिनंदन



पूर्व विधायक रविंद्र धीमान के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता जयराम ठाकुर का स्वागत करते हुए।

अनंत ज्ञान, आलमपुर

उपतहसील आलमपुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत जांगल में बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का जोरदार स्वागत किया। यह स्वागत समारोह जयसिंहपुर के पूर्व विधायक रविंद्र धीमान के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जयराम ठाकुर पालमपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जा रहे थे। इस दौरान जैसे ही उनका काफिला जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के जांगल पहुंचा, तो भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया और जोरदार नारों के साथ उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा, आलमपुर मंडल अध्यक्ष हनुमंत शर्मा, महामंत्री धर्मेंद्र सिंह जोली, विनीत भारती, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामरतन शर्मा, अजय पठानिया, राजेश सुघा तथा जयसिंहपुर वार्ड के जिला परिषद सदस्य संजीव ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे। स्थानीय जनप्रतिनिधियों में जांगल पंचायत की प्रधान कुसुम लता, गंदड बालरूपी पंचायत के प्रधान सुनील चौधरी, शिवा कटोच सहित सैकड़ों भाजपा समर्थकों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। जयराम ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं और उनकी मेहनत व समर्पण से ही संगठन मजबूत बनता है।

## मंगल पांडे ने जगाई थी स्वतंत्रता की चेतना: राजकुमार

अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर। कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में बुधवार को इतिहास विभाग के सौजन्य से '1857 की क्रांति पर पुनरावलोकन' विषय पर एकदिवसीय इतिहास संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला के इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. राजकुमार मुख्य अतिथि रहे। संगोष्ठी की शुरुआत महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. अरुण चंद्र, डॉ. राजकुमार व अन्य प्राध्यापकों द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ की गई। डॉ. राजकुमार ने कहा कि 1857 की महान क्रांति ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की मजबूत नींव रखी। महान क्रांतिकारी मंगल पांडे ने 29 मार्च 1857 को बैरकपुर छावनी में विद्रोह की मशाल जलाकर लाखों भारतीयों को ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ एकजुट किया। डॉ. राजकुमार ने यह भी बताया कि हिमाचल के राजा प्रताप चंद (कांगड़ा), युवराज प्रताप चंद (कुल्लू) और सूबेदार भीम सिंह (कसौली) ने भी इस क्रांति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## देवेंद्र जग्गी ने सीएम के समक्ष रखी 6 नए पटवार सर्किल खोलने की मांग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला



धर्मशाला नगर निगम के पूर्व मेयर देवेंद्र जग्गी ने शिमला में सीएम सुक्खू से शिष्टाचार भेंट की और धर्मशाला क्षेत्र से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जनहित की मांगें उनके समक्ष रखीं। बैठक के दौरान देवेन्द्र जग्गी ने मुख्यमंत्री का ध्यान इस ओर आकर्षित किया कि वर्तमान समय में धर्मशाला तहसील के अंतर्गत 24 पटवार सर्कल संचालित हैं, लेकिन धर्मशाला जिला मुख्यालय एवं प्रमुख पर्यटन स्थल होने के कारण यहां की आबादी, भूमि संबंधित कार्यों में निरंतर वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला की भौगोलिक स्थिति, तेजी से बढ़ते शहरीकरण और लगातार बढ़ रही जनसंख्या के कारण भूमि रिकॉर्ड, सीमांकन तथा अन्य राजस्व कार्यों का बोझ काफी बढ़ गया है। ऐसी स्थिति में केवल 24 पटवार सर्किल अपर्याप्त साबित हो रहे हैं और लोगों को अपने कार्यों के लिए लंबे समय तक प्रतीक्षा करनी पड़ रही है। जग्गी ने कहा कि नागरिकों को सुविधा प्रदान करने तथा प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से धर्मशाला तहसील में छह नए पटवार सर्कल खोले जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मैक्लोडगंज, कंड, सिद्धपुर, सुक्कड़, कंड करडियाना तथा नरवाणा में नए पटवार सर्कल स्वीकृत करने के लिए आग्रह किया। जग्गी ने कहा कि इन क्षेत्रों में भूमि रिकॉर्ड से संबंधित कार्यों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे लोगों को बार-बार तहसील मुख्यालय तक आना पड़ता है। नए पटवार सर्कल बनने से ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों के निवासियों को सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर सीएम सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता की सुविधा के लिए प्रतिबद्ध है और धर्मशाला जैसे प्रमुख क्षेत्र में जनसुविधा बढ़ाने के सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक रूप से विचार किया जाएगा।

## पेयजल योजना से लोगों को मिलेगा साफ जल: पठानिया

अनंत ज्ञान, शाहपुर। शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने सोमवार को भतल्ला पंचायत के अंतर्गत तोतारानी में 4.50 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक ने बताया कि एडीबी के अंतर्गत तोतारानी-नड्डी-सुधेड़-कजलोट पेयजल योजना पर 14.37 करोड़ रुपये व्यय किए जा रहे हैं, जिससे इन पंचायतों के लगभग 15,000 लोगों को निर्बाध पेयजल सुविधा प्राप्त होगी। योजना का लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि 2.16 करोड़ रुपये की लागत से बर्नेट-घेरा सडक़ का निर्माण किया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर सडक़ सुविधा मिलेगी तथा चंबा की ओर यात्रा का समय घटेगा। यह सड़क पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ स्थानीय आर्थिकी को भी सुदृढ़ करेगी। विधायक ने इसके उपरांत 75 लाख रुपये की लागत से निर्मित इंद्रप्रस्थ होटल तोतारानी से गांव गुजरेहड़ा (वार्ड नंबर 7) तक एम्बुलेंस सडक़ का लोकार्पण किया। उन्होंने चांदमारी के लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी पानी की समस्या भी शीघ्र ही दूर कर दी जाएगी। पठानिया ने बीडीओ धर्मशाला एवं रेंज अधिकारी धर्मशाला की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए विकास कार्यों को गति देने के लिए धन्यवाद प्रकट किया।

## सेवा में कमी के चलते बैंक उपभोक्ता को देगा 45 हजार रुपए का मुआवजा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। एक बैंक द्वारा सेवा में कमी के चलते शिकायतकर्ता उपभोक्ता को 45000 रुपए का मुआवजा देना होगा। बैंक द्वारा यह भुगतान आदेश जारी होने के 60 दिन के भीतर करना होगा, अन्यथा भुगतान राशि के तहत 9 प्रतिशत ब्याज भी लगेगा। इसके साथ ही बैंक द्वारा 15000 रूपए मुकदमाबाजी के रूप में भी अदा करने के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश उपभोक्ता आयोग जिला कांगड़ा के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा व सदस्य आरती सूद की अदालत ने एक महत्वपूर्ण फैसले के तहत जारी किए हैं। आयोग में दर्ज शिकायत के अनुसार शिकायतकर्ता व्यक्ति ने बताया था कि उन्होंने घर निर्माण के लिए 60 लाख रुपये का ऋण मांगा था, परंतु बैंक ने केवल 30 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत किया और उसमें से भी मात्र 15 लाख रुपये तीन किश्तों में जारी किए। शेष राशि बैंक ने जारी करने से मना कर दिया। उपभोक्ता ने बैंक की इस देरी और असहयोग को सेवा में कमी बताते हुए आयोग में शिकायत दर्ज करवाई। अपनी शिकायत में उपभोक्ता ने आरोप लगाया था कि ऋण का पूर्ण भुगतान करने के बाद भी बैंक ने नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) देने में अत्यधिक देरी की। रिकॉर्ड के अनुसार, बैंक को यह प्रमाण पत्र 12 अक्टूबर 2024 तक जारी करना था, लेकिन 131 दिन की देरी के बाद 21 फरवरी 2025 को जारी किया गया। आयोग ने माना कि बैंक की ओर से एनओसी जारी करने में देरी सेवा में कमी है। जिसे आधार मानते हुए आयोग द्वारा उपभोक्ता के पक्ष में फैसला सुनाते हुए संबंधित बैंक को उपरोक्त आदेश जारी किए गए हैं।

## जसवां मंडल से लेखराज को कमान

### भाजपा किसान मोर्चा ने की छह मंडलों की कार्यकारिणियां घोषित

शुभम, अनंत ज्ञान

बनखंडी। भाजपा किसान मोर्चा संगठनात्मक जिला देहरा में जसवां-प्रागपुर विधानसभा क्षेत्र सहित ज्वालामुखी, खुंडियां, हरिपुर और ढलियारा मंडलों की कार्यकारिणियां घोषित कर दी गईं। यह सूची प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष संजीव देष्टा, प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन और भाजपा जिला अध्यक्ष अजय खट्टा से विचार-विमर्श के बाद संगठनात्मक जिला अध्यक्ष राज कुमार खरियाल द्वारा जारी की गई। खरियाल ने कहा कि किसान मोर्चा अब खेत-खलिहानों में संगठन की नई बयार बहाएगा। जसवां मंडल से लेखराज को अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि तरसेम लाल सिंह और शलिंदर सिंह महामंत्री बनाए गए हैं। कोषाध्यक्ष विजेंद्र सिंह होंगे।

प्रागपुर मंडल में संजीव कुमार शर्मा (कुकी) अध्यक्ष, रविंद्र कुमार, अवतार सिंह, कुलवीर सिंह, सुरिंदर शास्त्री उपाध्यक्ष, राजीव धीमान व विनय शर्मा महामंत्री तथा भूपिंदर सिंह, दीपक शर्मा, सुषमा राणा और नवीन सिंह सचिव होंगे। कोषाध्यक्ष मंजीत कुमार बनाए गए हैं। ज्वालामुखी मंडल से दिनेश ठाकुर अध्यक्ष, रणजीत सिंह, संजय कुमार, संजेव कुमार व जोगिंदर मेहता उपाध्यक्ष, राजेंद्र शर्मा व भूपिंदर सिंह ठाकुर महामंत्री, जबकि विजय सिंह कोषाध्यक्ष होंगे।

खुंडियां मंडल से जय चंद ठाकुर अध्यक्ष, राकेश कुमार, दुनी चंद, तिलक राज, कमलेश कुमारी उपाध्यक्ष, जगदीश पाल व लाल मन महामंत्री, और बिक्रम सिंह कोषाध्यक्ष होंगे। हरिपुर मंडल में पृथ्वी सिंह अध्यक्ष, रमेश चंद, मंजीत सिंह, ओमप्रकाश व कैप्टन कर्मचंद उपाध्यक्ष, भाग सिंह व कुलदीप चंबियाल महामंत्री होंगे। ढलियारा मंडल में दिलबाग सिंह अध्यक्ष, कैप्टन देवराज, बिक्रमजीत सिंह, सुशील शर्मा, जीत कुमार उपाध्यक्ष, जबकि वीरेंद्र शर्मा व अंचल सिंह महामंत्री होंगे।

## नौरा कॉलेज में विद्यार्थियों को बताए नशे के दुष्परिणाम

अनंत ज्ञान, डरोह। अटल बिहारी वाजपेयी सरकारी कॉलेज नौरा में नशा मुक्त भारत अभियान का आयोजन स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में डॉ. मोनिका, दया (हेल्थ एजुकेटर), आशा कार्यकर्ता लता राणा और काउंसलर अशोक कुमार ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में मार्गदर्शन दिया। यह कार्यक्रम रेड रिबन क्लब की संयोजक नेहा के सहयोग से संपन्न हुआ। अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम, शपथ अभियान, छात्र संवाद, रैली व नारेबाजी के साथ पोस्टर और चार्ट प्रदर्शन जैसी गतिविधियां आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और समुदाय में नशा मुक्त जीवनशैली को बढ़ावा देना था।

## विकास कार्यों में तेजी लाएं अधिकारी : कमलेश

अनंत ज्ञान, देहरा। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए पंचायत समिति हॉल देहरा के सभागार कक्ष में एक विस्तृत समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विधायक कमलेश ठाकुर ने की। बैठक में एसडीएम देहरा कुलवंत सिंह पोटन, एसईवीपीओं संजीव, पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक तथा ग्राम रोजगार सेवक विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में समीक्षा के दौरान विधायक ने अधिकारियों निर्देशित करते हुए कहा कि जनहित के कार्य सर्वोपरि हैं और विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि गरीब और जरूरतमंद लोगों का कार्य किसी भी परिस्थिति में रुकना नहीं चाहिए तथा सभी विभागीय अधिकारी और पंचायत सचिव अपने दायित्वों का ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ निर्वहन करें। बैठक में मनरेगा, 15वें वित्त आयोग, आवास योजनाओं सहित अन्य विकासात्मक योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए और ग्राम स्तर पर कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को आत्मनिर्भर बनाना है और हर पंचायत को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। इस अवसर पर देहरा ब्लॉक के विभिन्न पंचायत क्षेत्रों में चल रहे कार्यों की समस्याओं एवं प्रगति पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

## रोड सेफ्टी क्लब ने निकाली जागरूकता रैली

अनंत ज्ञान, शाहपुर। राजकीय महाविद्यालय रिडकमार के रोड सेफ्टी क्लब की ओर से सडक़ सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डा. युवराज सिंह ने किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राध्यापकगण,स्टाफ सदस्य तथा छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। रैली कॉलेज परिसर से प्रारंभ होकर मुख्य बाज़ार, बस स्टैंड और आस-पास के क्षेत्रों से होती हुई पुनः कॉलेज परिसर में समाप्त हुई। प्रतिभागियों ने सडक़ सुरक्षा जीवन रक्षा, थोड़ी सी सावधानी, दुर्घटना से बचाव और सीट बेल्ट है सुरक्षा कवच जैसे नारे लगाए और सड़क संकेत और नियमों की तख्तियों के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने सडक़ सुरक्षा के नियमों का पालन करने, वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग, नशे में वाहन न चलाने तथा पैदल यात्रियों के अधिकारों का सम्मान करने पर बल दिया।

## दिल्ली धमाके के बाद पठानकोट में हाई अलर्ट

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

इंदौरा। राजधानी दिल्ली में बम धमाके के बाद पंजाब में रेड अलर्ट जारी हो चुका है। बॉर्डर क्षेत्रों के एंट्री प्वाइंटों पर गहनता से आने जाने वाले वाहन चालकों की जांच पड़ताल होनी शुरू हो गई है। पंजाब का पठानकोट जिला सुरक्षा के लिहाजे से अति संवेदनशील माना जाता है क्योंकि पठानकोट के एक तरफ जेएंडके बॉर्डर और दूसरी तरफ हिमाचल प्रदेश की सीमा है। ऐसे में भारत-पाक बॉर्डर भी है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक खूफिया एजेंसियों को मिली सूचना में जम्मू-कश्मीर के दो डाक्टरों की दिल्ली ब्लॉस्ट में मिलीभगत होने की संभावना है। सुरक्षा में सेना सड़कों पर तैनात हो चुकी है। पठानकोट के बॉर्डर क्षेत्र में जीरो लाइन से लेकर सेकेंड लाइन ऑफ डिफेंस तक सेना और पुलिस के साथ चौकसी बढ़ा दी है। बमियाल, दुनेरा, मीरथल, माधोपुर समेत अन्य स्थानों के सभी इंटर स्टेट पुलिस नाके सील करते हुए वाहनों की जांच पड़ताल तेजी से हो रही है। जैसे ही दिल्ली में बम धमाका तो जिला पठानकोट के एंट्री प्वाइंटों पर गत रात से ही भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई क्योंकि ऐसी परिस्थितियों में बॉर्डर क्षेत्र तरफ पाकिस्तानी तस्कर और आतंकी अप्रिय घटना को अंजाम देने के लिए अलर्ट हो जाते है।

जेएंडके से पंजाब में दाखिल होने वाले मुख्य और विकल्प मार्ग पर वाहनों की विशेष जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि माझा जोन के बॉर्डर क्षेत्र पठानकोट, गुरदासपुर, डेरा बाबा नानक, अमृतसर और तरनतारन में गत कई महीनों से सीमा पार से पाकिस्तान द्वारा पंजाब का माहौल खराब करने के मक्सद से ड्रोन के जरिए नशे के साथ हथियारों की खेप भेजी जा रही है। जबकि सुरक्षा एजेंसियों द्वारा पाकिस्तानी आतंकियों के मनसूबों को नाकाम किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक दिल्ली धमाके के तार कहीं ना कहीं जेएंडके से भी जुडे हुए है। जिसके चलते पठानकोट को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

## ढलियारा से संसारपुर टैरेस तक हर वाहन पर पुलिस की नजर

पिंकी, अनंत ज्ञान

डाडासीबा। अब जिला देहरा पुलिस की नजर हर मोड़ पर होगी, ढलियारा से डाडासीबा व संसारपुर टैरेस तक, कोई वाहन पुलिस की पकड़ से नहीं बचेगा। पुलिस जिला देहरा (जिला कांगड़ा) में ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकॉगनेशन (एएनपीआर) कैमरे स्थापित कर दिए गए हैं, जो अब पूरी तरह सक्रिय हैं।

यह कदम मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के सहयोग से स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में एक बड़ा बदलाव माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी ने बताया कि आधुनिक कैमरे अब हर गुजरते वाहन की नंबर प्लेट को अपने आप स्कैन कर रिकॉर्ड करेंगे। इससे चोरी, अपराध या दुर्घटनाओं में शामिल वाहनों की तुरंत पहचान और ट्रैकिंग संभव होगी।

**इन स्थानों पर लगाए कैमरे:** ढलियारा चौक, बस स्टैंड हरिपुर, बणी रक्कड़, गुम्मर ज्वालामुखी, खुंडिया, आरा चौक डाडासीबा, मझीन बाजार, टिहरी चौक मझीन और लाल टैंकी संसारपुर टैरेस।

**रियल-टाइम डेटा एक्सेस मिलेगा:** इन कैमरों से पुलिस को रियल-टाइम डेटा एक्सेस मिलेगा, जिससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सकेगी। साथ ही ओवरस्पीडिंग, गलत पार्किंग, बिना नंबर प्लेट जैसे ट्रैफिक उल्लंघनों पर स्वत: चालान संभव होंगे। देहरा पुलिस का कहना है कि यह पहल न केवल कानून व्यवस्था और सडक़ सुरक्षा को सुदृढ़ करेगी, बल्कि पुलिस बल की कार्यक्षमता भी कई गुना बढ़ाएगी।

## छात्रों को वितरित किए छात्रवृत्ति प्रमाणपत्र

अनंत ज्ञान, बैजनाथ। पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय, बैजनाथ में क्रैक अकादमी के सहयोग से एक दिवसीय करियर काउंसलिंग कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को सही कैरियर विकल्प चुनने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना तथा जीवन में सफलता प्राप्त करने हेतु प्रेरित करना था। कार्यशाला में क्रैक अकादमी से संसाधन व्यक्ति के रूप में डॉ. मयंक शर्मा (काउंसलर) और प्रवीण (शिक्षक) उपस्थित रहे। दोनों विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को कैरियर नियोजन, आत्मविश्वास, समय प्रबंधन और परीक्षा रणनीतियों के बारे में उपयोगी जानकारी दी। इस अवसर पर क्रैक अकादमी द्वारा 9 अक्तूबर 2025 को महाविद्यालय में आयोजित परीक्षा मेरे शहर के 100 रतन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 100 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति एवं प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इनमें से जिन 12 विद्यार्थियों को 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति प्राप्त होगी इसके साथ ही 50 प्रतिशत एवं 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का पंजीकरण भी किया गया। क्रैक अकादमी ने घोषणा की कि चयनित विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन कक्षाएँ शीघ्र ही प्रारंभ की जाएंगी, जिससे वे प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं की बेहतर तैयारी कर सकें। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल ने कहा कि ऐसे अवसर विद्यार्थियों के लिए आत्ममंथन और आत्मविकास के माध्यम बनते हैं।

## सुरक्षित वाहन चलाने पर किया जागरूक

अनंत ज्ञान, शाहपुर। राजकीय स्नातक महाविद्यालय,लंज में सडक़ सुरक्षा विषय पर बुधवार को नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में सुरक्षित वाहन चलाने एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाना था। प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सड़क सुरक्षा पर अपने रचनात्मक एवं प्रभावशाली नारों के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. संजय कुमार शर्मा ने विजेताओं को बधाई देते हुए सडक़ सुरक्षा नियमों का पालन करने के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे ।

# गोबिंदसागर की लहरों पर तीन दिन दिखेगा 'जल तरंग का जोश'

## मुख्यमंत्री 21 नवंबर को करेंगे महोत्सव का शुभारंभ, 15 राज्यों के व्यंजन और सांस्कृतिक रंग होंगे मुख्य आकर्षण

अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिला मुख्यालय में 21 से 23 नवंबर तक आयोजित होने वाला 'जल तरंग जोश महोत्सव-2025' इस बार पहले से कहीं अधिक भव्य और बहुआयामी होगा। इसकी शुरुआत मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के करकमलों से होगी। मुख्यमंत्री 21 नवंबर को कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों के आत्मविश्वास, रचनात्मकता और सामाजिक समावेशिता को सम्मानित करने का संदेश देंगे। गोबिंदसागर झील की मनोरम लहरों के बीच आयोजित यह तीन दिवसीय उत्सव जल क्रीड़ा, पर्यटन, संस्कृति और जनकल्याण का अद्भुत संगम बनने जा रहा है। इस वर्ष महोत्सव का सबसे बड़ा आकर्षण होगा विशाल फूड कोर्ट, जिसमें देश के 15 से अधिक राज्यों के पारंपरिक और लोकप्रिय व्यंजन उपलब्ध रहेंगे। हिमाचली धाम से लेकर पंजाबी, गुजराती, दक्षिण भारतीय और उत्तर-पूर्वी स्वाद तक—एक ही स्थान पर भारत की विविधता का जायका मिलेगा।

महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर, तथा दिव्यांगजनों के लिए विशेष चिकित्सा सहायता व्यवस्था की जाएगी। वहीं, विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनियां भी दर्शकों के लिए सूचनात्मक अनुभव प्रदान करेंगी, जिनमें प्रदेश सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी स्कीमें प्रदर्शित की जाएंगी। महोत्सव में रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से एक कूपन योजना चलाई जाएगी, जबकि मनोरंजन के लिए तंबोला खेल भी आगंतुकों के आकर्षण का केंद्र रहेगा। प्रत्येक दिन शाम के समय रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिमाचल और देशभर की लोक-संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। विद्यालयों के छात्र-छात्राएं विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा और नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक एकता का संदेश देंगे। पंजीकरण के लिए गूगल फॉर्म जारी किया गया है और जिला कल्याण अधिकारी आरसी बंसल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। आयोजन जिला प्रशासन, समाज कल्याण विभाग, रेडक्रॉस सोसायटी और समर्थ हमारी पहचान एनजीओ के सहयोग से किया जा रहा है।

खेल प्रेमियों के लिए महोत्सव में कयाकिंग, केनोइंग, बोटिंग, स्वीमिंग और राफ्टिंग जैसी वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिताएं होंगी। महोत्सव में स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प और स्वयं सहायता समूहों की प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन मिलेगा। जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग ने आयोजन की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है।


महोत्सव का पोस्टर लांच करते उपायुक्त राहुल कुमार व अन्य अधिकारी।

### दिव्यांगों-वरिष्ठ नागरिकों के लिए फैशन व टैलेंट शो

**जिला** प्रशासन जल तरंग जोश महोत्सव को समावेशी बनाने के तहत दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए जिला स्तरीय फैशन व टैलेंट हंट शो आयोजित करेगा। मंगलवार को उपायुक्त ने जिला कल्याण अधिकारी की उपस्थिति में कार्यक्रम का पोस्टर लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि यह मंच दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता प्रदर्शित करने का अवसर देगा तथा उनके आत्मविश्वास और सामाजिक सहभागिता को बढ़ाएगा। कार्यक्रम में विशेष विद्यालयों व संस्थानों के बच्चे और युवा भाग लेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### जनसमस्याओं का समाधान प्राथमिकता : धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि आम जनता की शिकायतों का समयबद्ध समाधान करना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वे घुमारवीं में आयोजित उपमंडल स्तरीय जन शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करें और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मंत्री ने बताया कि कई शिकायतों का समाधान मौके पर ही किया गया, जबकि शेष पर संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। धर्माणी ने कहा कि नशा उन्मूलन के लिए प्रदेश सरकार पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है और चिट्टा कारोबारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि भराड़ी उपतहसील भवन के लिए भूमि चयन और हस्तांतरण पूरा हो चुका है।

### सिविल सेवा परीक्षा पास करने के दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** करियर काउंसलिंग के तहत राजकीय महाविद्यालय झंडूता में एक विशेष कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों को सिविल सेवाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना था, ताकि वे अपने करियर की दिशा निर्धारित करने में सक्षम हो सकें। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपमंडलीय अधिकारी अर्शिया शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी, पात्रता मानदंड, चयन प्रक्रिया, चुनौतियों तथा सफलता के सूत्रों के बारे में विस्तार से बताया। अर्शिया शर्मा ने जोर देकर कहा कि कठोर परिश्रम, निरंतर अभ्यास और सकारात्मक दृष्टिकोण ही सिविल सेवाओं जैसे प्रतिष्ठित क्षेत्रों में सफलता की कुंजी है।

### डाबर के लिए बस सेवा शुरू, लोगों ने किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, नम्होल।** क्षेत्र के लोगों के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार डाबर वाया खलोटा-गुतराहन-पोहनी बस सेवा शुरू हो गई है। बस सेवा के शुरू होते ही स्थानीय ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने बस और चालक का फूलमालाओं से स्वागत किया तथा मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस बस सेवा के शुरू होने से क्षेत्र के विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों और बुजुर्गों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। पहले उन्हें मुख्य सड़क तक पहुंचने के लिए कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ता था। लोगों ने परिवहन निगम और प्रदेश सरकार का आभार जताते हुए कहा कि इस क्षेत्र में यह बस सेवा काफी समय से जरूरी थी। पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर और पूर्व कांग्रेस महासचिव विकास ठाकुर के प्रयासों से यह सुविधा शुरू हो पाई है। ग्रामीणों ने प्रशासन व स्थानीय नेताओं का धन्यवाद भी किया है।

### तांबडी गांव में जांचा 50 लोगों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन मे प्रयास संस्था के सहयोग से संचालित सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की टीम ने बिलासपुर की विधानसभा झंडूता क्षेत्र के ग्राम पंचायत झबोला के गांव तांबडी में 50 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर के संयोजक राम कृष्ण ने इस स्वास्थ्य शिविर की जानकारी देते हुए कहा की एक तरफ जहा बदलते मौसम का प्रकोप बढ़ रहा है वही बदलते मौसम की वजह से खांसी, जुखाम के साथ साथ अन्य बीमारियों से जनता ग्रसित हो रही है। जनता को इन बीमारियों से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से घर द्वार पर निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं को सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम द्वारा उपलब्ध करवाया जा रहा है।

### शिक्षण संस्थानों के पास तंबाकू उत्पाद बेचे तो सजा

**अनंत ज्ञान, नयना देवी।** श्री नयना देवी जी खंड में बीएमओ डॉ. आलोक सिंगला और तहसीलदार संजय प्रभाकर के नेतृत्व में फ्लाइंग स्क्वॉड ने दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में यह सुनिश्चित किया गया कि स्कूलों के पास तंबाकू उत्पाद या खुली सिगरेट की बिक्री न हो। दुकानदारों को बताया गया कि बिना प्रमाणपत्र तंबाकू उत्पाद बेचने पर तीन माह की कैद या 50,000 रुपए तक जुर्माना हो सकता है। स्वास्थ्य शिक्षक राम अवतार ने लोगों से तंबाकूमुक्त समाज के निर्माण में सहयोग की अपील की।

### एनएसएस जगाता है राष्ट्र निर्माण की भावना

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समोह में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्यातिथि सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य सीता राम नेगी ने कहा कि एनएसएस केवल सेवा कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवाओं में जिम्मेदारी, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण की भावना का प्रशिक्षण है। शिविर में स्वयंसेवियों ने पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति, स्वच्छता और सड़क सुरक्षा पर जागरूकता अभियान चलाया। प्रधानाचार्या सरिता धीमान ने कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में सहयोग और समाज सेवा की भावना जगाते हैं। कार्यक्रम अधिकारी सुभाष चंद ठाकुर और कमलेश मन्हास ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

### भाजपा महिला मोर्चा सदर की कार्यकारिणी घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भाजपा महिला मोर्चा की सदर मंडल कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। महिला मोर्चा की सदर मंडल अध्यक्ष सरोजलता ठाकुर ने बुधवार को अपनी टीम का ऐलान किया। सोमा देवी, प्राची, रोमा देवी, रीमा देवी व पुष्पा देवी को उपाध्यक्ष, सपना ठाकुर व कल्पना शर्मा को महामंत्री, निशा देवी, आशा देवी, सुशीला शर्मा, अर्चना, सरिता देवी व मीना देवी को सचिव, सरोज ठाकुर को कोषाध्यक्ष, शैंकी देवी को सह कोषाध्यक्ष, लक्ष्मी देवी को कार्यालय सचिव, अर्पणा को कार्यालय सह सचिव, प्रेमलता को मीडिया प्रभारी, मोनिका को मीडिया सह प्रभारी, सुमन महाजन को मुख्य प्रवक्ता, लता चंदेल, निशा देवी व लता ठाकुर को प्रवक्ता, शुभांगी को सोशल मीडिया प्रभारी, श्रेष्ठा शर्मा व भावना को सोशल मीडिया सह प्रभारी तथा बिंता देवी को आईटी प्रभारी और मोनू देवी व सुषमा ठाकुर को आईटी सह प्रभारी नियुक्त किया गया है।

## उपायुक्त राहुल कुमार ने सर्दियों से पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# सभी विभाग सर्दियों में किसी भी आपदा से निपटने को रहें तैयार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

सर्दियों से पूर्व तैयारियों की समीक्षा के लिए बुधवार को जिला मुख्यालय बचत भवन में उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने सभी विभागों को प्रो-एक्टिव दृष्टिकोण अपनाने और आपसी सहयोग से किसी भी आकस्मिक स्थिति के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण और जल शक्ति विभाग को एसडीएमएफ परियोजनाओं को समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने तथा बरसात के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत सुनिश्चित करने को कहा। बिजली विभाग को लो वोल्टेज की समस्या दूर करने और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को सर्दियों के दौरान पर्याप्त राशन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। सड़क सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए उपायुक्त ने एनएचएआई को ब्लैक स्पॉट्स पर चेतावनी संकेतक, सिगनेज और सुरक्षा व्यवस्था लगाने के निर्देश दिए।

### रूम हीटर को पर्दों व फर्नीचर से रखें दूर



**उपायुक्त** ने रूम हीटर और हीटिंग उपकरणों के सुरक्षित उपयोग पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन्हें पर्दों और फर्नीचर से दूर रखें तथा कमरे का उचित वेंटिलेशन बनाए रखें। जनरेटर को घर से कम से कम 20 फीट की दूरी पर चलाया जाए ताकि कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता से बचा जा सके। सभी विभागों को फायर ऑडिट करवाने और नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में नागरिक टोल फ्री नंबर 1077 पर संपर्क कर सकते हैं।

### पुलिस थाने का किया औचक निरीक्षण

**बिलासपुर।** उपायुक्त ने बुधवार को सदर पुलिस थाना बिलासपुर का औचक निरीक्षण किया और थाने की कार्यप्रणाली, रिकॉर्ड संधारण तथा अपराध नियंत्रण से संबंधित विभिन्न पहलुओं की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने थाना प्रभारी से शहर में हाल के दिनों में दर्ज आपराधिक मामलों की जानकारी ली। उन्होंने अपराध रजिस्टर का गहन निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि जिले में ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, जो मादक पदार्थों के अवैध व्यापार में संलिप्त पाए जाते हैं।

# प्रदेश सरकार की भूमिका पर सवाल उठाना अनुचित : रामलाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामलाल ठाकुर ने भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के हालिया बयान को आश्चर्यजनक और विरोधाभासी बताया है। जयराम ठाकुर ने कहा था कि यदि हिमाचल के सभी काम केंद्र सरकार को ही करने हैं, तो प्रदेश सरकार की क्या जरूरत है। रामलाल ने कहा कि यह वक्तव्य चौंकाने वाला इसलिए भी है क्योंकि जयराम ठाकुर स्वयं पांच वर्ष तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने पूछा कि यदि राज्य सरकार की कोई आवश्यकता नहीं थी, तो वे स्वयं मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठकर क्या कर रहे थे? उन्होंने स्पष्ट किया कि अपने अधिकारों और दायित्वों का निर्वहन करते हुए केंद्र सरकार को उसके कर्तव्यों की याद दिलाना राज्य सरकार का संवैधानिक अधिकार है। यदि प्रदेश की कांग्रेस सरकार केंद्र की भाजपा सरकार को समय-समय पर सचेत कर रही है, तो यह उसका संवैधानिक दायित्व निभाने का हिस्सा है, ताकि केंद्र सरकार जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का ठीक से निर्वहन करे। रामलाल ठाकुर ने कहा कि कुछ भाजपा नेता जनता में यह भ्रम फैलाने की कोशिश करते हैं कि केंद्र सरकार जो धन राज्यों को देती है, वह उसकी कृपा पर निर्भर करता है, जबकि सच्चाई यह है कि यह धन संवैधानिक व्यवस्था के तहत राज्यों को लौटाया जाता है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार को राज्यों से मिलने वाले सेल्स टैक्स, जीएसटी और अन्य करों का 42 प्रतिशत हिस्सा राज्यों को लौटाना अनिवार्य है।


कहा- पूर्व सीएम जयराम का बयान आश्चर्यजनक

# भटेड़-कन्फारा सड़क बंद नहीं पूरी तरह से खुली : नंद किशोर

राकेश चंदेल, अनंत ज्ञान

**स्वारघाट।** श्री नयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र की पंचायत खरकड़ी के प्रधान नंद किशोर ने कहा कि भटेड़ से कन्फारा सड़क पूरी तरह खुली है, यहां कहीं कोई दीवार या झाड़ियां नहीं हैं, जिससे सड़क बंद हो। उन्होंने कहा कि बिना सत्यापन के आरोप लगाना राजनीति से प्रेरित कदम है। उन्होंने कहा कि जब परिवार के सदस्य घर पर नहीं थे, तब निजी भूमि से बिना पूछे पेड़ काटना बिलकुल अनुचित है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या किसी की निजी जमीन में घुसकर बांस और पेड़ों को काट फेंक देना उचित है? किए गए नुकसान की भरपाई कौन करेगा?'

प्रधान ने बताया कि क्षेत्र में लगभग 200 मीटर का भूस्खलन हुआ है, जिसमें खैर, आम, नींबू, बांस व अन्य कीमती पेड़-पौधे नष्ट हो गए हैं। उन्होंने कहा कि यह वही परिवार है, जिसके तीन भाइयों ने लगभग एक किलोमीटर लंबी निजी भूमि जनसुविधा के लिए सड़क निर्माण हेतु दी थी। 'जिस व्यक्ति ने वर्ष 2015 में खरकड़ी से भटेड तथा भटेड से कन्फारा तक सड़कें बनवाने में स्वयं लोगों को इकट्ठा कर भागदौड़ की, वही सड़क बंद करेगा, यह हास्यास्पद है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग बिना वजह प्रधान और उसके परिवार को बदनाम करने में लगे हैं। हर काम में राजनीति करना विकास को रोकता है। सड़क मरम्मत जैसे जनहित कार्यों में भी अड़चनें डालना गलत है। झूठे आरोपों से सच्चाई नहीं छिपाई जा सकती।

मार्ग बंद होने के आरोप सफेद झूठ

### मेगा लीगल लिटरेसी कैंप 15 को बिलासपुर में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, शिमला तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में 15 नवंबर को भाषा एवं संस्कृति विभाग के बहु-सांस्कृतिक सभागार रौरा सेक्टर में मेगा लीगल लिटरेसी कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के सचिव प्रतीक गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि इस विशेष आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों में विधिक जागरूकता फैलाना, विधिक सशक्तिकरण की भावना को प्रोत्साहित करना तथा नागरिकों को अपने सामाजिक दायित्वों के प्रति अधिक जागरूक बनाना है। उन्होंने बताया कि इस कैंप में 'नशा मुक्त समाज, भारत का संकल्प', 'पर्यावरण संरक्षण, हमारी धरती, हमारा दायित्व' तथा 'आपदा पीड़ितों का पुनर्वास' जैसे प्रमुख विषयों पर विशेष फोकस रहेगा। इन विषयों पर केंद्रित विभिन्न जागरूकता गतिविधियां और संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे।

# कुठेड़ा-डुगली-सड़क खस्ताहाल ; एचआरटीसी बस बरसात से पहले से बंद, लोग परेशान : गर्ग

## पूर्व मंत्री बोले- डुगली व मसवाड़ में लोगों को पेयजल की भारी किल्लत

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के गांव मसवाड, निहाण व धरेड़ा में लोगों की समस्याएं सुनीं। गर्ग ने स्थानीय लोगों के साथ कुठेड़ा-मसवाड़-निहाण-डुगली सड़क का निरीक्षण किया। गर्ग ने कहा कि इस सड़क ने एक खड्ड का रूप धारण कर लिया है। इस सड़क पर चलने वाली परिवहन निगम की बस भी बरसात के मौसम से पहले से बंद है। बस की सुविधा न होने के कारण लोगों को महंगे दामों पर टैक्सी हायर करनी पड़ रही है। सड़क खराब होने के कारण कई बार टैक्सी चालक भी यहां पर जाने के लिए मनाही कर देते हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत तब होती है, जब कोई व्यक्ति बीमार पड़ जाता है। जिसे अस्पताल पहुंचाना लोगों के लिए चुनौती बन जाता है। इस दौरान लोगों ने उनके समक्ष मसवाड व निहाण में पानी की समस्या रखी। गर्ग ने कहा कि इस क्षेत्र में समस्याओं का अंबार है। सड़क की हालत खस्ता है, पानी की किल्लत लोगों को झेलनी पड़ रही है, लेकिन, घुमारवीं के विधायक एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी कागजों में ही विकास कार्यों के गीत गाते ही नहीं थकते। उन्होंने डेढ़ वर्ष पहले की मंत्री की एक घोषणा की भी याद दिलाई कि इस क्षेत्र को एक पेयजल टैंक अलग तीन माह में बनवाने की बात कही थी, लेकिन टैंक के नाम से तो अभी तक एक पत्थर भी नहीं लगा है।


प्रदेश की कांग्रेस सरकार और तकनीकी शिक्षा मंत्री धर्माणी पर जड़े कई आरोप।

# खिलाड़ी को आगे बढ़ने के लिए अनुशासन में रहना जरूरी : अजय

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

धार टटोह कस्बे में जय मां हिडिंबा स्पोर्ट्स क्लब के बैनर तले आयोजित नेशनल लेवल इनामी कबड्डी टूर्नामेंट के समापन समारोह में पद्मश्री व भारतीय कबड्डी टीम के पूर्व कप्तान एवं पुलिस विभाग में डीएसपी अजय ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। अजय ठाकुर ने कहा कि नवोदित पीढ़ी को आगे बढ़ने के लिए अनुशासन का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने युवा समाजसेवी एवं आयोजन के संयोजक राजेश ठाकुर द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एक अच्छा संदेश देने की शुरुआत की है। इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने भाग लिया। पूरे दिन चले मैचों में खिलाड़ियों का जोश देखने लायक रहा। लोगों ने कड़ाके की ठंड के बावजूद देर शाम तक रोमांचक मुकाबलों का आनंद लिया। आयोजन में प्रमुख व्यवसायी शमशेर चंद गौतम, बीडीटीएस चेयरमैन लेखराम वर्मा, प्रमुख व्यवसायी अशोक ठाकुर, बीडीटीएस सीईओ कुलदीप ठाकुर, जगदीश ठाकुर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।


भारतीय कबड्डी टीम के पूर्व कप्तान एवं डीएसपी अजय ठाकुर विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए।

### जोघो ने जीता खिताब

**पहले** मैच में साई बिलासपुर ने हमीरपुर को 33-23 के अंतर से हराया। दूसरे मुकाबले में जोघो ने हिम अकादमी नम्होल को 32-28 से हराया। तीसरे मैच में जोघो ने कृष्णा अकादमी को 35-30 से पराजित किया। चौथे मैच में हरियाणा की टीम ने साई बिलासपुर को 33-15 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबला जोघो और हरियाणा के बीच खेला गया, जिसमें जोघो की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा को 28-23 अंकों से मात देकर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को 41,000 रुपए और ट्रॉफ, जबकि उपविजेता को 31,000 रुपए नकद इनाम से सम्मानित किया गया।

# अब अहमदाबाद में दम दिखाएंगे हनुमान अखाड़ा के पहलवान : बलवीर ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

कांगड़ा के इंदौरा में संपन्न हुई राज्य स्तरीय वरिष्ठ कुश्ती प्रतियोगिता में हनुमान अखाड़ा लखनपुर बिलासपुर के पहलवानों ने 14 पदक अपने नाम कर कीर्तीमान स्थापित किया है। कोच बलवीर ठाकुर ने बताया कि राहुल 55 किलोग्राम, शुभम 61 किलोग्राम, नवीन 70 किलोग्राम, भारत भूषण 74 किलोग्राम, महेश 87 किलोग्राम, मुकेश 55केजी, आर्यन 67 किलोग्राम, अजय 79 किलोग्राम, अजय 82 किलोग्राम, मनजीत 67 किलोग्राम, प्रिंस 97 किलोग्राम, जयपाल 72 किलोग्राम, अभय 79 किलोग्राम, प्रिंस 86 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीत कर इतिहास रच दिया है। अब यह विजेता खिलाड़ी गुजरात के अहमदाबाद में 11 से 13 दिसंबर तक होने वाली राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती प्रतियोगिता में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करेंगे।

सभी पहलवानों के अच्छे प्रदर्शन के लिए हनुमान अखाड़ा लखनपुर कार्यकारिणी ने शुभकामनाएं दी हैं। समिति के सदस्य शम्मी शर्मा, केश पठानिया, रोशन लाल सहगल, सुरेंद्र शर्मा और बिलासपुर जिला कुश्ती के महासचिव परशुराम पुरस्कार विजेता जगदीश राव, जिला कुश्ती अध्यक्ष राकेश ठाकुर, कार्यकर्ता अध्यक्ष सतवीर ठाकुर को बहुत-बहुत बधाई।

### भाषण स्पर्धा में प्रिया देवी प्रथम

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** आदर्श शिक्षा महाविद्यालय बिलासपुर में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हर्षा ने किया। प्रतिभागियों ने शिक्षा दिवस के महत्व और मौलाना आजाद के योगदान पर विचार रखे। कॉलेज अध्यक्ष दीनानाथ शर्मा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं छात्रों में आत्मविश्वास और ज्ञानवृद्धि लाती हैं। निर्णायक मंडल के अनुसार प्रिया देवी (सतलुज सदन) ने प्रथम स्थान, जबकि प्रोमिल कौर (रावी सदन) ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

# एनटीपीसी महिलाओं को बना रहा सशक्त

## सोझा और जुणी में किया चार माह के कौशल विकास कार्यक्रमों का शुभारंभ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

एनटीपीसी कोलडैम द्वारा अपने नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत महिलाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बुधवार ग्राम पंचायत सोझा और जुणी में चार माह के कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। ग्राम पंचायत सोझा में ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण तथा ग्राम पंचायत जुणी में बुनाई प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ किए गए हैं। प्रत्येक प्रशिक्षण केंद्र में 25-25 महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को नए कौशल सिखाकर उन्हें स्वावलंबी बनाना और रोजगार के अवसरों से जोड़ना है। यह प्रशिक्षण एनटीपीसी कोलडैम के सौजन्य से हिमकॉन शिमला द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के शुभारंभ पर एनटीपीसी कोलडैम की अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) सुगाता दासगुप्ता एवं वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर) डॉ. अंजुला अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ ग्राम पंचायत सोझा के प्रधान, उपप्रधान, वार्ड सदस्य एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रशिक्षण पाने वाली सभी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस पहल के लिए एनटीपीसी कोलडैम के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

महिलाओं ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं और ग्रामीण स्तर पर रोजगार के नए अवसर प्रदान करेंगे। एनटीपीसी कोलडैम स्थानीय समुदायों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। सीएसआर के तहत संचालित ऐसे कौशल विकास कार्यक्रम न केवल महिलाओं की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर रहे हैं, बल्कि समाज के समग्र विकास में भी अहम योगदान दे रहे हैं।

कार्यक्रम | बिलासपुर लेखक संघ की मासिक बैठक व काव्य गोष्ठी में झलकी हिमाचली साहित्यिक रंगत

# कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

घुमारवीं के देलग गांव में बिलासपुर लेखक संघ की मासिक बैठक एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन संघ के सदस्य हेमराज शर्मा के आवास पर किया गया। कार्यक्रम में संघ के संरक्षक डॉ. लेखराम शर्मा मुख्यातिथि रहे, जबकि काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि डॉ. अनेक राम संख्यान ने की। गोष्ठी में कवियों ने अपनी रचनाओं से हिमाचली मिट्टी की सुगंध बिखेर दी। डॉ. लेखराम शर्मा ने 'दादे रा किरड़ू, बाबे जो त्यार', प्रीति शर्मा मधु ने 'गांव-गांव का शहर, शहर में छंट गया जीवन' और केशव शर्मा रसिक ने 'इस मन को मैंने बार-बार समझाया' जैसी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। इसके अलावा सुनील शर्मा, शमशेर सिंह चंदेल, अजय शर्मा, डॉ. अनेक राम संख्यान, मास्टर शिवाय, बृजलाल लखनपाल और रविंद्र कुमार शर्मा ने भी अपनी प्रभावशाली कविताओं से खूब तालियां बटोरीं। इस अवसर पर संघ के महासचिव रविंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि 'बिलासपुर लेखक संघ साहित्य के माध्यम से समाज में सकारात्मक सोच, लोकभाषा के संरक्षण और नवोदित लेखकों को मंच प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य है कि हर पंचायत और हर गांव तक साहित्यिक चेतना पहुंचे और युवा पीढ़ी अपनी भाषा और संस्कृति से जुड़ी रहे। '* उन्होंने बताया कि आने वाले समय में संघ द्वारा युवा लेखकों के लिए विशेष रचनात्मक कार्यशालाएं भी आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम के अंत में हेमराज शर्मा और अजय शर्मा को संघ की ओर से टोपी व शाल पहनाकर सम्मानित किया गया तथा नवविवाह के उपलक्ष्य पर हार्दिक बधाइयां दी गईं। मंच संचालन भी महासचिव रविंद्र कुमार शर्मा ने सुंदर और प्रभावशाली ढंग से किया। अंत में सभी साहित्यकारों ने बिलासपुरी धाम का स्वाद लेते हुए साहित्य और लोकसंस्कृति को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। यह आयोजन बिलासपुर की साहित्यिक परंपरा, सौहार्द और रचनात्मक ऊर्जा का जीवंत प्रतीक बन गया।


बिलासपुर लेखक संघ की काव्य गोष्ठी में उपस्थित साहित्यकार एवं कवि।

## न्यूज ब्रीफ

### चंपा को चंबा प्रोग्रेसिव काउंसिल ने दी बधाई

**अनंत ज्ञान, चंबा।** लक्ष्मण क्लब चंबा में चंबा प्रोग्रेसिव काउंसिल की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता ई. सीपी सहगल ने की। बैठक में सदस्यों ने भगेइगढ़ की चम्पा ठाकुर के भारतीय कबड्डी टीम में विश्वकप चयन पर हार्दिक बधाई दी और कहा कि उन्होंने चम्बा और हिमाचल प्रदेश का मान बढ़ाया है। काउंसिल ने उन्हें विश्वकप में शानदार प्रदर्शन की शुभकामनाएं भी दीं। सदस्यों ने जिला में खेल प्रतिभाओं की कमी, प्रशिक्षित कोच और खेल मैदानों की स्थिति पर चिंता जताई और सरकार से सुधार की मांग की। इसके अलावा, मेडिकल कॉलेज सरोल से चम्बा हॉस्पिटल तक बस सेवा, बालू-पक्का टाला-चंबा सड़क का विस्तार और अधूरे बेंडिंग जोन तथा पार्किंग कार्यों को जल्द पूरा करने की मांग भी की गई। बैठक में मेजर श्रीचंद नैयर, विश्वामित्र महाजन, डॉ. ओपी पुरी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### भरमौर में सांस्कृतिक संध्या 14 को : एडीएम

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** राज्यस्तरीय जनजातीय गौरव दिवस 2025 के उपलक्ष्य पर 14 नवंबर को भरमौर में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। यह जानकारी अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भरमौर कुलवीर सिंह राणा ने दी। इस सांस्कृतिक संध्या में केवल सिंह पठानिया उप मुख्य सचेतक हिमाचल प्रदेश सरकार बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। एडीएम भरमौर ने बताया कि इस सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान किया जाएगा जिसमें सुनील राणा, अजय भरमौरी, निशा जरयाल, सुभाष कौशल , रिशु रिहाल , कुशल धवल, निहारिका, पवन ठाकुर, केएस प्रेमी कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

### दुधारू पशुओं के स्वास्थ्य पर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** ग्राम पंचायत कुलेठ में जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में पशुपालन विभाग द्वारा एक दिवसीय पशुपालन जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में विभाग के अधिकारियों ने पशुपालकों को पशु प्रबंधन, पोषण, प्रजनन, पशु स्वास्थ्य और विभागीय योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। सर्दियों में दुधारू पशुओं के रखरखाव, पोषण और प्रबंधन पर विशेष टिप्स भी दिए गए। शिविर में लाए गए बीमार पशुओं का मौके पर ही उपचार किया गया। सहायक निदेशक भेड़ विकास भरमौर डॉ. सौरभ शर्मा ने बताया कि इसी तरह के शिविर 7 नवंबर को उलांसा और 10 नवंबर को लांमू में भी आयोजित किए गए। ग्राम पंचायत प्रधान शंकर दास ने विभाग का आभार व्यक्त किया और पशुपालकों से पशुपालन बढ़ावा देने की अपील की। इस अवसर पर डॉ. सौरभ शर्मा, डॉ. अटल शर्मा, उप-मंडलीय पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील, पशु चिकित्सक होली डॉ. रजत मसंद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### औरा स्कूल में स्वच्छता रैली का आयोजन

**अनंत, ज्ञान, धरवाला।** शिक्षा खंड भरमौर के अंतर्गत पड़ने वाली राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला औरा में जनजातिय गौरव दिवस के उपलक्ष्य पर स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान भाषण प्रतियोगिता व चित्रकला का भी आयोजन रहा, इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी ओम प्रकाश ने गौरव जनजातिय दिवस पर प्रकाश डाला वह बच्चों को जागृत किया। इतिहास के प्रवक्ता देवेंद्र शर्मा ने भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया वह चित्रकला में विनोद कुमार स्नातक कला व राकेश कुमार कला अध्यापक ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। विद्यालय स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें बबीता शर्मा व सरिता देवी अंजली कुमारी जोगिंदर राम पुरुषोत्तम व रतन कुमार तथा स्टाफ के अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

### शर्मा बने कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** रायजो तेकी गोजू रियु कराटे-डो एसोसिएशन ऑफ इंडिया की वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त होने पर सेंसाई बिजली शर्मा (5वीं डिग्री ब्लैक बेल्ट) को सर्वसम्मति से संगठन का अध्यक्ष चुना गया। साथ ही, अमित भारद्वाज (4वीं डिग्री ब्लैक बेल्ट) को महासचिव और अजय पटियाल को कोषाध्यक्ष के रूप में चयनित किया गया। अध्यक्ष चुने जाने के बाद सेंसाई बिजली शर्मा ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा कि नई कार्यकारिणी के नेतृत्व में कराटे प्रशिक्षण और अनुशासन की भावना को व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विस्तार गांव-गांव तक किया जाएगा, जिसमें महिलाओं को भी शामिल किया जाएगा। संगठन ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। नई टीम का उद्देश्य कराटे को युवाओं तक पहुंचाना और अनुशासन एवं आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है।

### कल चंबा प्रवास पर रहेंगे केवल सिंह पठानिया

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया 14 नवंबर से चम्बा प्रवास पर रहेंगे। विभागीय प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि केवल सिंह पठानिया 14 नवंबर को दोपहर चुवाड़ी-जोत-चंबा मार्ग का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने बताया कि उप मुख्य सचेतक दोपहर बाद प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त चंबा-भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग-154ए के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण करेंगे इसके पश्चात वह भरमौर में राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित होने वाली सांस्कृतिक संध्या में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और उनका रात्रि ठहराव भरमौर में रहेगा। 15 नवंबर को केवल सिंह पठानिया प्रातः 10-बजे अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कार्यालय भरमौर में जल शक्ति, लोक निर्माण विभाग, विद्युत बोर्ड व विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ आयोजित होने वाली समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के पश्चात भरमौर हेलीपैड में राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस के समापन समारोह में विधानसभा अध्यक्ष पठानिया के साथ विशेष अतिथि के रूप में शामिल रहेंगे।उप मुख्य सचेतक सायं 4 बजे भरमौर से डलहौज़ी के लिए प्रस्थान करेंगे और उनका रात्रि ठहराव डलहौजी में रहेगा। 17 नवंबर को केवल सिंह पठानिया 11 बजे डलहौजी से रैत (जिला कांगड़ा) के लिए प्रस्थान करेंगे।

### मारपीट और धमकी देने का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पुलिस थाना सरकाघाट में मारपीट और धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार मुकदमा नंबर 206/25 दिनांक 11-11-2025 धारा 126(2), 115(2), 315(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत दर्ज हुआ है।यह मामला 156(3) के तहत सरकाघाट कोर्ट से थाना भेजा गया। शिकायतकर्ता रणवीर सिंह पुत्र भागीरथ, निवासी गांव कोटलू, डाकघर गोपालपुर, तहसील सरकाघाट ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि इंद्री देवी पत्नी ख्याली राम और कर्ण कुमार, निवासी कोटलू, ने उसके साथ मारपीट की और गंदी-गंदी गालियां देते हुए धमकियां दीं। रणवीर सिंह ने बताया कि आरोपियों ने उसे धमकाया कि वह उनके परिवार को बीपीएल सूची से हटाने के आरोप में झूठे मुकदमों में फंसाएंगे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दुकानदार से सात बोतलें अवैध शरब बरामद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पुलिस थाना धर्मपुर के तहत अवैध शराब बेचने के मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार मुकदमा थाना धर्मपुर में दर्ज हुआ। एएसआई विकास शर्मा अपनी टीम सहित गंत्रैलू चौक में मौजूद थे, तभी मुखबिर खास से सूचना मिली कि मेघ राज पुत्र स्वर्गीय गांधी राम, निवासी गांव तड़ा (सरस्कान), डाकघर बरोटी, तहसील धर्मपुर, जिला मंडी, अपनी किराने की दुकान में अवैध शराब बेचने का कारोबार करता है।पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उक्त दुकान की तलाशी ली, जिसमें से सात बोतलें ऊना नंबर 01 (कुल मात्रा 5250 एमएल) बरामद की गईं। पुलिस ने शराब को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जन शिकायत निवारण समिति की बैठक कल

**अनंत ज्ञान, देहरा।** उपमंडलाधिकारी (ना.) देहरा कुलवंत सिंह पोटन ने जानकारी देते हुए बताया कि बचत भवन देहरा के सभागार कक्ष में 14 नवम्बर 2025 को उपमंडल स्तरीय जन शिकायत निवारण समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता विधायक कमलेश ठाकुर करेंगे। उन्होंने बताया कि इस बैठक में उपमंडल क्षेत्र के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष भाग लेंगे एवं उपमंडल में चल रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। साथ ही जनता की समस्याओं एवं शिकायतों पर भी चर्चा की जाएगी ताकि उनके समयबद्ध समाधान हेतु प्रभावी कदम उठाए जा सकें।

### एग्जीक्यूटिव व सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** क्लब महिंद्रा धर्मशाला में एग्जीक्यूटिव और सुपरवाइजर (पुरुष एवं महिला) के दो पदों पर भर्ती की जाएगी। क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार 18 नवंबर को सुबह 9 बजे क्लब महिंद्रा सिद्धपुर, धर्मशाला में साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। योग्यता ग्रेजुएट के साथ गुड कम्युनिकेशन स्किल निर्धारित की गई है तथा आयु सीमा 18 से 45 वर्ष है। वेतनमान 12,750 से 17,640 रुपए प्रतिमाह रहेगा। उम्मीदवारों को विभागीय वेबसाइट पर लॉगिन कर आवेदन करना आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल 8091453215 पर संपर्क किया जा सकता है।

# विस अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को परिश्रम करने व नशे से दूर रहने की दी सलाह

## बलेरा स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बोले कुलदीप सिंह पठानिया

**अनंत ज्ञान, चंबा**

डलहौजी उपमंडल के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलेरा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विस अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्थानीय क्षेत्रवासियों की बड़ी संख्या ने भाग लिया। इस अवसर पर छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और शिक्षा, खेल तथा अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया।



होनहारों को सम्मानित करने के बाद विस अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया व अन्य।

कुलदीप सिंह पठानिया ने शिक्षा में गुणात्मक सुधार और ढांचागत विकास के लिए प्रदेश सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गरीब बच्चों को उच्च शिक्षा में समान अवसर प्रदान करने के लिए सभी संभव उपाय किए जा रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम करने और नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने अभिभावकों और स्थानीय लोगों से भी नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने विद्यालय परिसर में 39 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसमें रावमावि बलेरा के अपवर्धन कार्य, नवनिर्मित अटल टिकरिंग लैब, पुस्तकालय, सामुदायिक भवन और कामन सर्विस सेंटर शामिल हैं। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कार राशि प्रदान की। समारोह में जिला परिषद सदस्य, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, निदेशक वूल फैडरेशन, कांग्रेस एसटी सैल अध्यक्ष, प्रधान ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि, उप पुलिस अधीक्षक, तहसीलदार, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग के अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

विद्यालय के प्रधानाचार्य जगजीत आजाद ने मुख्य अतिथि और अतिथियों का स्वागत करते हुए स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कुलदीप सिंह पठानिया ने उपस्थित लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने इस क्षेत्र में शिक्षा, सड़क और पेयजल योजनाओं के माध्यम से विकास की निरंतर प्रक्रिया जारी रखने का आश्वासन दिया।

# योग्य विद्यार्थियों को सहायक उपकरण कराए जाएंगे उपलब्ध

- समग्र शिक्षा के तहत चंबा में चिकित्सा मूल्यांकन शिविर आयोजित
- डाईट चंबा ने की स्वास्थ्य व शिक्षा में समावेशिता बढ़ाने के लिए शिविरों की घोषणा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

समग्र शिक्षा के अंतर्गत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सरू चंबा द्वारा 12 नवंबर को बीआरसीसी कार्यालय सलूणी में एक दिवसीय चिकित्सा मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उप शिक्षा निदेशक गुणवत्ता एवं जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा भाग सिंह ने की। शिविर भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम और सांफिया फाउंडेशन कुल्लू के सहयोग से संपन्न हुआ।

इस शिविर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम ने विद्यार्थियों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया, जबकि सांफिया फाउंडेशन की टीम ने फिजियोथेरेपी जांच और परामर्श प्रदान किया। कुल 35 विद्यार्थियों का मूल्यांकन किया गया। योग्य विद्यार्थियों को समग्र शिक्षा, चंबा की ओर से सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि वे अपनी शिक्षा और दैनिक गतिविधियों में बेहतर भागीदारी कर सकें।

डाईट चंबा के जिला समन्वयक रमेश चंद ने बताया कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं और सहायक उपकरण प्रदान करना है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और मुख्य शिक्षा धारा में शामिल रह सकें। इसके अलावा 13 नवंबर को बी.आर.सी. कार्यालय तीसरा, 14 नवम्बर को बीआरसी कार्यालय चंबा और 15 नवम्बर को बी.आर.सी. कार्यालय चुवाडी में इसी प्रकार के शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की बैठक में कर्मियों के हितों पर हुई चर्चा

# नई कार्यकारिणी गठित, प्रवीण मेहता बने अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ चंबा की बैठक बचत भवन में पूर्व जिला अध्यक्ष अजय जरयाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला के विभिन्न विभागों से लगभग 300 कर्मचारी उपस्थित रहे। सेवानिवृत्त होने के उपरांत अजय जरयाल ने अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दिया। इसके बाद संगठन के कार्यों और आगामी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई।



अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की नई कार्यकारिणी का स्वागत किया गया।

बैठक में प्रमुख विषयों में जिला कार्यकारिणी के रिक्त पदों को भरना, महासंघ के स्थापना दिवस (20 नवंबर) की तैयारियां, कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर विचार और जिला मुख्यालय में निर्माणाधीन एनजीओ भवन के शीघ्र पूर्ण होने पर चर्चा शामिल रही। विस्तृत विचार-विमर्श के पश्चात नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया।

प्रवीण कुमार मेहता को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा नरेश शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, परीक्षित धवन महासचिव, पवन राणा मुख्य सलाहकार, भूपेंद्र ठाकुर सिटी यूनिट अध्यक्ष, तथा अन्य पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रवीण कुमार मेहता ने कर्मचारियों द्वारा जताए विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि वे कर्मचारियों के हितों की रक्षा तथा समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर कार्य करेंगे। उन्होंने सभी कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे अपनी समस्याओं को लिखित या मौखिक रूप में महासंघ तक पहुँचाएं, ताकि संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर उचित समाधान निकाला जा सके। प्रवीण मेहता ने सरकार से आग्रह किया कि कर्मचारियों के वित्तीय और सेवा संबंधी हितों में सकारात्मक निर्णय लिए जाएँ। उन्होंने यह भी बताया कि विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए कार्यकारिणी का और विस्तार शीघ्र किया जाएगा, ताकि संगठन और अधिक सशक्त और प्रभावी बने।

# स्वास्थ्यकर्मियों को सशक्त बनाने का उद्देश्य

## चंबा में 'किलकारी मोबाइल अकादमी' का प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंबा**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, चंबा द्वारा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से और अरमान संस्था द्वारा संचालित 'किलकारी मोबाइल अकादमी' पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन ठाकुर ने की।



'किलकारी मोबाइल अकादमी' प्रशिक्षण शिविर की सीएमओ डॉ. विपिन ने की

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि किलकारी भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की एक अभिनव मोबाइल-आधारित पहल है, जिसके माध्यम से गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की माताओं को समय-समय पर वॉइस मैसेज के जरिए आवश्यक स्वास्थ्य-संबंधी जानकारी एवं परामर्श प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि किलकारी ने ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों की महिलाओं तक सही स्वास्थ्य जानकारी पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अब इस तकनीक को स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मियों तक पहुंचाकर सेवा-प्रदाय की गुणवत्ता में और वृद्धि की जा रही है।

स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजर दिग्विजय सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में किलकारी मोबाइल अकैडमी के उपयोग, लाभ एवं तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने प्रतिभागियों को इस पहल को ग्राम-स्तर तक प्रभावी रूप से लागू करने हेतु प्रशिक्षित किया, ताकि मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कविता महाजन, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरीश पुरी, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवदीप राठौर, डॉ. सुनील कक्कड़, डॉ. दीपेश, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. पदमा अग्रवाल, डॉ. विवेक, तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर और डेटा एंट्री ऑपरेटर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं को तकनीकी माध्यमों से और अधिक प्रभावी बनाना तथा स्वास्थ्यकर्मियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रशिक्षित कर जागरूकता बढ़ाना था।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में द्रबला ब्वॉयज बना चैंपियन

## स्वतंत्रता सेनानी स्व पंडित विद्याधर को समर्पित टूर्नामेंट संपन्न, व्हाइट टाइगर रही उपविजेता



स्वतंत्रता सेनानी स्व पंडित विद्याधर को समर्पित टूर्नामेंट के विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

खेल भावना और उत्साह से सराबोर द्रबला क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन बुधवार को पुलिस ग्राउंड बारगाह में हुआ। इस रोमांचक प्रतियोगिता की शुरुआत 18 सितंबर से हुई थी, जिसमें 50 से अधिक टीमों ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया।

फाइनल मुकाबले में द्रबला बॉयज़ ने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए व्हाइट टाइगर टीम को हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि व्हाइट टाइगर को उपविजेता घोषित किया गया। पूरे टूर्नामेंट के सभी मैच पुलिस ग्राउंड बरगाह में खेले गए, जहाँ दर्शकों की भारी भीड़ ने खिलाड़ियों का जोश और उत्साह बढ़ाया।

समापन समारोह में चुराह विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सुरेंद्र भारद्वाज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे, जिनके साथ उनकी धर्मपत्नी सुनीता भारद्वाज ने भी विशेष रूप से शिरकत की। मुख्य अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

टूर्नामेंट के सफल आयोजन और संचालन का दायित्व अरुण भारद्वाज, सुमित गुलेरिया और रविकांत भारद्वाज ने कुशलता से निभाया। यह पूरा आयोजन स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय पंडित विद्याधर की पावन स्मृति को समर्पित किया गया — जिन्होंने भारतीय राष्ट्रीय, कांग्रेस से पांच बार विधायक और तीन बार कैबिनेट मंत्री के रूप में हिमाचल प्रदेश की सेवा की थी।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय पंडित विद्याधर का योगदान स्वतंत्रता संग्राम और प्रदेश की राजनीति दोनों में अविस्मरणीय रहा है। उनका जीवन संघर्ष, समर्पण और सेवा का प्रतीक रहा है। ऐसे महान नेता की स्मृति में आयोजित यह टूर्नामेंट युवा पीढ़ी को प्रेरित करने वाला कदम है, जो खेल के माध्यम से एकता, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम का संदेश देता है।

आयोजन समिति के इस उत्कृष्ट प्रयास की पूरे क्षेत्र में सराहना की जा रही है। बरगाह में हुए इस खेल महाकुंभ ने न केवल खिलाड़ियों को मंच दिया, बल्कि समाज में खेल और सद्भाव की भावना को भी नई दिशा प्रदान की है।

# लापता बेटी के पिता ने पुलिस प्रशासन से लगाई न्याय की गुहार



लापता बेटी की तलाश को लेकर प्रशासन और पुलिस से गुहार लगाते हुए।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला चंबा के उपमंडल सलूनी के अंतर्गत आने वाले एक गाँव के निवासी एक पीड़ित पिता ने अपनी लापता बेटी की तलाश के लिए प्रशासन और पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित पिता ने बताया कि उनकी 23 वर्षीय बेटी, जो पढ़ाई के सिलसिले में चंबा के बालू क्षेत्र में किराये के मकान में रहती थी और कंप्यूटर कोर्स कर रही थी, 28 सितंबर 2025 से रहस्यमय परिस्थितियों में गायब है।


परिजनों के अनुसार, बेटी के गायब होने के बाद उन्होंने पुलिस थाना चंबा में एफआईआर दर्ज करवाई थी। मगर लगभग डेढ़ माह बीत जाने के बावजूद पुलिस अब तक कोई ठोस सुराग नहीं जुटा पाई है। पिता का आरोप है कि उनकी बेटी को एक नर्सिंग शिक्षक के साथ आखिरी बार देखा गया था, जिसका फुटेज सीसीटीवी में भी सामने आया है। उन्होंने यह भी बताया कि संबंधित शिक्षक की पत्नी ने स्वयं कई बार बेटी को लेकर चेतावनी दी थी।

पीड़ित पिता ने आरोप लगाया है कि मामले में पुलिस की लापरवाही के चलते आरोपी अब तक खुलेआम घूम रहा है, जबकि परिवार गहरी पीड़ा और असमंजस में है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए और उनकी बेटी को जल्द से जल्द बरामद किया जाए।

स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से इस प्रकरण को गंभीरता से लेने की मांग की है, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके और ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति पर रोक लगाई जा सके।

# दुर्गम क्षेत्रों में राशन व आवश्यक दवाइयों का भंडारण करें सुनिश्चित : हेमराज बैरवा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



सर्दियों के सीजन में हिमपात तथा बारिश आरंभ होने से पहले आपदा से बचाव के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां आरंभ कर दी हैं। इस बाबत उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बुधवार को एनआईसी सभागार में सर्दियों के सीजन में आपदा से निपटने की पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि मौसम के पूर्वानुमान की जानकारी नियमित तौर पर लोगों तक पहुंचाने के लिए भी उपयुक्त कदम उठाए जाएंगे ताकि आम जनमानस पहले से ही मौसम को लेकर पहले से अलर्ट रहें। उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिला में हिमपात की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में ट्रैकिंग पर अंकुश लगाया जाएगा इसके साथ ही भू-स्खलन को लेकर संवेदनशील सडकों एवं अन्य जगहों की सूची पहले से तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। भू-स्खलन इत्यादि से होने वाले नुक्सान को कम करने की दिशा में कारगर कदम उठाए जाएं इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग, आईपीएच तथा विद्युत विभाग को आपदा प्रबंधन की दृष्टि से जेसीबी मशीनें और आवश्यक उपकरण भी पहले से तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त ने कहा कि खाद्य आपूर्ति विभाग को भी आवश्यक खाद्य वस्तुओं का दुर्गम क्षेत्रों में भंडारण सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान राहत कार्यों में किसी भी स्तर पर बिलंब नहीं किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला स्तर तथा उपमंडल स्तर पर आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम खोलने के लिए दिशा-निर्देश भी दे दिए गया हैं ताकि आपदा से त्वरित प्रभाव से निपटा जा सके। उपायुक्त ने कहा कि सभी विभागों को सर्दियों के सीजन के दौरान आपदा प्रबंधन से जुड़े कार्यों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने निर्देश भी दिए गए हैं ताकि आपदा प्रबंधन का कार्य सुचारू रूप से सके। उन्होंने कहा कि सभी उपमंडलाधिकारियों को पंचायत प्रतिनिधियों तथा वालंटियर्स के साथ आपदा प्रबंधन को लेकर आवश्यक बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## छोटाभंगाल व चौहार घाटी में सब्जियों की बिक्री का सीजन समाप्त, आलू का जारी

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटाभंगाल घाटी तथा चौहार घाटी में इस वर्ष नगदी फसलों फूल गोभी, बंद गोभी, ब्रोकली, मूली, मटर, चुकंदर आदि सब्जियों की बिक्री का अंतिम सीजन पूरी तरह समाप्त हो गया है, जबकि नगदी फसल आलू की बिक्री का सिलसिला अभी भी जारी है। घाटियों के सब्जी उत्पादक हरीदेव, डागी राम, जसवंत सिंह, सुशील कुमार, धर्म चंद, मिलाप चंद और भीम सिंह ने बताया कि इस वर्ष भारी बरसात और जगह-जगह भूस्खलन के कारण मंडियों तक पहुंचने में कठिनाई से सब्जियों का काफी नुकसान हुआ, लेकिन बावजूद इसके सब्जियों के दाम अच्छे मिलने से उस नुकसान की कुछ हद तक भरपाई हो गई।

उत्पादकों के अनुसार इस वर्ष आलू शुरुआती समय में पांच सौ रुपये प्रति चालीस किलोग्राम के हिसाब से और वर्तमान में आठ सौ रुपये प्रति चालीस किलोग्राम तक बिक रहा है, जबकि बंद गोभी 15 से 35 रुपये, फूल गोभी ग्रेड ए 100 से 455 रुपये, ग्रेड बी 25 से 50 रुपये, धनिया 50 से 212 रुपये, मूली 8 से 24 रुपये, मीठा करेला 10 से 22 रुपये, चुकंदर 25 से 50 रुपये और मटर 80 से 325 रुपये प्रति किलोग्राम तक बिक्री हुआ है। किसानों का कहना है कि इस वर्ष सब्जियों के अच्छे दाम मिलने से बरसात के समय हुए नुकसान की कुछ हद तक भरपाई हो गई है।

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी तहसील डलहौजी जिला चम्बा हि.प्र.।**

मिसल नम्बर 16/P/THE/2025

**श्रीमति बवली देवी पत्नी श्री निधिया राम निवासी गोली डाकघर गोली तहसील डलहौजी।**

**प्रार्थीन**

**बनाम**

1. श्रीमति विघो पत्नि श्री हुश्यारू पुत्र चन्दो गांव व मोहाल मलुडा डाकखाना बाथरी तहसील डल्हौजी जिला चम्बा हि0 प्र0। 2. श्री बालक राम पुत्र श्री नाथो पुत्र चन्दो गांव व मोहाल मलुडा डाकखाना बाथरी तहसील डल्हौजी जिला चम्बा हि0 प्र0 । 3. श्री प्रीतम चन्द पुत्र श्री नाथो पुत्र चन्दो गांव व मोहाल मलुडा डाकखाना बाथरी तहसील डल्हौजी जिला चम्बा हि0 प्र0। 4. श्री अविनाश पुत्र श्री चमन लाल पुत्र पूर्ण गांव व मोहाल मलुडा डाकखाना बाथरी तहसील डल्हौजी जिला चम्बा हि0 प्र0। 5. श्री अभीषेक पुत्र श्री चमन लाल पुत्र पूर्ण गांव व मोहाल मलुडा डाकखाना बाथरी तहसील डल्हौजी जिला चम्बा हि0 प्र0। 6. श्रीमति किरण देवी पत्नि श्री चमन लाल पुत्र पूर्ण गांव व मोहाल मलुडा डाकखाना बाथरी तहसील डल्हौजी जिला चम्बा हि0 प्र0। 7. श्री पवन कुमार पुत्र श्री पूर्ण पुत्र श्री चन्दो गांव व मोहाल मलुडा डाकखाना बाथरी तहसील डल्हौजी जिला चम्बा हि0 प्र0। 8. श्रीमति कौला पत्नि श्री पूर्ण पुत्र श्री चन्दो गांव व मोहाल मलुडा डाकखाना बाथरी तहसील डल्हौजी जिला चम्बा हि0 प्र0। 9. श्री प्रवीन कुमार पुत्र श्री दुलो पुत्र श्री चन्दो गांव व मोहाल मलुडा डाकखाना बाथरी तहसील डल्हौजी जिला चम्बा हि0 प्र0 । 10. श्रीमति सुरमी देवी पत्नि श्री दुलो पुत्र श्री चन्दो गांव व मोहाल मलुडा डाकखाना बाथरी तहसील डल्हौजी जिला चम्बा हि0 प्र0 । 11. श्री अभीलेश पुत्र श्री मुलखो पुत्र श्री चन्दो गांव व मोहाल मलुडा डाकखाना बाथरी तहसील डल्हौजी जिला चम्बा हि0 प्र0। 12. श्रीमति बोबी देवी पुत्री श्री मुलखो पुत्र श्री चन्दो गांव व मोहाल मलुडा डाकखाना बाथरी तहसील डल्हौजी जिला चम्बा हि0 प्र0। 13. श्रीमति सुन्डी देवी पत्नि श्री अमरो पुत्र श्री चन्दो गांव व मोहाल मलुडा डाकखाना बाथरी तहसील डल्हौजी जिला चम्बा हि0 प्र0। 14. श्री रतो उर्फ रतन चन्द पुत्र श्री चन्दो पुत्र श्री घिन्को गांव व मोहाल मलुडा डाकखाना बाथरी तहसील डल्हौजी जिला चम्बा हि0 प्र0। 15. श्रीमति बदामु पत्नि श्री चन्दो पुत्र श्री घिन्को गांव व मोहाल मलुडा डाकखाना बाथरी तहसील डल्हौजी जिला चम्बा हि0 प्र0। 16. श्री ज्ञान चन्द पुत्र श्री रसीला राम पुत्र श्री सुन्दर गांव व मोहाल मलुडा डाकखाना बाथरी तहसील डल्हौजी जिला चम्बा हि0 प्र0 । 17. श्री फकीर चन्द पुत्र श्री रसीला राम पुत्र श्री सुन्दर गांव व मोहाल मलुडा डाकखाना बाथरी तहसील डल्हौजी जिला चम्बा हि0 प्र0। 18. श्री किशोरी लाल पुत्र श्री बैन्सु पुत्र श्री सुन्दर गांव व मोहाल मलुडा डाकखाना बाथरी तहसील डल्हौजी जिला चम्बा हि0 प्र0 । 19. श्री तिलक सिंह पुत्र श्री ज्ञान सिंह पुत्र श्री रिझा सिंह गांव लघेरा डाकखाना तुन्नुहट्टी उप-तहसील ककीरा जिला चम्बा हि0 प्र0। 20. श्री नागेश कुमार पुत्र श्री मुन्शी पुत्र श्री मोती गांव पंडोल परगना शेरपुर तहसील डल्हौजी जिला चम्बा हि0 प्र0 । ......*प्रत्यार्थीगण*

प्रार्थना तकसीम दावा मुहाल मलूडा खाता नम्बर 23/25 किता-20 रक्वा तदादी 11-05-00 बीघा तहसील डलहौजी । उपरोक्त प्रार्थी ने अधोहस्ताक्षरी की अदालत में मौजा मलूडा परगना बाथरी के उपरोक्त 23/25 किता-20 रक्वा तदादी 11-05-00 बीघा तहसील डलहौजी जिला चम्बा हिमाचल प्रदेश की तकसीम करवाने हेतु दरख्वास्त गुजारी है। प्रत्यार्थी नम्बर 12, 13, 14 व प्रतिवादी नम्बर 15 को बार बार समन जारी किये गये लेकिन समन की तामिल नही हो पाई। इस सम्बन्ध में उपरोक्त प्रत्यार्थी को बजरिया इश्तहार समाचार पत्र व मुशतरी मुनादी द्वारा सूचित किया जाता है कि वह असालतन या वकालतन अदालत अधो-हस्ताक्षरी दिनांक 26.11.2025 को या इससे पूर्व हाजिर आकर अपना एतराज दर्ज करवा सकता है। अन्यथा गैर-हाजिरी की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जा करके तकसीम में अग्रिम कार्यवाही करने के आदेश दे दिए जाएगें।

इश्तहार आज दिनांक 03.11.25 को मेरे हस्ताक्षर व अदालत मोहर से जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता, प्रथम श्रेणी डलहौजी**

**जिला चम्बा चम्बा हिमाचल प्रदेश**

**अनुशासन** किसी के ऊपर थोपा नहीं जाता, अपितु आत्म अनुशासन लाया जाता है।

–अटल बिहारी बाजपेयी

## संपादकीय

# महिलाओं की सुरक्षा पर चिंता

महिलाएं आज चांद पर कदम रख चुकी हैं, विज्ञान, राजनीति, खेल, प्रशासन, सेना और कॉरपोरेट की ऊंचाइयों को छू रही हैं, लेकिन यह विडंबना ही है कि इस आधुनिक युग में भी उन्हें अपने अस्तित्व और सुरक्षा को लेकर डर महसूस करना पड़ता है। समाज की सोच, व्यवस्था और नीति–तीनों ही स्तरों पर आज भी महिलाओं के प्रति भेदभाव और असुरक्षा की दीवारें खड़ी हैं। इस हकीकत से इनकार नहीं किया जा सकता कि महिलाएं आज भी कई जगहों पर सम्मानजनक और सुरक्षित माहौल से वंचित हैं।

हाल ही में शिमला आई राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया किशोर रहाटकर ने भी इसी चिंता को रेखांकित किया। उन्होंने कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा और सम्मानजनक माहौल को लेकर गंभीरता दिखाई और कहा कि महिलाओं के लिए ऐसा वातावरण बनाना जरूरी है, जहां वे आत्मविश्वास के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। उनका यह बयान किसी औपचारिक टिप्पणी से कहीं अधिक गहराई रखता है, क्योंकि यह सीधे उस सच्चाई को उजागर करता है जो समाज की सतह के नीचे दबे हुए दर्द के रूप में मौजूद है। देश में महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। वे रात–दिन काम कर रही हैं, जिम्मेदारियां उठा रही हैं और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं, मगर सवाल यह है कि क्या समाज और व्यवस्था ने उन्हें इसके लिए पूरी सुरक्षा दी है? जवाब दुखद रूप से 'नहीं' है। सभ्य माने जाने वाले हिमाचल प्रदेश में भी दुष्कर्म, छेड़छाड़ और पोक्सो एक्ट के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। यह स्थिति बताती है कि महिलाओं की सुरक्षा केवल कागजों पर है, जमीन पर नहीं।

महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बने कानून चाहे वह 'पोक्सो एक्ट' हो, 'कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013' या फिर 'घरेलू हिंसा अधिनियम'– इनका उद्देश्य भले ही सराहनीय है, लेकिन इनका क्रियान्वयन बेहद कमजोर है। शिकायतें दर्ज तो होती हैं, परंतु न्याय की प्रक्रिया लंबी, थकाऊ और कई बार अपमानजनक बन जाती है। यही वजह है कि अनेक महिलाएं शिकायत दर्ज कराने से कतराती हैं। उन्हें लगता है कि लड़ाई सिर्फ अपराधी से नहीं, बल्कि समाज की उस सोच से भी है जो आज भी पीड़िता को दोषी ठहराने में देर नहीं करती।

दरअसल, सुरक्षा का अर्थ केवल पुलिस पेट्रोलिंग या कैमरे लगाना नहीं है। सुरक्षा का सबसे बड़ा आधार सामाजिक मानसिकता है। जब तक पुरुष प्रधान सोच में बदलाव नहीं आता, तब तक महिलाएं कितने भी कानूनों के साये में रहें, सुरक्षित महसूस नहीं कर पाएंगी। हमारे समाज में अब भी यह धारणा व्याप्त है कि महिला 'कमजोर' है और उसकी भूमिका घर तक सीमित है। यह सोच न सिर्फ उनके आत्मविश्वास को कमजोर करती है, बल्कि उन्हें बराबरी के अधिकार से भी वंचित करती है।

आज भी अनेक पढ़ी–लिखी महिलाएं नौकरी करने से परहेज करती हैं, क्योंकि उन्हें डर है कि कार्यस्थल पर माहौल सुरक्षित नहीं होगा। उन्हें डर है कि कोई अनुचित व्यवहार या टिप्पणी उनके चरित्र पर सवाल खड़े कर देगी। यह डर ही हमारे सामाजिक ढांचे की सबसे बड़ी विफलता है। एक ऐसा देश जो 'नारी शक्ति' का जयघोष करता है, वहां महिलाओं को हर कदम पर अपने अस्तित्व की रक्षा करनी पड़ती है–यह गहरी चिंता का विषय है।

महिला आयोग, पुलिस और न्यायिक संस्थाओं की भूमिका यहां बेहद अहम हो जाती है। उनका दायित्व केवल शिकायतों का निपटारा करना नहीं, बल्कि एक ऐसी संवेदनशील संस्कृति का निर्माण करना है जहां किसी महिला को अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने से पहले दस बार सोचने की जरूरत न पड़े। महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक करना भी उतना ही जरूरी है, जितना कि समाज को जिम्मेदारी का एहसास कराना।

भारत को अब यह समझना होगा कि महिलाओं की सुरक्षा केवल महिलाओं का मुद्दा नहीं, बल्कि यह समाज की नैतिकता और विकास का मानक है। यदि हम वाकई एक आधुनिक और विकसित देश बनना चाहते हैं, तो हमें कार्यसंस्कृति, कानून के पालन और सामाजिक व्यवहार में उन मूल्यों को स्थापित करना होगा जो महिलाओं को बराबरी का दर्जा दें, न कि दया का पात्र बनाएं। महिलाओं के बिना समाज की कल्पना अधूरी है। वह न केवल घर का प्रबंधन करती हैं, बल्कि रिश्तों को जोड़ती है। ■

## आज की प्रमुख हस्ती

### सिख इतिहास के महान योद्धा

**सिख** इतिहास के महान योद्धा, न्यायप्रिय शासक और शेर–ए–पंजाब के नाम से प्रसिद्ध महाराजा रणजीत सिंह धार्मिक सहिष्णुता और कला–कलाओं के संवर्धन में विश्वास रखते थे। वे सभी धर्मों का सम्मान करते थे और अपने



महाराजा रणजीत सिंह
जन्म : 13 नवंबर, 1780
मृत्यु : 27 जून, 1839

दरबार में हिंदू, सिख और मुसलमान अधिकारियों को समान रूप से उच्च पद प्रदान करते थे। उनके शासनकाल में लाहौर और अमृतसर में कला, साहित्य और संगीत को प्रोत्साहन मिला।

उन्होंने अपने राज्य को सुव्यवस्थित और न्यायप्रिय बनाने के लिए कई कदम उठाए। उनका प्रशासन 'सरकार खालसा' कहलाता था। उन्होंने अपने साम्राज्य का विस्तार कई क्षेत्रों में किया। 1799 ई. में लाहौर पर अधिकार किया। 1803–1805 ई. में अकालगढ़, कसूर, झंग और अमृतसर पर कब्जा किया। 1806–1807 ई. में लुधियाना, नारायणगढ़ और फिरोजपुर सहित अन्य रियासतों पर प्रभाव बढ़ाया। 1809 ई. में कांगड़ा पर अधिकार किया। 1818 ई. में विजय प्राप्त हुई। 1819 ई. में अतामोहम्मद से कश्मीर पर कब्जा किया और कोहिनूर हीरा प्राप्त किया। 1823–1834 ई. में पूर्ण रूप से सिख साम्राज्य में सम्मिलित किया। 1836 ई. में सिख सेनापति जोरावर सिंह ने लद्दाख पर अधिकार कर लिया। उनका निधन 27 जून 1839, लाहौर में हुआ। उनके बाद अंग्रेजों ने 1845 में आक्रमण कर दिया, और बाद में कोहिनूर हीरा ब्रिटेन के हाथों में चला गया। उनके शासनकाल की विरासत आज भी पंजाब व भारत की संस्कृति, इतिहास और लोककथाओं में जीवित है। ■



कविता

### ठंडी हवा का झोंका

कैप्टन डॉक्टर जय महलवाल अनजान
बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश

**सर्द** मौसम का कहर जान लेकर जाएगा,
ठंडी हवा का झोंका दिल को छलनी कर जाएगा।
कोठे पर बर्फ की परत जम जाएगी,
सर्द रातें लंबी और अंधेरी होती जाएंगी।
पेड़–पौधे सूख जाएंगे, फूल म्लान होंगे,
सर्दी की मार से सब त्रस्त होंगे।
धूप की किरणें भी कमजोर पड़ जाएंगी,
सर्द मौसम की ठंडक हड्डियों में जम जाएगी।
रातें लंबी और दिन छोटे हो जाएंगे,
सर्द हवाएं दिल को ठंडा कर जाएंगी।
लौट आएगी सर्दी की वह रात,
जब ठंड से बचने का नहीं होगा कोई ठिकाना।
सर्द मौसम का कहर जान लेकर जाएगा,
ठंडी हवाएं दिल को छलनी कर जाएंगी।
सर्दी की मार से बचने का उपाय,
गर्म कपड़ों में छुपकर सर्दी को हराना।

# दलहन आत्मनिर्भरता मिशन: किसानों को सशक्त बनाने का प्रयास

दलहन, भारत की खाद्य और कृषि परंपराओं का एक अभिन्न अंग हैं, जो नागरिकों की पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ–साथ करोड़ों किसानों को आजीविका भी प्रदान करती हैं। दलहन, स्वास्थ्यप्रद होने के साथ–साथ प्रोटीन का भी एक प्रमुख स्रोत हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में वर्ष 2030–31 तक दलहन आत्मनिर्भरता में वृद्धि करने हेतु 11,440 करोड़ रुपए के आवंटन के साथ 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' का शुभारंभ किया।


इस अवसर पर, प्रधानमंत्री ने कहा, 'दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन का उद्देश्य न सिर्फ दाल उत्पादन में वृद्धि करना है, अपितु पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराकर भावी पीढ़ियों को सशक्त बनाना भी है।' मिशन का उद्देश्य, उच्च उपज वाले बीजों और किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करने के साथ–साथ दलहन की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए पोषण सुरक्षा प्राप्त करने पर केंद्रित है।

**दलहन उत्पादन की चुनौतियां :** भारत में फसल वर्ष 2014–2016 के दौरान दलहन उत्पादन कम हुआ, इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, भारत सरकार ने उत्पादन बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। इन निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप, दलहन उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यद्यपि घरेलू दलहन उत्पादन में लगातार वृद्धि हो रही है फिर भी दलहन की खपत आपूर्ति से अधिक बनी हुई है, जिसके फलस्वरूप समय–समय पर दालों के आयात की आवश्यकता पड़ती है। लंबे समय से आ रही आयात की चुनौतियों को दूर करने हेतु दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता आवश्यक है। अधिकांशत: वर्षा सिंचित दलहन फसलें अनियमित वर्षा और सूखा, दोनों ही स्थितियों से प्रभावित होती हैं। मौसम संबंधी अनिश्चितताओं के अलावा, कीटों और रोगों का खतरा तथा उन्नत बीजों की सीमित उपलब्धता के कारण कम उत्पादकता भी दलहन के उत्पादन को प्रभावित करती है।

'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' में पांच वर्षों की लक्षित अवधि के भीतर भारत की कृषि अर्थव्यवस्था को बदलने की अपार क्षमता है। इस मिशन का उद्देश्य उत्पादकता और उत्पादन में वृद्धि करके इन चुनौतियों का सामना करना है इसमें दलहन की खेती किसानों के लिए अधिक लाभदायक और विश्वसनीय बनेगी साथ ही साथ राष्ट्र के लिए एक स्थायी और प्रोटीन युक्त खाद्य स्रोत सुनिश्चित होगा।

**दलहन में आत्मनिर्भरता हेतु रणनीति :** दलहन आत्मनिर्भरता मिशन, बीज से लेकर बाजार तक, एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाते हुए इस अंतर को कम करने का प्रयास करता है, जिससे अंतत: उत्पादन, उत्पादकता और किसानों की आय में वृद्धि होगी। यह मिशन, प्रभावी कार्यान्वयन और व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए किसान उत्पादक संगठनों और सहकारी समितियों की अधिक भागीदारी के साथ एक क्लस्टर–आधारित कार्यनीति का पालन करेगा। लक्षित उपायों के साथ क्षेत्र और उपज क्षमता के आधार पर







डॉ. देवेश चतुर्वेदी, सचिव और संजय कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, भारत सरकार

फसल विशिष्ट क्लस्टर विकसित किए जाएंगे। इस मिशन के अंतर्गत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और अंतरराष्ट्रीय कृषि अनुसंधान पर सलाहकार समूह जैसे संस्थानों की मदद से अधिक उपज वाले, जलवायु–सहिष्णु और उच्च तापमान प्रतिरोधी बीज विकसित किए जाएंगे। यह मिशन, एक प्रभावी बीज शृंखला के माध्यम से अधिक उपज देने वाली किस्म के बीजों के उत्पादन और वितरण को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करेगा। इससे गुणवत्तापूर्ण ब्रीडर, फाउंडेशन और प्रमाणित बीजों की किसानों तक पहुंच सुनिश्चित होगी।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थानों, कृषि विज्ञान केंद्रों और राज्य कृषि विभागों द्वारा प्रदर्शन के माध्यम से किसानों को बेहतर कृषि पद्धतियों से अवगत कराया जाएगा। लक्षित चावल परती भूमि में संभावित विस्तार, फसल विविधीकरण और अंतर–फसली के जरिए दलहन की खेती के अंतर्गत क्षेत्र विस्तार में सहायता मिलेगी, जिसका आने वाले समय में भरपूर लाभ होगा।

**दलहन की दिशा में सशक्त पहल :** फसलोपरांत नुकसान को कम करने और किसानों को बेहतर मूल्य उपलब्ध कराने में सहायता हेतु देशभर में 1000 प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित की जाएंगी। आगामी चार वर्षों तक सभी पंजीकृत और इच्छुक किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर तुअर, उड़द और मसूर की खरीद की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। आशा है कि इन प्रयासों से किसानों में विश्वास बढ़ेगा, कीमतों में स्थिरता आएगी और सतत आय सुनिश्चित होगी।

इस मिशन का लक्ष्य वर्ष 2030–31 तक, दलहन की खेती के क्षेत्रफल को वर्ष 2023–24 में 275 लाख हेक्टेयर के मुकाबले बढ़ाकर 310 लाख हेक्टेयर करना और उत्पादन को 242 लाख टन से बढ़ाकर 350 लाख टन करना तथा दलहन उत्पादकता के स्तर को 881 किग्रा/हेक्टेयर से बढ़ाकर 1130 किग्रा/हेक्टेयर करना है। इस मिशन से सीधे तौर पर लगभग 2 करोड़ किसानों को सीधे लाभान्वित होने की आशा है।

**भविष्य में खुशहाली :** सरकार का लक्ष्य इस मिशन को सूक्ष्म सिंचाई, फसल बीमा, कृषि ऋण और मशीनीकरण जैसी योजनाओं से जोड़कर कृषि की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करना है। 'विजन 2047' के अनुरूप, यह पहल खाद्य–पोषण सुरक्षा को मजबूत करती है। बेहतर बीज, तकनीक और बाजार उपलब्ध कराकर यह मिशन किसानों के आत्मविश्वास और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# मनाली : हिमाचल की बर्फीली हवाओं और रंगीन संस्कृति का अद्‌भुत संगम

मनु आलय यानी मनाली– मतलब ऋषि मनु का आलय यानी घर– और अब दुनियाभर से आए पर्यटकों के लिए घर, जहां रहने को हजारों ठिकाने देसी–विदेशी खाना खाने के शौकीन लोगों के लिए ढाबे बेहतरीन रेस्तरां और उच्चस्तरीय होटल और उनके किचन हैं। यहां दुनिभर के लाजवाब रसोइए बनाते हैं लजीज और स्वाद भरे उंगलियां चाटने वाले व्यंजन । फिर चाहे बह नमकीन हों या मीठे । यहां हर प्रकार के रातों को रहने वाले होम स्टे तो हैं ही बल्कि भव्य होटल भी यहां की पहचान हैं। रातें सर्द बर्फीली हवाओं वाली चाहे कितनी भी ठंडी क्यों न हों मनाली का मॉल रोड किसी गुनगुनाती गर्माहट से कम नहीं।



राजेन्द्र पालमपुरी
वरिष्ठ साहित्यकार (हि.प्र)

सैकड़ों अजनबी चेहरों में भी सब एक–दूसरे को देखते हुए ऐसा अनुभव करते हैं जैसे आज उन सबकी खुशियां एक हों। जिंदगी सब कुछ छोड़ छाड़ कर मनाली के आगोश में सिमटकर रह जाती है चाहे कुछ दिनों, कुछ रातों के लिए ही सही । हिमाचल प्रदेश का अंतरराष्ट्रीय स्थल मनाली का मॉल हो या फिर यहीं तिब्बेतन मोनेस्ट्री का बुद्ध गोंपा जब तक यह बुद्ध मंदिर धार्मिक समयानुसार खुला रहता है मनाली आए और आस्था रखते हुए पर्यटक यहां बुद्ध धर्म से संबंधित अनेकों रीति रिवाजों से परिचित तो होते ही हैं, बल्कि विश्वास के धागों में बंधे हुए अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थनाएं करते हुए भी देखे जा सकते हैं ।

जून महीने की तपती दोपहरी में जहां मैदानी बड़े शहरों में तापमान झुलसा देने वाला होता है मतलब 42/45 डिग्री सेल्सियस से भी ऊपर तक चला जाता है वहीं, मनाली में सर सर करती बर्फ जैसी हवाएं जिस्म को ठंडक देकर आजू बाजू से निकलते हुए ताजगी भर जाती हैं। यहां गर्मी आते आते थककर रोहतांग दर्रे की बर्फीली हवाओं के साथ अठखेलियां करते हुए मनाली में घूमती नजर आती हैं और स्थानीय लोगों के साथ साथ आए हुए पर्यटकों को सर्दी का एहसास दिलाते हुए यहां मिलने वाले असली ऊन और पश्मीना के गर्म कपड़े पहनने को मजबूर कर देती है । अक्सर गर्मियों में यहां लोग गर्म कपड़े पहने दिखाई देते हैं। यहां की गर्म ऊनी शॉल और रंगदार कुल्लवी टोपी दुनिय भर में अपनी पहचान बनाए हुए है। साथ लगते जिला लाहुल–स्पीति से नकदी फसल जहां स्वादिष्ट आलू और हरी मटर की होती है वहीं, मनाली जिला कुल्लू में कैश क्रॉप सेब, चेरी, खुमानी, प्लम आदि बेहद लजीज फल हैं जिनकी अपनी महक, अपने स्वाद हैं। इन्हीं रंग–बिरंगे मनमोहक स्वादिष्ट और पौष्टिक फलों को यहां आए पर्यटक मनाली से जाते हुए अपने सगे संबंधियों और जान पहचान के लोगों के लिए बतौर उपहार ले जाना नहीं भूलते। यहां यह कहना भी आवश्यक हो जाता है कि हिमाचल प्रदेश में जहां पिछले 2–3 वर्षों से जुलाई–अगस्त में प्राकृतिक आपदा के चलते पर्यटन पर विपरीत प्रभाव पड़ा था वहीं, धीरे धीरे शासन–प्रशासन और यहां की स्थानीय जनता के अथक प्रयासों और सहयोग से प्रदेश में अब जनजीवन सामान्य होने लगा है। ब्यास–पार्वती तीर्थन आदि नदियों में भयंकर बाढ़ जैसी स्थिति रही है जिससे सड़कों की खस्ता हालत के चलते सरकार द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य किए जाने से अब यातायात सुविधा भी पटरी पर लौटने लगी है।



मनाली आने के लिए पहले से ही राष्ट्रीय उच्च मार्ग खोले जाने के साथ साथ ही संपर्क मार्ग पूर्ण रूप से खोल दिए गए हैं जिनके द्वारा पर्यटक बिना किसी परेशानी के सीधे कुल्लू होते हुए मनाली पहुंच सकते हैं, बल्कि अब तो हवाई मार्ग भी आम पर्यटक की सुविधा बन गए हैं । बला की खूबसूरती लिए हुए हमारे पहाड़ी हिमाचल प्रदेश में नदियों का उफान हमारी जवानी तो पहाड़ों की गर्जना हमारे हौसलों और बर्फ हमारी सहनशीलता को दर्शाते हैं। ऐसे ही कुछ और कारण भी हैं जिनके चलते हमारा यह पहाड़ी प्रदेश हमेशा अपना प्रभुत्व और अस्तित्व कायम रखते हुए प्रगतिशील रहा है विकासशील रहा है और रहेगा। इसीलिए हमारे इस पहाड़ी प्रदेश में आइए और जिंदगी का भरपूर आनंद लीजिए मजा लीजिए यह कहते हुए कि 'सुंदर हिमाचल–शांत हिमाचल।'

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल में नशा उन्मूलन की मुहिम के 'अग्रदूत' ओपी शर्मा


हिमाचल प्रदेश में नशे का उत्पादन, तस्करी और सेवन (उपलब्धता) और युवाओं में निरंतर फैलता यह जहर आज सरकारों और समाज में अविभावकों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। यह हमारे समाज, व्यवस्था और संबंधित जिम्मेवार लोगों के लिए गंभीर चिंतन का विषय बन चुका है।



विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी, शिक्षा खंड
गैहरा, जिला चंबा (हि. प्र)

इसके कारण और निवारण पर सभी आंखें मूंदे हुए लगते हैं, क्योंकि मानवीय संवेदना का अभाव दिखाई देता है। आज के युग में जब समाज नशे की अंधेरी खाई की ओर तेजी से बढ़ रहा है, तब कुछ लोग ऐसे भी हैं जो अपने जीवन का ध्येय समाज को इस विनाशकारी लहर से बचाना बना चुके हैं और नशे के विरुद्ध पिछले 25 वर्षों से एक धर्म युद्ध चलाए हुए हैं। ऐसे ही व्यक्तित्व हैं ओपी शर्मा, (ओम प्रकाश शर्मा) जो हिमाचल प्रदेश में नशा निवारण की दिशा में उम्मीद की किरण बनकर उभरे हैं। मूलत: पांगी–चुराह क्षेत्र से संबंध रखने वाले ओपी शर्मा पूर्व नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो (NCB) तथा विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों में तथा कुल्लू के मलाणा, मंडी के चौहार घाटी तथा चुराह–पांगी, भरमौर,चंबा मैहला के हजारों किसानों के मध्य अधिकारी और समाजसेवी के रूप में उन्होंने वर्षों तक मादक पदार्थों की रोकथाम और नियंत्रण के क्षेत्र में तथा प्राकृतिक कृषि बागवानी और पुष्प उत्पादन इत्यादि क्षेत्रों में अनुभव अर्जित किया, और अब उसी अनुभव को समाज कल्याण के कार्यों में समर्पित कर दिया है।

ओपी शर्मा का मानना है कि नशे की समस्या केवल कानून और दंड से नहीं, बल्कि जागरूकता, शिक्षा और उपचार एवं पुनर्वासन से समाप्त की जा सकती है। इसी सोच के साथ वे हिमाचल प्रदेश नशा निवारण बोर्ड के संयोजक और मुख्य सलाहकार के रूप में 2020–2022 तक कार्यरत रहे। अपने अनुभव और दूरदृष्टि के आधार पर उन्होंने प्रदेश की जरूरतों के आधार पर एक व्यावहारिक एकीकृत कार्यनीति तैयार की है, जिसके अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान को धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है।



वे केवल बैठकों और रिपोर्टों तक सीमित नहीं रहते, बल्कि स्वयं मैदान में उतरकर लोगों से संवाद करते हैं। वे विद्यालयों, महाविद्यालयों, शिक्षण संस्थानों और महिलाओं युवकों के मध्य में जाकर विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हैं। उनके व्याख्यान केवल जानकारी देने तक सीमित नहीं रहते, बल्कि प्रेरणा का स्रोत बनते हैं। उनके शब्दों में संवेदना, अनुभव और समाजसेवा का भाव झलकता है जो भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत है।

ओपी शर्मा का कहना है कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। वे वर्तमान ही नहीं, देश का भविष्य भी हैं। यदि यह युवाशक्ति राष्ट्रीय और सामाजिक मुख्यधारा से भटक जाए, तो समाज का संतुलन बिगड़ जाता है। इसलिए वे युवाओं को समझाते हैं कि नशा पलभर का आनंद और जीवनभर की बर्बादी है। वे उदाहरणों और आंकड़ों के माध्यम से बताते हैं कि नशे की लत व्यक्ति, परिवार और समाज सभी को प्रभावित करती है। उनकी कार्यशैली की विशेषता यह है कि वे आलोचना के बजाय संवाद और करुणा पर विश्वास करते हैं। वे युवाओं को दुत्कारने की बजाय स्नेहपूर्वक सही दिशा देने का प्रयास करते हैं। उनके कार्यक्रमों में आत्मविश्वास, आत्मनियंत्रण और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण पर जोर दिया जाता है।

ओपी शर्मा अभिभावकों को भी नशा मुक्त समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। वे बताते हैं कि अत्यधिक दबाव, संवाद की कमी और सामाजिक दूरी के कारण बच्चे नशे की ओर झुक सकते हैं। इसलिए माता–पिता को बच्चों के मित्र बनकर उनकी समस्याएं समझनी चाहिए।

शर्मा जी अपने प्रयासों से हजारों युवाओं और परिवारों तक यह संदेश पहुंचा चुके हैं कि नशा कोई समाधान नहीं, बल्कि विनाश की जड़ है। बिना किसी सरकारी सहायता के वे गांवों और स्कूलों में जाकर नशा उन्मूलन का संदेश फैला रहे हैं। उनके प्रयासों से हिमाचल के कई स्कूलों में नशा विरोधी क्लब बने हैं और छात्रों में जागरूकता बढ़ी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# दयालुता समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाली मानवीय शक्ति

हर वर्ष 13 नवंबर को विश्व दयालुता दिवस मनाया जाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि तकनीकी युग की तेज रफ्तार के बीच भी इंसानियत और संवेदना का मूल्य आज भी उतना ही जरूरी है जितना कभी था। आधुनिक समाज में प्रतिस्पर्धा, स्वार्थ और उदासीनता ने हमें भीतर तक कठोर बना दिया है, ऐसे में दयालुता एक ऐसी रोशनी बनकर उभरती है जो अंधकार के हर कोने को उजाला दे सकती है, क्योंकि दयालुता की एक किरण हजार दुखों का अंधेरा मिटा देती है।



केशव शर्मा रसिक
स्वतंत्र लेखक, घुमारवीं

दयालुता केवल एक नैतिक गुण नहीं, बल्कि यह एक सामाजिक शक्ति है। अध्ययनों से यह सिद्ध हुआ है कि जब कोई व्यक्ति दूसरों के प्रति दयालु होता है–चाहे वह मुस्कान देना हो, मदद का हाथ बढ़ाना हो या केवल सहानुभूति जताना, यह सारा व्यवहार दूसरों को भी वैसा ही करने के लिए प्रेरित करता है। इस प्रकार दया एक संक्रामक ऊर्जा की तरह काम करती है, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की क्षमता रखती है।आज की दुनिया में, जहां तनाव, असमानता और अविश्वास बढ़ता जा रहा है, वहां दया एक ऐसा सेतु है जो दिलों को जोड़ सकता है। यह जरूरी नहीं कि दया के लिए हमारे पास धन या संसाधन हों। एक शब्द, एक मुस्कान या किसी की बात ध्यान से सुन लेना भी करुणा का सुंदर रूप है। वास्तव में किसी के दर्द को महसूस कर पाना ही असली इंसानियत है, वरना जीना तो हर कोई जानवर भी जानता है। दया इंसान को भीतर से बड़ा बनाती है, और उसका प्रभाव समाज के हर स्तर पर दिखाई देता है।

विद्यालयों, कार्यालयों और परिवारों में यदि दयालुता की संस्कृति विकसित हो जाए, तो मानसिक स्वास्थ्य में सुधार, सामाजिक समरसता और पारस्परिक सम्मान की भावना स्वत: बढ़ जाएगी। कार्यस्थलों पर सहयोगी वातावरण बनेगा, घरों में पीढ़ियों के बीच समझ बढ़ेगी और समाज में अपराध तथा हिंसा की प्रवृत्तियां घटेंगी।




एक दयालु व्यक्ति दूसरों के जीवन को आसान बनाता है और बदले में स्वयं भी आंतरिक शांति का अनुभव करता है।

विज्ञान भी यह सिद्ध कर चुका है कि दयालुता हमारे मस्तिष्क में 'ऑक्सीटोसिन' जैसे हार्मोन का स्राव बढ़ाती है, जो हमें प्रसन्नता और संतोष का अनुभव कराते हैं। यही कारण है कि जब हम किसी की मदद करते हैं, तो हमें भीतर से खुशी मिलती है। दया का अभ्यास हमारे तनाव को घटाता है, रिश्तों को मजबूत बनाता है और हमारे व्यक्तित्व में स्थिरता लाता है। दया का दायरा केवल मनुष्य तक सीमित नहीं है। यह पशु–पक्षियों, प्रकृति और पर्यावरण के प्रति भी उतनी ही आवश्यक है। जब हम किसी घायल पक्षी को पानी पिलाते हैं, किसी पेड़ को काटने की बजाय लगाते हैं या किसी आवारा जानवर को भोजन देते हैं, तब भी हम दया का ही पालन कर रहे होते हैं। इस प्रकार दया हमें न केवल बेहतर इंसान बनाती है, बल्कि एक बेहतर पृथ्वी के निर्माण में भी योगदान देती है। विश्व दया दिवस का उद्देश्य यही है कि हम केवल इस दिन ही नहीं, बल्कि पूरे वर्ष अपने व्यवहार में दयालुता को आत्मसात करें। यह दिन हमें आत्मचिंतन का अवसर देता है कि क्या हमने किसी के जीवन में आज थोड़ी–सी राहत, मुस्कान या उम्मीद दी? क्या हमने किसी दुखी व्यक्ति को हौसला दिया? दया के इन छोटे–छोटे कार्यों से ही जीवन में बड़ा बदलाव आता है।

आइए, विश्व दया दिवस के अवसर पर संकल्प लें कि हर दिन किसी न किसी रूप में किसी के लिए भलाई का काम करेंगे। चाहे वह किसी जरूरतमंद की मदद करना हो, किसी उदास व्यक्ति को मुस्कान देना हो या केवल किसी की बात ध्यान से सुनना– हर कार्य दया की दिशा में एक कदम होगा, क्योंकि दयालुता देने से घटती नहीं, बल्कि और बढ़ती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज–2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर–176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# फूटती जल धाराओं से फोरलेन का 'सत्यानाश'

## जरल गांव के फोरलेन हिस्से में पानी की समस्या, बार-बार मरम्मत के बावजूद सुधार नहीं

भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान

**महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते जरल गांव से होकर गुजर रहा कीरतपुर-मनाली फोरलेन अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। यहां जमीन के अंदर से स्वत: अनवरत जल धाराएं फूटती रहती हैं जिससे फोरलेन का एक बड़ा भाग बार-बार क्षतिग्रस्त होता रहता है तथा एनएचएआई को उसकी बार-बार मरम्मत करनी पड़ती है।

अनंत ज्ञान मुद्दा

गौरतलब है कि जरल से लेकर नौलखा तक पानी वाली जगह है जिस पर यह फोरलेन बना दिया गया है, अगर इस 500 मीटर हिस्से पर फ्लाईओवर बन जाए तो समस्या हल हो सकती है। जब फोरलेन का सर्वे हुआ था तो अथॉरिटी ने इस बात का ध्यान नहीं रखा कि यह पानी वाली जगह है और इस स्थान पर फ्लाईओवर बनाना चाहिए। अब जबकि फोरलेन तैयार हो गया है तो यहां भारी तकनीकी खामियां देखने को मिल रही हैं, जिसके चलते गुणवत्तापूर्ण कार्य न होने से संबंधित प्राधिकरण पर सड़क की भ्रष्टाचारी खुराक आदि के सीधे-सीधे आरोप तो लगाए ही जा रहे हैं और साथ ही अब वर्तमान समय में संबंधित के हाथ पांव फूला देने के ऐसे भी कार्य हैं जो लगता है कि सदा के लिए सिरदर्द बन गए हैं।

बता दें कि यह जगह ढलानाला के नाम से विख्यात है यानी यह जगह ढलानदार है और काफी गहरी भी है लिहाजा यहां पर जमीन से पानी के फव्वारे फूटना स्वाभाविक है। यहां मरम्मत के नाम पर बार-बार मैटिरियल का सत्यानाश किया जा रहा है। नौलखा और जरल गांव के बीच मरम्मत का कार्य भले ही लगातार चल रहा है, मगर जो मैटिरियल लगाया जा रहा है वह यहां टिकता ही नहीं। ऐसे में निर्माण कार्यों पर बड़ा सवालिया निशान है। नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते गांव जरल फोरलेन का सदा सना-लबालब यह भाग आखिर कैसे सुधरेगा। वर्षों से हल निकालने के बजाय भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण इसे बस मूकदर्शक बन देख रहा है, जबकि बार बार के मरम्मत कार्य में पैसा फूंकने से बेहतर था इस फोरलेन को यहां ऊंचा उठाकर फ्लाईओवर की शक्ल दी जाती।



फूटती जल धाराओं से जरल गांव के फोरलेन हिस्से में बह रहा पानी।

### गडकरी व कंगना से फ्लाईओवर की गुहार

**इलाके** के लोगों भगत सिंह, नंद लाल, कृष्ण चंद, योगराज, प्रेम चौधरी, भीम चंद, खुशहाल सिंह, मान सिंह, कौशल्या देवी, तेज प्रताप, इंद्रजीत सिंह, मुंशी राम, राणा प्रताप, राजेश, कमला देवी, यशोद्धा देवी, कृष्णा, हेमा देवी और नर्वदा चौहान आदि ने मंडी की सांसद कंगना रनौत व केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से पुरजोर मांग की है कि यातायात की विकराल होती समस्या के मद्देनजर शीघ्र ही हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य की भौगोलिक स्थिति का ख्याल कर यहां फोरलेन की बिगड़ी हालत को सुधारने के लिए अत्यंत आवश्यक जगह चिन्हित करने के साथ ही फ्लाईओवर का काम युद्धस्तर पर आरंभ किया जाए।

# लड़भड़ोल कॉलेज में मॉडल प्रदर्शनी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय महाविद्यालय, लड़भड़ोल के समाजशास्त्र विभाग द्वारा एकदिवसीय मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. मुनीष ठाकुर ने किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा समाजशास्त्र विषय से संबंधित विभिन्न सामाजिक समस्याओं और अवधारणाओं पर मॉडल प्रस्तुत किए गए। प्रमुख विषयों में 'सामाजिक विकास', 'ग्रामीण विकास' और 'पर्यावरण संरक्षण' शामिल थे। विद्यार्थियों ने अपने मॉडलों के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया।

कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. मुनीष ठाकुर ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और सामाजिक संवेदनशीलता की सराहना की। कार्यक्रम संयोजक प्रो. संगीता कुमारी ने बताया कि समाजशास्त्र विभाग निरंतर ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यवहारिक और विश्लेषणात्मक ज्ञान प्रदान करने का प्रयास करता रहा है। इस प्रदर्शनी ने न केवल विद्यार्थियों की क्षमताओं को प्रदर्शित किया, बल्कि समाज के प्रति उनकी जागरूकता को भी बढ़ावा दिया।

# हवलदार रूप लाल का निधन, सैन्य सम्मान के साथ किया अंतिम संस्कार



झंझैल के हवलदार रूप लाल बराड़ी का सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया।

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

सरकाघाट उपमंडल के झंझैल गांव के वीर सपूत हवलदार (पैरा कमांडो) रूप लाल बराड़ी का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने 1962, 1965 और 1971 के युद्धों सहित गोवा ऑपरेशन में भी देश की सेवा की थी। रूप लाल बराड़ी तोड़खाना यूनिट से सेवानिवृत्त थे और सेवानिवृत्ति के बाद सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे। उनका निधन क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। 11 नवम्बर की रात 10:30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। मंगलवार को पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। सूबेदार राजू राम चौहान, नायब सूबेदार अमृत लाल सकलानी, सूबेदार मेजर रमेश जामवाल सहित अनेक पूर्व सैनिकों ने श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

**1962, 1965 और 1971 के युद्धों के योद्धा रहे पैरा कमांडो को दी श्रद्धांजलि**

## न्यूज ब्रीफ

### बीवोक विभाग को मिला प्रशंसा पत्र

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रविंद्रनाथ टैगोर राजकीय स्नातक महाविद्यालय, सरकाघाट के बीवोक (बैचलर ऑफ वोकेशनल स्टडीज) विभाग को विश्व पर्यटन सप्ताह के सफल आयोजन के लिए महाविद्यालय प्रशासन और ओरायन एड्युटेक प्राइवेट लिमिटेड की ओर से प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने स्टाफ की रचनात्मकता, समर्पण व उत्कृष्ट प्रबंधन की सराहना की। आयोजन के दौरान पर्यटन जागरूकता रैलियां, फील्ड विज़िट, सेमिनार और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। नोडल अधिकारी डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि व्यावसायिक शिक्षा के महत्व को रेखांकित करती है। स्टाफ ने इस सफलता का श्रेय छात्रों और महाविद्यालय प्रशासन को देते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प लिया।

### नवदीप फिर बने धर्मपुर मंडल के महामंत्री

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भाजपा के सक्रिय युवा नेता नवदीप ठाकुर को दोबारा भाजपा युवा मोर्चा धर्मपुर मंडल का महामंत्री नियुक्त किया गया है। उनकी पुनर्नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। नवदीप ठाकुर ने इस अवसर पर पार्टी नेतृत्व, विशेषकर पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर और रजत ठाकुर का आभार जताते हुए कहा कि वे संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य युवाओं को भाजपा की नीतियों और विचारधारा से जोड़ना और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाना रहेगा। यह नियुक्ति धर्मपुर क्षेत्र में भाजपा युवा मोर्चा को नई दिशा देने वाला कदम माना जा रहा है।

### स्निग्धा राज ठाकुर बनी प्रेरणास्रोत: नरेंद्र अत्री

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पूर्व भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी नरेंद्र अत्री ने एसजीएफआई स्कूली नेशनल गेम्स में हिमाचल के लिए कुश्ती में पदक जीतने वाली चैंपियन बेटी स्निग्धा राज ठाकुर और उनके कोच अंतरराष्ट्रीय पहलवान जानी चौधरी का सम्मान किया। अत्री निवास पर आयोजित इस समारोह में शॉल और टोपी पहनाकर दोनों का अभिनंदन किया गया। धर्मपुर के ठाणा गांव की निवासी स्निग्धा को महिला सशक्तिकरण की असली प्रतीक बताते हुए अत्री ने कहा कि ऐसी बेटियां समाज की प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण का अर्थ केवल नारा नहीं, बल्कि समाज की प्रगति का आधार है। अत्री ने स्निग्धा, उनके गुरुजनों और परिवार को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### ब्राह्मण सभा के जिला चुनावों को लेकर ऐतराज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी के जेल रोड स्थित संस्कार भवन में हुए हिमाचल प्रदेश ब्राह्मण सभा के जिला कार्यकारिणी चुनावों को लेकर प्रदेश महासचिव मुंशी राम शर्मा ने तीखा ऐतराज जताया है। उन्होंने प्रदेशाध्यक्ष मनमोहन गौतम को लिखे पत्र में आरोप लगाया कि चुनाव पूर्व नियोजित तरीके से आयोजित किए गए और इसमें किसी भी प्रकार का लोकतांत्रिक प्रक्रिया नहीं अपनाई गई। केवल एक ही व्यक्ति का नाम प्रस्तावित किया गया, जबकि अन्य को प्रस्ताव देने का अवसर नहीं मिला। महासचिव ने बताया कि संविधान के अनुसार जिला चुनाव प्रदेश द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक की देखरेख में होने चाहिए थे, लेकिन किसी पदाधिकारी की अध्यक्षता में चुनाव करवाए गए। उन्होंने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को अवैध घोषित करने और इसे मान्यता न देने की सिफारिश की।

### नारला में विद्यार्थियों ने साझा किए अनुभव

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** राजकीय महाविद्यालय द्रंग के नारला परिसर में सड़क सुरक्षा क्लब के तत्वावधान में एक उपाख्यान प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का संचालन क्लब संयोजक प्रो. संदीप कुमार के मार्गदर्शन में हुआ। प्रतिभागियों ने वास्तविक जीवन की घटनाओं के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं के कारण, उनसे होने वाले नुकसान और बचाव के उपायों पर अपने विचार साझा किए। बी.ए. द्वितीय वर्ष की ईशा कुमारी प्रथम और अंकिता द्वितीय स्थान पर रही। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. संजय कुमार सहगल ने विजेताओं को बधाई दी और कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम में क्लब सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई और भविष्य में ऐसी जागरूकता गतिविधियों को जारी रखने की बात कही।

### आयरन युक्त भोजन लेने की सलाह दी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल के ढेलू क्षेत्र में आई.टी.आई. डोहग के परिसर में आज वृत स्तरीय बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा। शिविर की अध्यक्षता वृत पर्यवेक्षिका संतोष कुमारी ने की। उन्होंने उपस्थित किशोरियों को साफ-सफाई, एनीमिया से बचाव, पोषण युक्त आहार के महत्व और बढ़ती उम्र में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण होता है, जिसमें छोटी-छोटी लापरवाहियां आगे चलकर गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती हैं। उन्होंने छात्राओं को नियमित आयरन युक्त भोजन लेने, पर्याप्त पानी पीने और व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने बालिकाओं से अपील की कि वे स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार और समुदाय की अन्य लड़कियों को भी इन बातों के प्रति जागरूक करें।शिविर के दौरान छात्राओं ने भी विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर पर्यवेक्षिका ने बड़े ही सहज और प्रभावी ढंग से दिया। कार्यक्रम के अंत में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान की शपथ भी दिलाई गई।

### संधोल में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर 16 को

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** संधोल में कृष्णा एंड बेली राम बरवाल मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) द्वारा 16 नवम्बर को सिविल अस्पताल संधोल में विशाल नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर रोटरी आई फाउंडेशन और रोटरी क्लब ऑफ धौलाधार पालमपुर के सहयोग से होगा। शिविर का शुभारंभ धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर करेंगे, जबकि डॉ. सुधीर सलोत्रा और डॉ. नवनीत सूद विशिष्ट अतिथि रहेंगे। सुबह 9:30 से शाम 4:30 बजे तक चलने वाले इस शिविर में नेत्र विशेषज्ञों द्वारा आंखों की संपूर्ण जांच की जाएगी। जरूरतमंदों को मुफ्त दवाइयां और उपचार की सुविधा दी जाएगी। ऑपरेशन की सलाह मिलने पर ट्रस्ट द्वारा सभी खर्चे वहन किए जाएंगे।

# एनएचएआई के काम से जनता परेशान, पूर्व राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी के घर को खतरा

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर



सुंदरनगर की जनता राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य से गहरी परेशानी झेल रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार आपत्ति जताने के बावजूद भी काम को नहीं रोका गया, जिसके कारण गुस्सा लगातार बढ़ रहा है। इस निर्माण कार्य का सीधा असर सुंदर नगर के निवासी और पूर्व राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी एवं कोच दयाराम चौधरी के घर पर पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि उनके घर को इस काम की वजह से गंभीर खतरा बना हुआ है। स्थानीय जनता में इस लापरवाही को लेकर गहरा रोष व्याप्त होने के बाद, ह्रद्ध के प्रोजेक्ट डायरेक्टर वरुण चारी और प्रोजेक्ट मैनेजर दिग्विरत ने मौके पर आकर पीड़ित परिवार और स्थानीय लोगों से मुलाकात की। एनएचएआई के अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि उनकी चिंताओं पर ध्यान दिया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक, प्रोजेक्ट डायरेक्टर वरुण चारी ने तुरंत अपने अधिकारियों को आदेश देकर निर्माण कार्य को रुकवा दिया। स्थानीय जनता ने मांग की है कि केवल काम रोकने से बात नहीं बनेगी, बल्कि चौधरी परिवार के घर को होने वाले खतरे को स्थायी रूप से समाप्त करने के लिए तुरंत उचित कदम उठाए जाएं और भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो, इसके लिए एक सख्त निगरानी प्रणाली स्थापित की जाए।

# मंत्री की बन चुकी है झूठ फैलाने व विपक्ष पर कीचड़ उछालने की आदत: चंदन

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** प्रदेश के राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी द्वारा मंडी में दिए गए गैर-जिम्मेदाराना, असंवेदनशील और झूठे बयान पर भारतीय जनता युवा मोर्चा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मंत्री नेगी ने अपने हालिया वक्तव्य में पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और भाजपा पर आपदा राहत धनराशि के वितरण में भेदभाव और अनियमितता के आरोप लगाए हैं तथा दिल्ली बम धमाकों को लेकर यह कहा है कि ऐसी घटनाएं देश में तभी क्यों होती हैं जब चुनाव होने वाले हों। भाजयुमो प्रदेश सचिव चंदन पंडित ने इस पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि जगत सिंह नेगी लगातार झूठ फैलाने और जनता को गुमराह करने की आदत से मजबूर हो चुके हैं। अपने विभाग की जवाबदेही निभाने के बजाय वे मंचों से भाजपा और विपक्ष के नेताओं पर कीचड़ उछालने में व्यस्त रहते हैं। उन्होंने कहा कि नेगी के ऐसे बयान उनकी घटिया राजनीतिक मानसिकता को दर्शाते हैं जो देश में आतंकी घटनाओं पर भी राजनीति करने से बाज नहीं आते। चंदन पंडित ने कहा कि जब प्रदेश प्राकृतिक आपदा की सबसे कठिन घड़ी से गुजर रहा था, उस समय जयराम ठाकुर और भाजपा कार्यकर्ता बिना किसी भेदभाव के राहत कार्यों में जुटे हुए थे। जयराम ठाकुर ने राजनीति नहीं बल्कि सेवा और संवेदना को प्राथमिकता दी और विषम परिस्थितियों में जनता के बीच रहकर आपदा प्रभावितों की हरसंभव सहायता की।

# प्रदेश की हालत सुधारने की जगह निम्न स्तरीय राजनीति में व्यस्त नेगी: अजय

अनंत ज्ञान, मंडी

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय ठाकुर ने जगत सिंह नेगी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर दिए गए निम्नस्तरीय बयान की कड़ी निंदा की है। अजय ठाकुर ने कहा कि देश की किसी भी समस्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परिवार के मुखिया के रूप में खड़े रहते हैं, लेकिन कांग्रेस के नेतागण देश पर संकट के समय भी निम्न स्तरीय राजनीति करने पर उतारू हो जाते हैं। कांग्रेस के नेताओं के ऐसे बयान कांग्रेस पार्टी और उनके स्वयं की बर्बादी की दास्तान लिख रहे हैं। कांग्रेस पार्टी अब मूर्खों का कुनबा बन चुकी है।



**कहा- प्रदेश को कर्ज में डुबोना चाहती है कांग्रेस सरकार**

अजय ठाकुर ने आगे कहा कि जगत सिंह नेगी ने अपने बयान में खुद ही स्वीकार कर लिया है कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। यह बात जनता को मालूम होनी चाहिए कि कांग्रेस की सरकार ने प्रदेश को कर्ज में डुबोने का काम किया। कांग्रेस की प्रदेश सरकार जनता के सपनों को पूरा नहीं होने देना चाहती। अजय ठाकुर ने आगे कहा कि राहुल गांधी देश के संकट के समय जनता के साथ नहीं खड़े होते, वे सैर पर मौज-मस्ती के लिए निकल जाते हैं। इसका एक नहीं बल्कि कई उदाहरण हैं। सुखविंद्र सिंह सुक्खू का भी यही हाल है कि वे प्रदेश सरकार के मुखिया तो हैं लेकिन जनता किस हाल में है, इससे उन्हें कोई मतलब नहीं है।

अजय ठाकुर ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जब आपदा के समय हर संभव मदद की, केन्द्र सरकार के कई मंत्री प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों का दौरा करके गये। वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई तब कांग्रेस सरकार की पूरी मशीनरी गायब रही। अब भी कांग्रेस सरकार आपदा के प्रभाव से उत्पन्न स्थितियों को कम करने के लिए कुछ नहीं कर रही।

# सुंदरनगर व कुल्लू के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

## खो-खो चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में लंबाथाच, जोगिंद्रनगर को हराया

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

बासा कॉलेज में खेली जा रही सरदार पटेल विश्व विद्यालय की इंटर कॉलेज खो-खो चैंपियनशिप में महिला वर्ग का फाइनल एम एल एस एम कालेज सुंदरनगर व कुल्लू के मध्य खेला जाएगा। प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को महिला वर्ग में लंबाथाच व कुल्लू कालेज के मध्य सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। दोनों टीमों के मध्य रोमांचक व संघर्षपूर्ण मुकाबला हुआ, जिसमें कुल्लू ने लंबाथाच के 16 अंकों के मुकाबले 17 अंक हासिल कर 1 अंक से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया।

दूसरा सेमीफाइनल एम एल एस एम कालेज सुंदरनगर व जोगिंदरनगर के मध्य खेला गया, जिसमें सुंदरनगर की टीम ने एकतरफा मुकाबले में जोगिंदरनगर को 3 अंकों के मुकाबले 15 अंकों से पराजित किया। वहीं पुरुष वर्ग में एम एल एस एम कालेज सुंदरनगर व कुल्लू के मध्य सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया, जिसमें सुंदरनगर कालेज की टीम ने कुल्लू के 16 अंकों के मुकाबले 18 अंक हासिल कर मैच अपने नाम कर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को हिमाचल प्रदेश खो-खो संघ के अध्यक्ष अभिषेक ठाकुर, भारतीय खो-खो महासंघ संयुक्त सचिव एवं हिमाचल प्रदेश खो-खो संघ के महासचिव एल आर वर्मा व मंडी जिला खो-खो संघ के महासचिव लक्ष्मी दत्त ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर प्रतियोगिता के आयोजकों ने टोपी, मफलर व स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्यातिथि का स्वागत किया। यह जानकारी देते हुए प्रतियोगिता के आयोजन सचिव रविंद्र कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में सरदार पटेल विश्व विद्यालय के तहत आने 15 कालेज के करीब 250 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।



इंटर कॉलेज खो-खो प्रतियोगिता में मैच से पूर्व खिलाड़ी मुख्यातिथि के साथ।

# किशोरी मेले में बालिकाओं ने दिखाया आत्मविश्वास और प्रतिभा का जज्बा

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

महिला एवं बाल विकास निदेशालय के तत्वावधान में बुधवार को पीएम श्री राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, जोगिंद्रनगर में वृत्त स्तरीय किशोरी मेले का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज चौहान ने की। मेले का उद्देश्य किशोरियों में स्वास्थ्य, स्वच्छता, आत्मरक्षा, पोषण और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना था।

मेले के दौरान छात्राओं ने पेंटिंग, स्लोगन लेखन, भाषण तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मनोज चौहान ने कहा कि किशोरावस्था जीवन का निर्माण काल है, जिसमें सही मार्गदर्शन और शिक्षा का विशेष महत्व है। उन्होंने छात्राओं से अपने अधिकारों को समझने, आत्मविश्वासी बनने और समाज में सकारात्मक योगदान देने का आह्वान किया। ब्लॉक पोषण समन्वयक सुनील कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य इन योजनाओं की जानकारी समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना है ताकि अधिक से अधिक लाभार्थी इनसे जुड़ सकें। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारी विजय सिंह (वृत्त पर्यवेक्षक), मंजू देवी, रीमा देवी, प्रिया देवी, अंजना कुमारी और सरोज कुमारी उपस्थित रहीं।

अंत में प्रतिभागी छात्राओं को मैडल प्रदान किए गए तथा सभी को रेफ्रेशमेंट भी दी गई। भाषण प्रतियोगिता में रिद्धिमा वर्मा प्रथम, यशस्वी द्वितीय और अन्वी व रिद्धिमा ठाकुर तृतीय स्थान पर रहीं। पेंटिंग प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में रिद्धिमा ठाकुर प्रथम, एंजेल द्वितीय और सृष्टि तृतीय रही, जबकि सीनियर वर्ग में अदिति ने प्रथम, सोनाक्षी ने द्वितीय और सानिया राठौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में अपराजिता प्रथम, वंदना आदित्य द्वितीय और मन्नत ठाकुर तृतीय स्थान पर रहीं। किशोरी मेले का समापन बालिकाओं के आत्मविश्वास, सशक्तिकरण और समाज में उनकी भूमिका के प्रति जागरूकता के संदेश के साथ हुआ।



पीएमश्री राजकीय आदर्श कन्या स्कूल जोगिंद्रनगर में वृत्तस्तरीय आयोजन किया।

**मंथन** सरकाघाट में एनएच, फोरलेन व प्रोजेक्ट निर्माण से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा

# भूमि अधिग्रहण, मुआवजा व पुनर्वास के मुद्दों पर जोर

रितेश, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** सरकाघाट में हिमाचल किसान सभा द्वारा एनएच, फोरलेन और विभिन्न प्रोजेक्टों के निर्माण से जुड़ी समस्याओं पर राज्य अधिवेशन का आयोजन किया गया। अधिवेशन में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए किसान नेताओं और प्रभावितों ने निर्माण कंपनियों की मनमानी, अधूरी परियोजनाओं, अवैध डंपिंग और उचित मुआवजा न मिलने जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर किसान सभा के राज्य अध्यक्ष डॉ. कुलदीप तंवर, महासचिव एवं पूर्व विधायक राकेश सिंघा, जिलाध्यक्ष कुशाल भारद्वाज, जोगिंदर वालिया, भूपेंद्र सिंह और कई अन्य नेताओं ने विचार व्यक्त किए।

राकेश सिंघा ने कहा कि प्रदेश में भूमि अधिग्रहण कानून, 2013 को सही तरीके से लागू नहीं किया जा रहा है। कंपनियां किसानों की जमीनें सस्ते दामों में हड़प रही हैं और प्रभावितों को न तो उचित मुआवजा दिया जा रहा है, न पुनर्वास की व्यवस्था। उन्होंने कहा कि सरकार व कंपनियों की मिलीभगत से किसानों के अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्होंने सभी प्रभावितों से संगठित होकर संघर्ष करने का आह्वान किया।

डॉ. कुलदीप तंवर ने कहा कि प्रदेश भर में चल रहे फोरलेन, रेलवे लाइन, टावर लाइन, हाइडल प्रोजेक्ट और अन्य निर्माण कार्यों के कारण हजारों किसान विस्थापित हो रहे हैं, परंतु किसी को भी कानून के अनुरूप मुआवजा नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि फैक्टर-2 के तहत भूमि का मूल्यांकन नहीं किया जा रहा और पर्यावरणीय नुकसान की भरपाई का कोई प्रावधान नहीं है।

भूपेंद्र सिंह ने अधिवेशन में प्रस्ताव रखा कि 26 नवंबर को हिमाचल किसान सभा प्रदेशभर में निर्माण कंपनियों की मनमानी व स्थानीय मजदूरों को रोजगार न देने के विरोध में प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में निर्माण कार्यों में कम से कम 70 प्रतिशत हिमाचली मजदूरों को रोजगार दिया जाए। उन्होंने बताया कि लुहरी-1, सुन्नी, कोल डैम, पार्वती और नाथपा झाकड़ी जैसे प्रोजेक्टों में किसान सभा के नेतृत्व में हुए संघर्षों से प्रभावितों को अपने हक मिले। सभा में कहा गया कि पिछली सरकार ने भूमि के सर्कल रेट घटाकर किसानों की जमीनें औने-पौने दामों में अधिग्रहित करने की राह आसान की। किसान सभा ने स्पष्ट किया कि यदि किसानों और प्रभावितों के साथ हो रहा अन्याय नहीं रोका गया, तो संघर्ष और तेज किया जाएगा।



पूर्व विधायक राकेश सिंघा राज्य अधिवेशन को संबोधित करते हुए।

- **भूमि अधिग्रहण कानून 2013 को सही तरीके से नहीं किया जा रहा लागू : सिंघा**
- **राज्य अध्यक्ष डॉ. कुलदीप तंवर ने निर्माण कंपनियों की मनमानी पर जताई नाराजगी**
- **26 को प्रदेशव्यापी प्रदर्शन करेगी हिमाचल किसान सभा**

# बच्चों ने रैली में 'जीवन है अनमोल तंबाकू से रहो दूर' का दिया संदेश

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

तंबाकू मुक्त अभियान 3.0 के अंतर्गत गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, जोगिंद्रनगर में शुक्रवार को एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में विद्यालय की पांचवीं से बारहवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज में तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाना और लोगों को तंबाकू मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था।

रैली को विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश ठाकुर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को तंबाकू जैसी बुराइयों से दूर रहना चाहिए, क्योंकि यह न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को हानि पहुँचाती है, बल्कि समाज की प्रगति में भी बाधा बनती है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि बच्चे स्वयं तंबाकू से दूर रहेंगे और अपने आस-पास के लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के बारे में बताएंगे, तो समाज में सकारात्मक बदलाव अवश्य आएगा। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने जीवन अनमोल है तंबाकू से दूर रहो, 'स्वस्थ युवा-सशक्त भारत, नशे से नाता तोड़ो, जीवन से प्यार जोड़ो' जैसे नारे लगाते हुए शहर की गलियों में जनजागरण किया। बच्चों के इन जोशीले नारों ने राहगीरों और स्थानीय लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया, जिससे माहौल में सामाजिक जागरूकता का संदेश गूंज उठा।

इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी दीक्षा ने भी विशेष रूप से भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों को तंबाकू सेवन के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक प्रभावों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तंबाकू सेवन से कैंसर, फेफड़ों की बीमारी, हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियां होती हैं, इसलिए आवश्यक है कि युवा वर्ग खुद को और दूसरों को इससे दूर रखने का संकल्प लें। रैली के उपरांत विद्यालय प्रांगण में एक तंबाकू विरोधी शपथ समारोह आयोजित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### संयुक्त सलाहकार समिति की बैठक 19 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला स्तरीय संयुक्त सलाहकार समिति, ऊना की बैठक 19 नवम्बर को प्रातः 11 बजे जिला मुख्यालय पर स्थित बचत भवन में होगी। यह जानकारी हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला ऊना के प्रधान रजनीश शर्मा ने दी। उन्होंने कहा कि यह बैठक कर्मचारियों की समस्याओं को हल करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। अतः जिले के समस्त कर्मचारी, प्रतिनिधि इस बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करें। बैठक में पिछली लंबित मांगों के साथ-साथ 13 नई मांगों पर भी चर्चा की जाएगी।

### 15 को अंब में स्थानीय अवकाश घोषित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपायुक्त, ऊना जतिन लाल ने अधिसूचना जारी करते हुए जिला ऊना के अंब उपमंडल में माता चिंतपूर्णी महोत्सव के मद्देनज़र 15 नवंबर को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। इस दौरान इस उपमंडल के अंतर्गत आने वाले सभी सरकारी व निजी शिक्षण संस्थान, कॉलेज और सरकारी कार्यालय बंद रहेंगे।

### अंगदानी संजय की याद में होगा फुटबॉल टूर्नामेंट

**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़।** स्वर्गीय अंगदानी संजय महें की याद में संतोषगढ़ के वरिंदर गौतम मेमोरियल खेल मैदान में सातवां तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन करवाया जा रहा है। टूर्नामेंट संचालक व अध्यक्ष परमजीत सिंह बुल्ला ने बताया कि यह टूर्नामेंट स्थानीय खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने और संजय की स्मृति को जीवित रखने के उद्देश्य से करवाया जाता है। टूर्नामेंट में विभिन्न इलाकों की नामी फुटबॉल टीमें हिस्सा लेंगी। तीन दिनों तक चलने वाले इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। अध्यक्ष परमजीत सिंह ने बताया कि इस बार टूर्नामेंट को पहले से अधिक भव्य रूप में आयोजित करने की योजना बनाई गई है। मैदान की विशेष तैयारी की जा रही है, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। साथ ही, विजेता टीम को 11000 रुपए और उपविजेता टीम को 7100 पुरस्कार, ट्रॉफियां और नकद राशि दी जाएगी। आयोजन समिति के सदस्य दिन-रात तैयारियों में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के खेल आयोजन युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करने के साथ-साथ समाज में भाईचारा और एकता का संदेश भी देते हैं। संजय महें समाजसेवा और खेल भावना के प्रतीक माने जाते थे, उनकी याद में हर वर्ष यह टूर्नामेंट करवाना हमारे लिए गर्व की बात है। परमजीत सिंह ने सभी खेल प्रेमियों और नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें और टूर्नामेंट को सफल बनाने में सहयोग दें। यह टूर्नामेंट न केवल एक खेल प्रतियोगिता है, बल्कि यह स्वर्गीय संजय महें के जीवन मूल्यों, उनके समर्पण और समाज के प्रति योगदान को याद करने का एक माध्यम भी है।

### आउटसोर्स कर्मचारियों को पक्का करने की मांग

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** आउटसोर्स कर्मचारी संदीप कुमार और वार्ड पंच वीरेंद्र कुमार ने विधायक सुदर्शन सिंह बबलू से मुलाकात की और उन्हें माता की फोटो और चुनरी देकर सम्मानित किया। उन्होंने चिंतपूर्णी मंदिर में कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों को पक्का करने की मांग की। विधायक ने आश्वासन दिया कि 14 तारीख से शुरू होने वाले चिंतपूर्णी महोत्सव में मुख्यमंत्री सुक्खू भी पधारेंगे। इस मौके पर चिंतपूर्णी मंदिर में तैनात आउटसोर्स कर्मियों की समस्या को प्रमुखता के साथ रखा जाएगा और इसका स्थायी हल निकाला जाएगा।

### स्वां नदी का वैज्ञानिक सर्वे करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले में स्वां नदी में खनन गतिविधियों को वैज्ञानिक एवं योजनाबद्ध ढंग से पुनः आरंभ करने की संभावनाओं पर चर्चा के लिए बुधवार को उपायुक्त कार्यालय ऊना में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त ऊना महेन्द्र पाल गुर्जर ने की। बैठक में स्वां नदी का वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने, पर्यावरणीय दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने, पारदर्शी नीलामी प्रक्रिया अपनाने तथा स्थानीय प्रशासनिक व्यवस्थाओं के समन्वय से खनन गतिविधियों को संचालित करने की संभावनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि यह पहल प्रदेश सरकार के उस निर्णय के अनुरूप है, जिसके तहत स्वां नदी में रेत के अत्यधिक जमाव, बढ़ती अवैध खनन गतिविधियों पर नियंत्रण, नदी के उचित चैनलाइजेशन तथा पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि खनन कार्यों को वैज्ञानिक पद्धति से संचालित किए जाने से न केवल नदी के प्राकृतिक प्रवाह का संतुलन बनाए रखने में सहायता मिलेगी, बल्कि अवैध खनन पर भी प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा। इससे स्थानीय संसाधनों का सतत एवं संतुलित उपयोग सुनिश्चित होगा और सरकार के राजस्व में भी वृद्धि होगी। अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित विभागों को इस दिशा में ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

### कामनाओं से भरा मन परमात्मा को नहीं करता याद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जीवन का सत्य यही है कि कामनाएं हमें कहीं नहीं ले जातीं, बल्कि भटकाती हैं। कामनाओं से भरा मन परमात्मा का स्मरण नहीं कर सकता। यह वचन श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन भक्तियोग आश्रम नैहरियां में भागवताचार्य अतुल कृष्ण महाराज ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हम परमात्मा को खोजने के लिए शास्त्रों में जाते हैं, यही हमारी भूल है, क्योंकि परमात्मा सर्वत्र व्याप्त है। वासना और कामना से रहित होकर प्रभु का चिंतन करने से तन-मन पवित्र हो जाता है। प्रार्थना और वासना में आकाश-पाताल का अंतर है। अतुल कृष्ण ने कहा कि जब कोई कहता है -मैं परमात्मा हूं, तो इसका अर्थ यह नहीं कि तुम परमात्मा नहीं हो। बल्कि उसकी यह घोषणा सबके लिए होती है। उसमें संपूर्ण सृष्टि का समावेश होता है। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के गोकुल में प्राकट्य महोत्सव, पूतना उद्धार, माखन चोरी, कालिया नाग मर्दन और गोवर्धन धारण लीला के प्रसंग श्रद्धा एवं भावनाओं से सरोबार होकर सुने गए।

### नैहरियां के समीप ईंधन से भरा कैंटर दुर्घटनाग्रस्त

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले के अंब के नैहरियां के समीप इंधन से भरा कैंटर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, लेकिन गनीमत रही कि हादसे ने गंभीर रूप नहीं लिया। अन्यथा जान-माल की भारी हानी हो सकती थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंब नादौन मार्ग पर बुधवार दोपहर को नैहरियां के समीप हादसा उस वक्त हुआ, जब नालागढ़ से पेट्रोल डीजल की सप्लाई लेकर शाहपुर बनोई के लिए जा रहा कैंटर सड़क किनारे बाढ़ से टकरा गया और उसका एक टायर सड़क किनारे की नाली में घुस गया। बताया जा रहा है कि एक तेज रफ्तार ट्रक ने कैंडर को तेजी से ओवरटेक किया और उसके सामने इस तरह से आ गया कि कैंटर चालक को वाहन सड़क से नीचे उतारना पड़ गया, लेकिन बचाव इस बात से रहा कि कैंटर सड़क पर पलटा। इस कारण वाहन चालक का बचाव हो गया और कैंटर में ईंधन भी सुरक्षित रहा।

## राजेश धर्माणी ने किया अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव का शुभारंभ

# ऊना कॉलेज में 44 कॉलेजों के 687 प्रतिभागी दिखा रहे हुनर

**अनंत ज्ञान, ऊना**

नगर एवं ग्राम योजना, आवास तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बुधवार को राजकीय डिग्री कॉलेज ऊना में चार दिवसीय राज्य स्तरीय अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव (ग्रुप-III) का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर राज्य राफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष व पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा विशिष्टातिथि के रूप में उपस्थित रहे। महोत्सव में प्रदेश के 44 महाविद्यालयों के 687 छात्र-छात्राएं शास्त्रीय नृत्य, कोरियोग्राफी, लोकनृत्य, नाटक, वादन, गायन और अन्य विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। रंग-बिरंगे परिधानों और लोकधुनों के बीच प्रस्तुतियों ने हिमाचल की समृद्ध लोक परंपरा और आधुनिक युवा सृजनशीलता का अनोखा संगम प्रस्तुत किया। राजेश धर्माणी ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को आत्मविश्वास, रचनात्मकता और सांस्कृतिक जुड़ाव का मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और नई पीढ़ी को प्रतिस्पर्धी वातावरण देने के लिए ठोस कदम उठा रही है। इस दिशा में प्रदेश के 100 स्कूलों को सीबीएसई पैटर्न से जोड़ा गया है, जबकि राजीव गांधी मॉडल डे बोर्डिंग स्कूलों के माध्यम से विद्यार्थियों को खेल, विज्ञान और अन्य विषयों में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।



ऊना कॉलेज में अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव में उपस्थित गणमान्य।

उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि शिक्षा किसी क्षेत्र, वर्ग या परिस्थिति की सीमा में न बंधे। ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार नशे के खिलाफ सख्त नीति पर कार्य कर रही है और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही शिमला में 'एंटी-चिट्टा रैली' आयोजित की जाएगी, जिसके बाद जिला स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। शुभारंभ सत्र में छात्रों द्वारा एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। कॉलेज प्रॉचार्य डॉ. मीता शर्मा ने महाविद्यालय की गतिविधियों और उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया।

## लोकतंत्र प्रहरियों की पेंशन बंद करना लोकतंत्र पर हमला : राजीव

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भाजपा के पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ संयोजक राजीव वशिष्ठ ने हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा लोकतंत्र प्रहरियों की पेंशन बंद करने के निर्णय को दुर्भाग्यपूर्ण और लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचलने का कार्य किया है। आपातकाल के काले दौर में जिन्होंने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए जेलों में अमानवीय यातनाएं झेलीं, उन्हीं वीर सेनानियों की पेंशन रोकना उनके त्याग का अपमान है। राजीव वशिष्ठ ने कहा कि लोकतंत्र प्रहरी पेंशन योजना भाजपा सरकार ने उन लोगों के सम्मान में शुरू की थी जिन्होंने देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था को बचाने के लिए संघर्ष किया। कांग्रेस सरकार का यह कदम उनकी कृतघ्नता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सत्ता के नशे में चूर कांग्रेस सरकार जनता और लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति अपना उत्तरदायित्व भूल चुकी है। वशिष्ठ ने मांग की कि लोकतंत्र प्रहरियों की पेंशन तुरंत बहाल की जाए और जिनकी पेंशन रोकी गई है, उन्हें बकाया राशि सहित भुगतान किया जाए। भाजपा लोकतंत्र रक्षकों के सम्मान की रक्षा हमेशा करती रही है और आगे भी करती रहेगी।

## दिल्ली विस्फोट के बाद ऊना में अलर्ट जारी

# होटल, गेस्ट हाउस व किराये के मकानों में रहने वालों के अलावा संदिग्ध लोगों पर नजर

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**



**चिंतपूर्णी।** दिल्ली में हाल ही में हुए धमाके के बाद जिला ऊना में अलर्ट किया गया है। प्रवेश नाकों के अलावा प्रमुख स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। संदिग्ध लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। होटल, गेस्ट हाउस और भाड़े के मकान में रहने वालों की पड़ताल की जा रही है। यह अभियान चिंतपूर्णी में तेज किया गया है।

पुलिस प्रशासन ने चिंतपूर्णी क्षेत्र के होटलों, गेस्ट हाउस और किराये के कमरों में सुरक्षा मानकों की संघन जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी जयराम शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने मंगलवार रात को क्षेत्र के विभिन्न होटलों और सराये में रजिस्टर की बारीकी से जांच की। पुलिस ने होटल मालिकों और संचालकों से सीसीटीवी कैमरों को हर समय चालू रखने और बाहरी लोगों की पूरी जानकारी रजिस्टर में दर्ज करने के निर्देश दिए और आईडी प्रूफ की फोटो कॉपी रखने के आदेश दिए। साथ ही, किराये के कमरों में ठहरे लोगों की जानकारी स्थानीय पुलिस थानों को भी भेजने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस ने होटल संचालकों को सतर्क दृष्टि रखने और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की हिदायत दी। पुलिस ने कड़ा संदेश देते हुए चेतावनी जारी की कि सुरक्षा में कोई चूक बर्दाश्त नहीं, लेकिन धार्मिक स्थल और प्रमुख होटलों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

## स्कूलों के सम्मान समारोहों में राजनीति नहीं, छात्रों की उपलब्धियों का हो सम्मान : जीवन मोदगिल

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

हिमाचल प्रदेश के स्कूलों में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले वार्षिक सम्मान समारोहों का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा और मेहनत को प्रोत्साहित करना होता है, लेकिन अब इन समारोहों का स्वरूप चिंताजनक रूप से बदल गया है।



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तलमेहड़ा के सेवानिवृत्त अर्थशास्त्र प्रवक्ता जीवन मोदगिल ने कहा कि अब इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की जगह नेताओं और उनके समर्थकों का सम्मान अधिक होने लगा है। राजनीतिक दबाव में विद्यालय आयोजक अतिथियों के स्वागत में उलझ जाते हैं, जिससे विद्यार्थियों की उपलब्धियां पीछे छूट जाती हैं। उन्होंने कहा कि मंच पर सत्ता पक्ष की योजनाओं और उपलब्धियों का बखान मुख्य विषय बन जाता है, जबकि शिक्षा का मन्दिर राजनीति का केंद्र बन रहा है। मोदगिल ने यह भी कहा कि ऐसे आयोजनों में सजावट, स्वागत और आतिथ्य पर अनावश्यक खर्च होता है, जिससे विद्यालय और अभिभावकों पर आर्थिक बोझ पड़ता है। तैयारियों में शिक्षकों और विद्यार्थियों का बहुमूल्य समय भी नष्ट होता है। उन्होंने राजनीतिक दलों से अपील की कि वे विद्यालय समारोहों में दिखावे की परंपरा समाप्त करें और बच्चों के सम्मान से जुड़ा खर्च मुख्य अतिथियों के सौजन्य से किया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि समारोह केवल उन्हीं विद्यार्थियों तक सीमित हों जिन्होंने अकादमिक, सांस्कृतिक या खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हो। यदि समाज और राजनीति ईमानदारी से कदम उठाएं, तो विद्यालय फिर से शिक्षा और चरित्र निर्माण के पवित्र केंद्र बन सकते हैं।

## सुक्खू सरकार ने धारा 118 को तोड़ा, तो होगा जनांदोलन: मनोहर शर्मा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल की जन हिमायती संस्था एएचकेपी के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा राष्ट्रीय समर्थक मेंबर मनोहर शर्मा ने प्रदेश की वर्तमान सरकार पर तंज करते हुए कहा कि प्रदेश की वर्तमान सरकार लगातार नए कानून बनाने में लगी है, जबकि प्रदेश का युवा वर्ग बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से जूझ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले भाजपा द्वारा किया गया विकास ठप कर दिया, जिसकी वजह से बेरोजगारी का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है, अब 118 धारा को तोड़ने में सुक्खू सरकार प्रयास करने वाली है, जो कि हर हिमाचलवासी के लिए घातक सिद्ध होगा। हिमाचल प्रदेश देव भूमि के नाम से पूरे विश्व में प्रसिद्ध है और शांतिप्रिय राज्य है, यदि 118 धारा टूटी, तो प्रदेश में शांति भंग हो सकती है। सुक्खू सरकार से अनुरोध किया कि इस धारा को तोड़ने का प्रयास न करें, यदि 118 को तोड़ने का प्रयास हुआ, तो हर हिमाचली बहुत बड़ा जनांदोलन करेगा।

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर बंगाणा में होगा भव्य कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स, उपमंडल बंगाणा इकाई के तत्वावधान में 16 नवम्बर 2025 को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी यूनियन के प्रदेश महामंत्री किशोर ठाकुर ने दी। यह आयोजन एस.डी.एम. कार्यालय बंगाणा के मीटिंग हॉल में प्रातः 11 बजे आरंभ होगा। कार्यक्रम में प्रदेश भर से पत्रकार प्रतिनिधि, मीडिया कर्मी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा प्रशासनिक अधिकारी भाग लेंगे।

इस अवसर पर कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के प्रांतीय पदाधिकारी करेंगे। यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष जोगिंद्र देव आर्य, संगठन मंत्री गोपाल शर्मा, सचिव एवं अन्य वरिष्ठ पत्रकार भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। विशेष रूप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेशनल यूनियन का जर्नलिस्ट रणेश राणा उपस्थित रहेंगे।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस के इस अवसर पर पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रदेश के चुनिंदा पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह का उद्देश्य मीडिया जगत में समर्पित, निष्पक्ष और जनहित से जुड़े पत्रकारों को प्रोत्साहित करना है, जिन्होंने समाज में सत्य, पारदर्शिता और जनजागरण के कार्य में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम के दौरान मीडिया की स्वतंत्रता, जिम्मेदार पत्रकारिता, सोशल मीडिया के प्रभाव, और आधुनिक दौर में प्रेस की चुनौतियों जैसे विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। कई वरिष्ठ पत्रकार और मीडिया विशेषज्ञ इस अवसर पर अपने विचार साझा करेंगे। यूनियन के प्रांतीय स्तर की कार्यकारिणी बैठक भी इसी दिन आयोजित की जाएगी, जिसमें संगठन के विस्तार, नई कार्यकारिणी के गठन और आगामी गतिविधियों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया जाएगा। मुख्यातिथि विधायक विवेक शर्मा ने भी अपने संदेश में कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण हैं, जो जनता और सरकार के बीच सेतु का कार्य करते हैं।

### कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर

**उपमंडल** बंगाणा के पत्रकारों द्वारा इस कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर हैं। आयोजन समिति के सदस्य भारत भूषण, स्पर्श शर्मा, गुरदेव सिंह, विपिन राणा, विनोद शर्मा, जितेंद्र शर्मा, रिंकू भारद्वाज, राजेश कुमार के अनुसार, यह कार्यक्रम पत्रकारिता जगत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य पत्रकारों के बीच एकजुटता को मजबूत करना और मीडिया की भूमिका को समाज के हित में और अधिक प्रभावशाली बनाना है। यूनियन के स्थानीय पदाधिकारी विपिन साजन ने बताया किने बताया कि प्रेस लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और इसकी स्वतंत्रता एवं निष्पक्षता को बनाए रखना हर पत्रकार का दायित्व है।

## 'कॉफी विद प्रिंसिपल' प्रेरणा से भरपूर वातावरण में संपन्न

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय, बंगाणा में 'कॉफी विद प्रिंसिपल' कार्यक्रम उत्साह व प्रेरणा से भरपूर वातावरण में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों में नेतृत्व, संवाद और सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आरंभ की गई एक सराहनीय पहल है।

कार्यक्रम में एनएसएस, एनसीसी, रोवर-रेंजर, कल्चर और रेड रिबन क्लब के वे विद्यार्थी शामिल हुए, जिन्होंने अनुशासन, सक्रियता और उत्कृष्टता का परिचय दिया। सत्र की शुरुआत चयनित छात्रों द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर के प्रति आभार प्रकट करने से हुई। इस अवसर पर डॉ. रमेश ने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि कॉफी विद प्रिंसिपल केवल एक सम्मान समारोह नहीं, बल्कि यह एक जीवंत मंच है, जहां विद्यार्थी और प्रशासन एक-दूसरे के विचारों को



बंगाणा कॉलेज में 'कॉफी विद प्रिंसिपल' के सफल आयोजन पर मौजूद लोग।

साझा कर कॉलेज के विकास की दिशा तय करते हैं। यह आयोजन प्रत्येक माह की पहली तिथि को किया जाता है, जिसमें पिछले माह अकादमिक या सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को आमंत्रित किया जाता है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और महाविद्यालय के शैक्षणिक व सांस्कृतिक वातावरण को और बेहतर बनाने के लिए रचनात्मक सुझाव प्रस्तुत किए। डॉ. ठाकुर ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि एक कप कॉफी के साथ साझा किए गए विचार विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और भविष्य की दिशा तय करने में मील का पत्थर साबित हो सकते हैं। इस अवसर पर प्रो. अनिल शर्मा, प्रो. किरण कुमारी, प्रो. सिकंदर नेगी, प्रो. निकिता गुप्ता, प्रो. कमलेश सहित अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे। 'कॉफी विद प्रिंसिपल' जैसी पहल न केवल विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करती है, बल्कि शिक्षकों और छात्रों के बीच संवाद की दूरी को कम कर महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक वातावरण को और अधिक समृद्ध बनाती है।

## एनएसएस इकाई ने जनजातीय गौरव दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** सरकारी महाविद्यालय बीटन में जनजातीय गौरव दिवस बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा क्षेत्रीय एनएसएस निदेशक के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवियों और विद्यार्थियों के लिए 'सितारे जमीन पर' फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसके माध्यम से समाज में समानता, विविधता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने जनजातीय गौरव दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि यह दिवस देश की जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और योगदान को याद करने का अवसर प्रदान करता है।

## भाजपा प्रवक्ता त्रिलोक जम्वाल ने मंत्री नेगी के बयान को बताया निंदनीय

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भाजपा प्रदेश वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस नेता एवं कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर टिप्पणी अति निंदनीय है, जिस प्रकार से केंद्र सरकार ने हिमाचल की मदद की है, उसको लेकर कांग्रेस मौन है और केवल मात्र झूठ बोलकर और झूठे आरोप लगाकर भारतीय जनता पार्टी की छवि बिगड़ने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा जिस प्रकार से एक राजनीतिक दल ने झूठ बोलकर 2022 में सत्ता हासिल की थी, इस झूठ को आगे ले जाते हुए जनता को गुमराह किया और अब झूठ को बढ़ते हुए जनता को और ठगने का प्रयास कर रही है।

आज हिमाचल के कोने-कोने में वर्तमान कांग्रेस सरकार की निंदा हो रही है, वह केवल एक कारण से हो रही है क्योंकि यह कांग्रेसी ठगों का टोला केवल मात्र जनता को ठगने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 4500 करोड़ का आपदा रिलीफ पैकेज देने की बात करी थी और उसमें से 89 करोड़ बांट कर केवल मात्र पब्लिसिटी स्टंट करने का काम कर रहे हैं। गत तीन वर्षों से दिनांक 31 जुलाई, 2025 तक प्रदेश सरकार को आपदा के तहत 3 हजार 5 सौ 78 करोड़ 63 लाख रुपए प्राप्त हुए हैं, जिसमें से केंद्र सरकार द्वारा 3 हजार 247 करोड़ 64 लाख रुपए तथा राज्य सरकार द्वारा 330 करोड़ 99 लाख रुपए का योगदान किया गया। इससे स्पष्ट जानकारी नहीं हो सकती, वैसे तो प्रदेश सरकार को केंद्र से 5215 करोड़ से अधिक की मदद आई है। प्रदेश सरकार को तो केंद्र सरकार से दिया गया शोध संस्थान जो कि 2700 करोड़ से अधिक का है, उसका भी स्मरण करना चाहिए, मदद तो बहुत आई है पर इसपर कांग्रेस ने राजनीति भी बहुत की है।

**विकास** विधायक विवेक शर्मा ने 18 लाख से निर्मित भारत निर्माण सेवा केंद्र बुधान का किया उद्घाटन

# ग्रामीणों को अब सरकारी सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिलेंगी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने की दिशा में बुधवार को विधायक विवेक शर्मा ने भारत निर्माण सेवा केंद्र, बुधान का उद्घाटन किया। लगभग 18 लाख रुपए की लागत से निर्मित इस आधुनिक सेवा केंद्र से अब क्षेत्र के लोगों को कई सरकारी व प्रशासनिक सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में पंचायतवासी, अधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि यह सेवा केंद्र ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि भारत निर्माण सेवा केंद्र की स्थापना का उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में डिजिटल सेवाओं का विस्तार करना, लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ आसानी से उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि अब पंचायत स्तर पर जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, राजस्व से जुड़ी सेवाएं, पेंशन, राशन कार्ड, मनरेगा भुगतान सहित



विवेक शर्मा 18 लाख से निर्मित भारत निर्माण सेवा केंद्र बुधान का उद्घाटन करते हुए।

अन्य सरकारी कार्यों के लिए लोगों को दूर नहीं जाना पड़ेगा। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार हर गांव और पंचायत को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत है।

उन्होंने बताया कि इस केंद्र से न केवल पंचायत के लोग बल्कि आसपास के ग्रामीण भी लाभान्वित होंगे। सेवा केंद्र में कंप्यूटर, इंटरनेट कनेक्टिविटी, प्रिंटर, स्कैनर और अन्य जरूरी सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं।उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने विधायक विवेक शर्मा का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा कि यह केंद्र ग्रामीण जनता के लिए बड़ी सौगात साबित होगा। उन्होंने बताया कि इससे लोगों का समय और धन दोनों की बचत होगी। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और जनता की हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सेवा केंद्र को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक स्टाफ और संसाधन समय पर उपलब्ध कराए जाएं। कार्यक्रम में विधायक विवेक शर्मा ने ग्रामीणों के साथ संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

## सीसे स्कूल बुधान व हाई स्कूल तनोह में छात्रों पर बरसे इनाम

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बुधान एवं राजकीय उच्च विद्यालय तनोह में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ।

इसमें क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा मुख्यतिथि के रूप में शामिल हुए। विद्यालय प्रबंधन, अध्यापकों, छात्रों तथा अभिभावकों ने उनका भव्य स्वागत किया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया और पूरे समारोह में उल्लास का माहौल छा गया। मुख्यतिथि विवेक शर्मा ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के ये बच्चे किसी भी तरह से शहरों के बच्चों से पीछे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है, और राज्य सरकार इसे मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विधायक ने इस अवसर पर दोनों स्कूलों की छोटी-छोटी मांगों को मंच से ही स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने बुधान स्कूल के प्रार्थना मंच के लिए एक लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि स्कूलों की जो अन्य आवश्यक मांगें हैं अन्य आधारभूत ढाँचे की जरूरतें,उन्हें शीघ्र पूरा किया जाएगा। विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र के हर स्कूल में सरकार द्वारा भवन, खेल मैदान और मरम्मत कार्यों पर लगभग एक-एक करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। संबोधन में विधायक विवेक शर्मा ने छात्रों को नशे से दूर रहने का संकल्प लेने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी ऊर्जा पढ़ाई, खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों में लगानी चाहिए ताकि वे एक मजबूत और जिम्मेदार नागरिक बन सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने का मार्ग है।

## कुटलैहड़ में भारतीय जनता पार्टी को मिला सशक्त संगठनात्मक बल

# भाजपा ओबीसी मोर्चा की नई कार्यकारिणी घोषित

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संगठनात्मक विस्तार के तहत कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में ओबीसी मोर्चा की दो भाजपा मंडलों की नई कार्यकारिणियों का गठन किया गया है। यह घोषणा वरिष्ठ भाजपा नेता दविंदर कुमार भुट्टो के साथ विशेष चर्चा करने के बाद गठित की गई। नई टीमों के गठन से क्षेत्र में भाजपा संगठन को नया जोश और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

कुटलैहड़ भाजपा मंडल ओबीसी के अध्यक्ष करनैल सिंह ने बताया कि उपाध्यक्ष पद पर रामदास, रमेश चौधरी, संजीव कुमार और जगमोहन सिंह को नियुक्त किया गया है। महामंत्री के रूप में जगदेव चंद और संजीव वैश्य कार्यभार संभालेंगे। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी बलजीत कुमार को दी गई है। सचिव पद पर जुगल किशोर, सतनाम सिंह, कमलदेव धीमान और विक्रम सिंह को स्थान दिया गया है। कार्यकारिणी सदस्यों में गुरुपाल सिंह, हेमराज, नक्खा सिंह, सुरेंद्र सिंह, केशर सिंह, संजीव चौधरी,

**महामंत्री के रूप में जगदेव चंद और संजीव वैश्य संभालेंगे कार्यभार**

पवन कुमार, लखविंद्र सिंह, राकेश कुमार और अशोक कुमार शामिल हैं। डेरा बाबा रूद्रानंद भाजपा मंडल के ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष कमलेश कुमार ने बताया कि उपाध्यक्ष पद पर गुरनाम सिंह, अश्वनी कुमार, कृपाल सिंह और बलदेव सिंह सैनी को जिम्मेदारी दी गई है। महामंत्री के रूप में राजीव कुमार और जितेंद्र कुमार कार्य करेंगे, जबकि कोषाध्यक्ष पद पर विजय कुमार नियुक्त हुए हैं। सचिव पद पर गुरबख्श सिंह, सुरजीत सिंह, सूखचैन सिंह और करनैल सिंह को स्थान दिया गया है। कार्यकारिणी सदस्यों में सुभाष चंद्र, ज्ञानचंद, राजेंद्र कुमार, कुलदीप कुमार, विक्रम सिंह, विजय कुमार, रवि कुमार, बलदेव सिंह, भजन लाल, जोगिंदर सिंह और राम कुमार शामिल हैं। कुटलैहड़ के वरिष्ठ भाजपा नेता दविंदर कुमार भुट्टो ने दोनों मंडलों की ओबीसी की नई कार्यकारिणियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पार्टी में शामिल सभी पदाधिकारी राजनीतिक अनुभव और संगठनात्मक समझ रखते हैं, जिसका लाभ निश्चित रूप से भाजपा को मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि नई टीम के नेतृत्व में भाजपा ओबीसी मोर्चा क्षेत्र में और अधिक सशक्त होगा तथा आगामी चुनावों में संगठन की पकड़ और मजबूत बनेगी। दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा ओबीसी वर्ग के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने में ये कार्यकर्ता सेतु का काम करेंगे,नई कार्यकारिणी से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और उन्होंने पार्टी के विस्तार और जनसंपर्क को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया है। नई टीमों के गठन से यह स्पष्ट है कि भाजपा कुटलैहड़ क्षेत्र में संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने के मिशन पर पूरी तरह केंद्रित है। इससे पार्टी को न केवल सामाजिक वर्गों में व्यापक समर्थन मिलेगा बल्कि आने वाले समय में भाजपा की राजनीतिक पकड़ भी और सुदृढ़ होगी।

# मनाली में अनछुए पर्यटन स्थल पर्यटकों की पहुंच से कोसों दूर

## चार दशक के बाद भी नहीं हुए नए पर्यटन स्थल चिन्हित, पर्यटन स्थलों को विकसित करने में फिसड्डी बनी सरकारें

एम बोकटापा, अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान स्पैशल

**मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। कोरोना व आपदा काल को छोड़ दें, तो कुल्लू, मनाली में पर्यटकों का आंकड़ा हर साल बढ़ रहा है, लेकिन पर्यटन व्यवसाय अभी भी पुराने ढर्रे पर ही चला है।

पर्यटकों की संख्या में भले ही बृद्धि हुई है लेकिन मनाली में पर्यटकों का ठहराव लगातार कम होता जा रहा है।अधिकांश पर्यटक दो या तीन दिन से अधिक मनाली में नहीं रुकता है। जिस का प्रमुख कारण नए पर्यटक स्थलों की कमी है। चार दशकों के बाद भी मनाली में नए पर्यटक स्थल चिह्नित नहीं हो पाई है। ऐसा नहीं है कि मनाली में पर्यटक स्थलों की कमी है। कुदरत ने मनाली को बहुत कुछ दिया है बस राजनीतिक इच्छा शक्ति की कमी है ।मनाली के अनछुए पर्यटन स्थल भृगु, दशौहर, हामटा, रानी सुई, , चंद्रखणी, लमाढुग स्थान पर्यटन की दृष्टि से विकसित नहीं हो पाए हैं। सड़क और अन्य सुविधाओं के अभाव में बहुत कम संख्या में ही सैलानी यहां आते हैं। हामटा में हालांकि सर्दियों में बर्फ रहती है। लेकिन यदि सड़क कुछ किलोमीटर आगे तक निकली जाए तो गर्मी में भी यहां बर्फ देखने को मिलेगी। इससे रोहतांग जाने वाले पर्यटक को एक अन्य स्थल मिल जाएगा। अनछुए पर्यटन स्थल पर्यटकों की पहुंच से कोसों दूर हैं। मनाली में इस बार आपदा के कारण भारी नुकसान हुआ है जिससे पर्यटन कारोबार भी दो तीन माह से ठप रहा लेकिन अब धीरे धीरे कारोबार रफ्तार पकड़ पा रहा है। हालांकि दशहरा, दिवाली में कारोबार के गति पकड़ने की उम्मीद थी लेकिन उम्मीद से कम ही पर्यटक पहुंचे। अबरोल का कहना है कहा कि नए पर्यटन स्थलों को विकसित करने में किसी भी सरकार ने गंभीरता नहीं दिखाई। अटल टनल बनने से एक नया स्थल जरूर विकसित हुआ है, लेकिन गर्मी में बर्फ देखना सिर्फ रोहतांग पर ही संभव है। ऐसे ही नए स्थलों को विकसित किया जाना जरूरी है।



पर्यटन नगरी मनाली के मालरोड में पर्यटक चहलकदमी करते हुए।

"**सरकार** हिमाचल के अन्य पर्यटन स्थलों की तरह मनाली के पर्यटन स्थलों को भी विकसित करने की दिशा में लगातार प्रयासरत है। अनछुए पर्यटन स्थलों के विकसित होने से मनाली में पर्यटन कारोबार बढ़ेगा जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा।
**भुवनेश्वर गौड़, विधायक मनाली विस क्षेत्र**

### अन्य पर्यटन स्थल भी किए जाएं विकसित : मुकेश

**होटलियर** ऐसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष मुकेश ठाकुर का कहना है कहा कि कुछ साल पहले ऐसोसिएशन ने सरकार से हामटा पास से आगे लगभग पांच किलोमीटर तक सड़क बनाने कि मांग की थी। इससे रोहतांग का पर्यटक बंट सकता है। वहीं अन्य पर्यटन स्थलों को भी विकसित किया जाना चाहिए। अगर सरकार इस दिशा में कार्य करेगी तो मनाली के पर्यटन कारोबार और पंख लगेंगे।

### रोहतांग दर्रा दशकों से बना पालनहारा

**पर्यटन** कारोबार के लिए रोहतांग दर्रा ही दशकों से पालनहार बना हुआ है। अब अटल टनल ने भी पर्यटकों को आकर्षित किया है। लेकिन फिर भी घाटी के दर्जनों पर्यटन स्थलों को विकसित होने का इंतजार है। देश और विदेश से आने वाले सैलानी इन अनछुए रमणीक स्थलों तक नहीं पहुंच पाते हैं। जिससे कुल्लू मनाली का पर्यटन व्यवसाय मनाली तक ही सीमित रह गया है। अनछुए पर्यटन स्थल विकसित न होने से रोहतांग दर्रे पर पर्यटकों का दवाब बढ़ा जिसके बाद एनजीटी को हस्तक्षेप करना पड़ा। एनजीटी ने दर्रे में वाहनों की संख्या सीमित कर दी है। ऐसे में यदि पर्यटन नगरी मनाली में नए पर्यटन स्थलों को विकसित किया जाता है, तो पर्यटन कारोबार को भी पंख लगेंगे।

### किसी भी सरकार ने नहीं दिखाई गंभीरता

**मनाली** के अनछुए पर्यटन स्थलों को विकसित करने में किसी भी सरकार ने गंभीरता नहीं दिखाई। परिणामस्वरूप यातायात समस्या बढ़ने के साथ मनाली में पर्यटकों का ठहराव भी नहीं बढ़ पाया। पर्यटकों की पहली पसंद जहां रोहतांग दर्रा है।क्योंकि यहां पूरा साल बर्फ देखने को मिलती है। वहीं, अब हालांकि अटल टनल की तरफ भी पर्यटक रुख कर रहे हैं। ऐसे ही अन्य स्थल को विकसित किया जाए तो ट्रैफिक जाम की समस्या काफी हद तक कम हो जाएगी

# बर्फ से ढका लाहौल का पर्यटन स्थल ग्रांफू बना सैलानियों की पहली पसंद



रोहतांग दर्रे में दर्जनों, जबकि पर्यटन स्थल ग्रांफू में पहुंच रहे सैकड़ों वाहन।

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान

**केलांग/ मनाली।** बर्फ से ढका लाहुल का पर्यटन स्थल ग्रामफू सैलानियों की पहली पसंद बन गया है। हालांकि रोहतांग दर्रा भी पर्यटकों के लिए बहाल है लेकिन रोहतांग में फोर व्हील ड्राइव वाहन में ही सफर सुरक्षित है।

सुबह शाम दर्रे में बर्फ जम रही है, जिससे आम वाहनों के स्किड होन का खतरा बन रहा है। बुधवार को रोहतांग दर्रे में दर्जनों जबकि पर्यटन स्थल ग्रामफू में सैकड़ों वाहन पहुंचे। दर्रे में बुधवार को दिन भर धूप खिली रही। पर्यटकों ने दिन भर साहसिक खेलों का आनंद लिया। बुधवार सुबह धूप खिलते ही पर्यटकों ने रोहतांग दर्रे का रुख करना शुरू के दिया। मनाली से गुलाबा सहित अटल टनल व कोकसर होते हुए पर्यटक रोहतांग रवाना हुए। खिली धूप में रोहतांग व ग्रामफू सहित पर्यटकों ने कोकसर, अटल टनल, सिस्सू, सोलंग नाला व अंजनी महादेव में साहसिक खेलों का आनंद लिया। पर्यटन कारोबारी लुदर, दलीप व कृष्ण ने बताया कि आज भारी संख्या में पर्यटक वाहन कोकसर होते हुए ग्रामफू पहुंचे। उन्होंने बताया कि हालांकि पर्यटकों की आमद कम है लेकिन आने वाले दिनों में विंटर सीजन गति पकड़ेगा। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि बुधवार को मौसम साफ रहा। पर्यटकों ने खिली धूप के बीच रोहतांग सहित अन्य पर्यटन स्थलों में घूमने का आनंद लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### सरबजीत बॉबी की टीम ने पहुंचाई मदद

**अनंत ज्ञान, बंजार।** जिला कुल्लू की बंजार मुख्यालय की तिर्थन घाटी में 10 नवंबर को लगी भीषण आग में लगभग 16 परिवारों के घर पूरी तरह जलकर राख हो गए। आगजनी की इस घटना से क्षेत्र में भारी नुकसान हुआ है और कई परिवार बेघर हो गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही शिमला के सरबजीत बॉबी के साथ जुड़ी 'हिम समाज सेवा' संस्था की टीम मौके पर पहुंची और पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री प्रदान की। संस्था की ओर से कपड़े, बिस्तर और अन्य आवश्यक वस्तुएं लगभग 2 लाख रुपए मूल्य की वितरित की गईं। संस्था के प्रमुख सरबजीत सिंह बॉबी ने बताया कि संस्था ने अब प्रत्येक प्रभावित परिवार को 25-25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता और 200 टिन शीट्स देने का निर्णय लिया है, जिसकी अनुमानित लागत 2.5 लाख रुपए है। यह सहायता आगामी एक-दो दिनों में दूसरी बार मौके पर पहुंचाई जाएगी। सरबजीत सिंह बॉबी ने कहा, 'सर्दियां शुरू हो चुकी हैं और हिमाचल में आगजनी की घटनाएं हर साल लोगों के लिए नई मुसीबत लेकर आती हैं, ऐसे समय में हमें एकजुट होकर जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए।

### 'मेरी विमला' गीत का दिनेश ने किया विमोचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय स्थित रस्टिक वुड में बुधवार को देसी चैनल के बैनर तले हीरा लाल ठाकुर के गीत ...मेरी विमला का विमोचन हुआ। सूत्रधार कला संगम संस्था के अध्यक्ष दिनेश सेन ने गीत का विमोचन किया। गीत को हीरा लाल ठाकुर ने लिखा और आवाज दी है, जबकि संगीत राजेंद्र आचार्य ने दिया है। गीत की शूटिंग बाशिंग रायसन व कुल्लू में की गई है। गीत में नायक की भूमिका हीरालाल ठाकुर, हुकुम प्रेमी,डी आर ठाकुर और नायिका की भूमिका रीना कुल्लवी ने निभाई है। सूत्रधार कला संगम संस्था कल्लू के अध्यक्ष दिनेश सेन ने कहा कि देसी चैनल कला संस्कृति के क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। लोगों का मनोरंजन करने के साथ ही संस्कृति का संरक्षण कर रहा है। उन्होंने देसी चैनल की पूरी टीम को बधाई दी। इससे पहले देसी चैनल के चेयरमैन तेज सिंह ठाकुर ने भी अपने विचार रखे। लोक गायक हीरा लाल ठाकुर ने कहा कि कहा कि यह देसी चैनल के बैनर तले मेरा दूसरा गीत है। अपनी संस्कृति के सरंक्षण की दिशा में मेरा प्रयास जारी रहेगा। इस दौरान देसी चैनल के एमडी डीआर ठाकुर, लोक कलाकार हुक्कम प्रेमी, हरीश नैयर भी उपस्थित रहे।

### भूस्खलन रोकने के लिए 'विलो' लगाने की दी सलाह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** पर्यावरण प्रेमी एवं राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता किशन लाल ने लाहुल के लिंडुर और मनाली के सोलंग नाला में हो रहे भूस्खलन को लेकर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि जंगली विलो और छरमा लगाने से इन इलाकों में भूस्खलन का खतरा कम किया जा सकता है। किशन लाल ने बताया कि विलो की घनी जड़ें मिट्टी को मजबूती से बांधती हैं, पानी के बहाव को धीमा करती हैं और ढलानों की स्थिरता बढ़ाती हैं। इससे मिट्टी का कटाव कम होता है और भूस्खलन का जोखिम घटता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि प्रभावित क्षेत्रों में पौधरोपण करें। पौधरोपण का सबसे अच्छा समय मार्च-अप्रैल है, लेकिन दिसंबर में भी यह किया जा सकता है। अधिक पेड़ लगाना और ढलानों पर वनस्पति आवरण बनाए रखना भूस्खलन रोकने का प्रभावी और किफायती तरीका है।

### 15 को मनाई जाएगी भगवान बिरसा की जयंती

**अनंत ज्ञान, मनाली।** अनुसूचित जनजाति मोर्चा कुल्लू 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती मनाने जा रहा है। अनुसूचित जनजाति मोर्चा कुल्लू की जिला अध्यक्षा चंद्रा पदान ने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती पर तिब्बतीयन स्कूल पतलीकूहल में जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य भारत के जनजातीय वीर सपूतों के योगदान को स्मरण करना तथा समाज में उनके त्याग, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर इस भव्य कार्यक्रम के मुख्यातिथि होंगे। पूर्व मंत्री मुख्य वक्ता के रूप में भगवान बिरसा मुंडा जी के जीवन, उनके संघर्ष व आदिवासी समाज के उत्थान में उनके योगदान पर अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न जनजातीय मोर्चों, सामाजिक संगठनों व स्थानीय जनता की सहभागिता रहेगी। चंद्रा ने बताया कि सम्मेलन का आयोजन सामाजिक एकता, संस्कृति संरक्षण और जनजागरण के उद्देश्य से किया जा रहा है। चंद्रा पदान ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा एक भारतीय आदिवासी नेता, स्वतंत्रता सेनानी व लोक नायक थे, जिन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया। उन्होंने सभी से इस भव्य कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि 15 नवंबर को सुबह 10 बजे तिब्बतीयन स्कूल पतलीकूहल पहुंच कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

### निरमंड में विकास कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सचिव (वित्त, नियोजन तथा अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी) अभिषेक जैन ने बुधवार को बचत भवन में नियोजन विभाग और एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम के तहत निरमंड ब्लॉक के विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सभी बीडीओ और विभागों को अपूर्ण कार्यों की जानकारी प्रस्तुत करने तथा विलंब को कम करने के निर्देश दिए। जैन ने लोक निर्माण विभाग को स्वीकृत कार्य शीघ्र अमलीजामा पहनाने और अब तक आरंभ न हुए कार्य अविलंब शुरू करने का भी आदेश दिया। उन्होंने निरमंड ब्लॉक की उपलब्धियों की सराहना की और कमजोर प्रदर्शन वाले इंडिकेटरों में सुधार की आवश्यकता जताई। बैठक का संचालन दिनेश शर्मा ने किया।

### पीएम विकसित भारत रोजगार योजना पर सेमिनार

**अनंत ज्ञान, मनाली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ई.पी.एफ.ओ), जिला कार्यालय कुल्लू ने बुधवार को मनाली में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के जागरूकता और पंजीकरण के लिए सेमिनार आयोजित किया। अध्यक्षता राजीव बिष्ट, अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त, पंजाब एवं हिमाचल प्रदेश ने की, जबकि राकेश कुमार, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त हिमाचल प्रदेश भी उपस्थित रहे। राजीव बिष्ट ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक अगस्त 2025 से इस योजना को मंजूरी दी है। योजना के तहत पहली बार नौकरी पर नियुक्त कर्मचारियों को मासिक 15,000 रुपए तक का वेतन मिलेगा। पहली किस्त छह महीने की सेवा के बाद और दूसरी 12 महीने की सेवा और वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम पूरा करने के बाद देय होगी। नियोक्ताओं को अतिरिक्त रोजगार सृजन पर दो साल तक प्रत्येक नए कर्मचारी के लिए 3,000 रुपए प्रतिमाह प्रोत्साहन मिलेगा, जबकि विनिर्माण क्षेत्र के लिए यह लाभ 3-4 साल तक बढ़ाया जाएगा। पीएमवीबीआर वाई योजना केंद्रीय बजट 2024-25 के पांच योजनाओं के पैकेज का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य 4.1 करोड़ युवाओं को रोजगार, कौशल और अवसर प्रदान करना है। योजना 1 अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 तक लागू होगी। लाभार्थियों के लिए यूएएन सक्रिय और आधार लिंक होना अनिवार्य है।

# झनियार अग्निकांड पीड़ितों के लिए पूर्व मुख्यमंत्री ने भेजी राहत सामग्री

अनंत ज्ञान, बंजार

सोमवार का दिन बंजार विधानसभा क्षेत्र की तीर्थन घाटी के लिए अत्यंत पीड़ादायक रहा, जब नोहांडा पंचायत के झनियार गांव में भीषण अग्निकांड ने कई परिवारों को बेघर कर दिया।

आग की इस विभीषिका में ग्रामीणों का भारी नुकसान हुआ। पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए राहत सामग्री भेजी है। राहत सामग्री में कम्बल, रजाइयां, तकिए, वर्तन किट,तौलिए, जैकेट व रोजमर्रा की जरूरत का अन्य सामान शामिल हैं। विधायक सुरेंद्र शौरी सोमवार शाम ही स्वयं झनियार गांव पहुँचे और प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका दुख साझा किया। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में भाजपा परिवार पीड़ितों के साथ खड़ा है और हर संभव सहायता पहुँचाई जाएगी। विधायक शौरी के आह्वान पर विभिन्न समाजसेवियों व संस्थाओं ने मदद के हाथ आगे बढ़ाए हैं। विद्यायक शौरी ने कहा कि एक वर्ष के भीतर बंजार विधानसभा क्षेत्र में यह दूसरी बड़ी आगजनी की घटना है, जो प्रशासन के लिए भी चिंता का विषय है। उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि प्रभावित परिवारों को शीघ्र आर्थिक सहायता और पुनर्वास हेतु प्राथमिकता के आधार पर कदम उठाए जाएँ। विधायक ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका यह मानवीय योगदान संकटग्रस्त परिवारों के लिए बड़ी राहत है। उन्होंने कहा कि यह सहयोग भावनात्मक रूप से भी प्रभावित परिवारों में उम्मीद का संचार करेगा।

# डीपीएस स्कूल ने सम्मानित किए मेधावी छात्र

**अनंत ज्ञान, मनाली।** दिल्ली पब्लिक स्कूल मनाली ने धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया। स्कूल प्रबंधन ने पढ़ाई खेलकूद व अन्य गतिविधियों में आगे रहने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका होंसला बढ़ाया। स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों ने नाटक, नृत्य (हिमाचली नाटी, पंजाबी भांगड़ा, गुजराती, मराठी और हरियाणवी नृत्य और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत के खूब वाहवाही लूटी। इस उत्सव में स्कूल की निदेशक कविता सुखराम नेगी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विधिवत शुरुआत की। मुख्यातिथि ने कहा कि डीपीएस सोसायटी की तरफ से शिक्षा जगत में विशेष आयाम स्थापित किए गए हैं।

# मुख्यमंत्री मधु विकास योजना बनी चंद्रसेन की आत्मनिर्भरता की राह

अनंत ज्ञान ब्युरो, कुल्लू

कुल्लू जिले के मनाली के समीप बसे बरूआ गांव के युवा चंद्रसेन ने यह सिद्ध कर दिखाया है कि अगर मन में दृढ़ संकल्प और वैज्ञानिक सोच हो, तो पहाड़ों की धरती पर भी सफलता के फूल खिल सकते हैं।

मुख्यमंत्री मधु विकास योजना की सहायता से शुरू हुई उनकी यह यात्रा आज 'मौन क्रांति' का प्रतीक बन चुकी है, जिससे न केवल वे स्वयं आत्मनिर्भर बने हैं, बल्कि अपने गांव के अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणा बन गए हैं। चंद्रसेन ने अपनी यात्रा करीब कुछ वर्ष पूर्व शुरू की। प्रारंभ में उन्होंने केवल कुछ छत्तों से मधु पालन का कार्य आरंभ किया। लेकिन जल्द ही उन्हें समझ आया कि यदि यह कार्य वैज्ञानिक ढंग से किया जाए, तो यह एक मजबूत स्वरोजगार का माध्यम बन सकता है। इसी सोच के तहत उन्होंने डॉ. वाईएस परमार उद्यान विश्वविद्यालय, नौणी (सोलन) और सीएसके हिमाचल कृषि विश्वविद्यालय, बजौरा केंद्र से मधु



पालन का प्रशिक्षण प्राप्त किया। मुख्यमंत्री मधु विकास योजना के तहत उन्हें 1,74,000 का अनुदान प्राप्त हुआ, जिससे उन्होंने आधुनिक उपकरण, मधु निष्कर्षण यूनिट, और बी ब्रीडिंग बॉक्स स्थापित किए। यह सहयोग उनके उद्यम की बुनियाद बना। शहद उत्पादन में आधुनिक तकनीक और स्थानीय प्राकृतिक संसाधनों का अनूठा संयोजन करते हैं। वे स्टेनलेस स्टील हनी एक्सट्रैक्टर, फिल्टरिंग यूनिट, और क्वालिटी टेस्टिंग उपकरण का उपयोग करते हैं। उनके शहद की खासियत यह है कि यह पूरी तरह प्राकृतिक और रासायनिक मुक्त है। इसमें स्थानीय पुष्पों जैसे बुरांश, अखरोट, और सेब के फूलों का रस शामिल होता है, जो इसे 'पहाड़ी शहद' के रूप में विशिष्ट बनाता है। बी ब्रीडिंग ) की वैज्ञानिक तकनीक अपनाकर उन्होंने अपने उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार किया और स्थानीय बाजार में अपनी अलग पहचान बनाई। आज चंद्रसेन के पास सैकड़ों मधुमक्खी कॉलोनियां हैं, जिनसे वे हर वर्ष 3 से 4 लाख रुपए तक की शुद्ध आय अर्जित करते हैं। उन्होंने शहद के अलावा बी वैक्स और पॉलिनेशन सर्विसेज के माध्यम से भी अतिरिक्त आय के स्रोत विकसित किए हैं। उनकी सफलता से प्रभावित होकर आसपास के कई युवाओं ने भी मधु पालन शुरू किया है।

चंद्रसेन अब इन युवाओं को प्रशिक्षण देते हैं और उनके लिए उपकरण व तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराते हैं। बरूआ गांव में पहले जहां कृषि पर निर्भरता अधिक थी, वहीं अब मधु पालन ने स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी है। चंद्रसेन के प्रयासों से न केवल युवाओं को रोजगार मिला है।

# ज्योति बीमा योजना के तहत जॉली गांव के किशन चंद को मिले 2 लाख

अनंत ज्ञान भुंतर

प्रधानमंत्री ज्योति जीवन बीमा पीड़ित लोगों को राहत प्रदान कर रहा है। गांव जॉली पोस्ट ऑफिस मौहल तहसील भुंतर जिला कुल्लू हिमाचल प्रदेश के निवासी रुपदासी का सामान्य देहांत होने पर उनके पति किशन चंद को हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा मौहल की ओर से दो लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई।

किशन चंद को यह राशि मृतक द्वारा प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत वार्षिक प्रीमियम मात्र 436 रुपये का बीमा करवाए जाने के कारण मिली है। ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक नम्रता अरोड़ा ने बताया की स्वर्गीय श्रीमती रुपदासी जी की मृत्यु 4 अक्टूबर 2025 को हो गई थी। उन्होंने प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत अपना बीमा करवाया हुआ था। इस बीमा योजना की वार्षिक प्रीमियम मात्र 436रुपये है। इसी



योजना के तहत 11 नवंबर 2025 को बीमा राशि 2 लाख रूपए नॉमिनी किशन चंद जी को मिली है। इस मौके पर शाखा प्रबंधक नम्रता अरोड़ा व सहायक प्रबंधक विष्णु यदुवंशी, कार्यालय सहायक मनोज सिंह व बालक राम और मृतक के रिश्तेदार तथा अन्य ग्रामीण मौजूद थे। शाखा प्रबंधक नम्रता अरोड़ा ने सभी खाता धारको से अपील की है कि वे सभी अपने खाते में प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना व प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना अवश्य करावे ताकि किसी प्रकार की अनहोनी होने पर आश्रितों को बीमा राशि मिल सके।

# महिलाओं के भरोसे का नाम मोदी सरकार : डेजी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

मंडी संसदीय क्षेत्र मंडी के दौरे पर पहुंची प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष डेजी ठाकुर ने जिला कुल्लू के नवगठित महिला मोर्चा संगठन की परिचय बैठक में शिरकत की और नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।



बैठक के दौरान भाजपा के पदाधिकारी।

मीडिया को जारी बयान में उन्होंने कहा की पिछले दस वर्षों से भारतीय राजनीति में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही हैं और जिसका मूल कारण केंद्र की मोदी सरकार का महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार किए जा रहे प्रयास हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर महिलाओं के भरोसे के कारण ही केंद्र में लगातार तीसरी बार भाजपा सत्तासीन हुई है। उन्होंने कहा की केंद्र सरकार की लगभग हर योजना महिलाओं को केंद्र में रख कर बनाई जा रही हैं और हर क्षेत्र में महिलाएं निर्णायक भूमिका में हैं। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में संगठन में नई नियुक्तियां हुई है और जिला स्तर पर महिला मोर्चा ने मजबूत संगठन का निर्माण किया है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि पंद्रह सौ हर महीने का झूठा वादा करके कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की इक्कीस लाख महिलाओं के साथ छल किया है जिसका खामियाजा सरकार को आगामी पंचायती राज चुनावों और शहरी निकाय चुनावों में भुगतना पड़ेगा। आगामी चुनावों में महिला मोर्चा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजना को हर महिला तक पहुंचाने के साथ प्रदेश की कांग्रेस सरकार की विफलताओं को भी आम जनमानस तक पहुंचाने का कार्य करेगा।इस मौके पर पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर, प्रदेश महामंत्री कमलेश कुमारी, विधायक सुरेंद्र सौरी, जिला भाजपा अध्यक्ष अमित सूद, वरिष्ठ नेत्री धनेश्वरी ठाकुर,प्रदेश उपाध्यक्ष मीना ठाकुर, प्रदेश सचिव मनीषा सूद, जिला अध्यक्ष बिंदिया सूद सहित महिला मोर्चा की सभी मंडल अध्यक्ष, प्रदेश जिला मंडल पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहीं।

# 81 छात्रों ने सांस्कृतिक स्थलों का किया अध्ययन

**अनंत ज्ञान, सैंज।** कुल्लू जिले के राजकीय महाविद्यालय सैंज द्वारा बुधवार को एकदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज के लगभग 81 छात्रों ने भाग लिया। कॉलेज की प्रिंसिपल सुजाता कुमार ने बताया कि इस भ्रमण के तहत छात्रों को मंडी जिला के धार्मिक स्थल रिवालसर और नयनादेवी के दर्शनीय एवं ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन करवाया गया। एजुकेशनल टूअर का मुख्य उद्देश्य स्टूडेंट्स को रिवालसर झील तथा माता नयनादेवी के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं वनस्पति संबंधी महत्व से अवगत करवाना था। इस टूअर में कॉलेज के स्टूडेंट्स ने जहां भ्रमण का आनंद लिया। वहीं, ऐतिहासिक स्थल रिवालसर तथा नैना देवी में सांस्कृतिक धरोहर की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। कॉलेज के छात्रों में इस भ्रमण को लेकर काफी उत्साह देखा गया। उधर, अभिभावकों ने कॉलेज द्वारा आयोजित किए गए। एजुकेशनल टूर की पहल का स्वागत करते हुए सराहना की है। उन्होंने बताया कि ऐसे भ्रमण से बच्चों को व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करने का अवसर मिलता है। कॉलेज के प्रोफेसर होशियार सिंह ने बताया कि ऐसे भ्रमण से नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क और पर्यावरणीय जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।

**आयोजन** आनी में विकास व स्वच्छता को लेकर बैठक आयोजित

# ट्रैफिक व पार्किंग सुधार को प्राथमिकता

जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान

**आनी।** आनी उपमंडल मुख्यालय में बुधवार को एसडीएम सभागार में आनी कस्बे की विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता एसडीएम आनी लक्ष्मण सिंह कनेट ने की। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, व्यापार मंडल के प्रतिनिधि और कस्बे के प्रबुद्ध नागरिक मौजूद रहे। बैठक में ट्रैफिक जाम, कचरा निस्तारण, सड़क व्यवस्था, स्वच्छता अभियान, जल निकासी, पुस्तकालय की समृद्धि और कस्बे के सौंदर्यीकरण जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा हुई।एसडीएम लक्ष्मण सिंह कनेट ने कहा कि आनी कस्बे को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए ठोस नीति तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि स्थानीय आवश्यकताओं और सुझावों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं लागू की जाएंगी, ताकि कस्बे का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। बैठक में बढ़ती ट्रैफिक समस्या को



प्राथमिकता दी गई। एसडीएम ने निर्देश दिए कि बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों पर चालान काटे जाएं और लोगों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही वाहन लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। इसके साथ ही कस्बे में नए पार्किंग स्थलों की पहचान करने को भी कहा गया, ताकि वाहनों की अव्यवस्था से निजात मिल सके। निर्णय लिया गया कि प्रत्येक परिवार से प्लास्टिक आधारित कचरे के संग्रहण हेतु निर्धारित शुल्क लिया जाएगा, जिससे कचरा निस्तारण की प्रक्रिया नियमित रूप से चल सके। साथ ही, स्कूली बच्चों, महिला मंडलों और सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से हर महीने स्वच्छता अभियान चलाने पर भी सहमति बनी। स्वच्छता केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। बैठक में कोर्ट रोड के सुधार पर भी चर्चा हुई। एसडीएम ने बताया कि इस सड़क को नियमित रूप से बेहतर बनाया जाएगा और इसे भविष्य में लोक निर्माण विभाग के अधीन लाने के लिए पंचायत को आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के निर्देश दिए गए।सौंदर्यीकरण अभियान के तहत, कस्बे के खड्ड किनारों पर सुदृढ़ और आकर्षक पौधरोपण करने के निर्देश वन विभाग को दिए गए। किरण बाजार के समीप ढांक की सुरक्षा के लिए घास और छोटे पौधे लगाने पर बल दिया गया। बैठक में कस्बे के सार्वजनिक पुस्तकालय को समृद्ध करने पर भी चर्चा हुई। नागरिकों से अपील की कि वे अपने घरों में रखी उपयोगी किताबें पुस्तकालय को दान करें, ताकि यह युवाओं के लिए ज्ञान का केंद्र बन सके। नागरिकों ने बैठक के दौरान मजदूरों की दिहाड़ी और सामान ढोने की दर तय करने, सोलर लाइटें लगाने, तथा जल निकासी व्यवस्था को सुधारने की भी मांग उठाई। एसडीएम ने कहा कि सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि आनी कस्बे को स्वच्छ, व्यवस्थित और सुंदर बनाने का लक्ष्य शीघ्र पूरा हो सके।

## राज्य की सांख्यिकीय व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए कार्यशाला आयोजित

# विभागीय सहभागिता व प्रशिक्षण के अवसर प्रदान किए

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा सांख्यिकीय सुदृढ़ीकरण योजना के अंतर्गत बुधवार को कुल्लू के बहुउद्देश्यीय भवन में 'सांख्यिकीय गतिविधियों में समन्वय और दोहराव से बचाव' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सहयोग से आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अभिषेक जैन, सचिव (वित्त, अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी, योजना) ने की।

डॉ. जैन ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विभागीय समन्वय को मजबूत करने के साथ-साथ आंकड़ों की गुणवत्ता और उपयोगिता बढ़ाने में सहायक होती हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आंकड़ों के संग्रह, विश्लेषण और प्रसार में पारदर्शिता एवं सटीकता बनाए रखें। उनका कहना था कि कार्यशाला का उद्देश्य राज्य की सांख्यिकीय प्रणाली को सुदृढ़ करना और साक्ष्य-आधारित नीतिनिर्धारण एवं सुशासन को बढ़ावा देना है। उन्होंने अधिकारियों को अपने




'सांख्यिकीय गतिविधियों में समन्वय व दोहराव से बचाव' पर कार्यशाला आयोजित।

विभाग के आंकड़ों को सही और अद्यतन रूप में प्रस्तुत करने, और किसी संदेह की स्थिति में उपयुक्त जानकारी प्राप्त करने का निर्देश दिया। कार्यशाला में आर्थिक सलाहकार डॉ. विनोद राणा ने स्वागत भाषण में सांख्यिकीय आंकड़ों की बढ़ती उपयोगिता और विश्वसनीय डेटा के महत्व पर जोर दिया। उपायुक्त कुल्लू, तोरुल एस. रवीश ने कहा कि आंकड़े प्रभावी निर्णय-निर्माण का आधार हैं और इनके माध्यम से संसाधनों का कुशल प्रबंधन, नीतियों में सुधार और बेहतर योजना निर्माण संभव है। कार्यशाला में जिला सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जिले की प्रोफाइल, जिला सुशासन सूचकांक और जीएसडीपी अनुमान के लिए आंकड़ों की आवश्यकताओं पर तीन पावर प्वाइंट प्रस्तुतियाँ दी गईं। इसके बाद ओपन हाउस डिस्कशन हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने सांख्यिकीय प्रक्रियाओं में सुधार और विभागों के बीच सहयोग बढ़ाने के सुझाव साझा किए। उपस्थित अधिकारियों और प्रतिनिधियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। एडीसी अश्वनी कुमार सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और प्रतिनिधि भी इस कार्यशाला में उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### जंगल में छुपाया 30 किलो 800 ग्राम गांजा बरामद

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** जिला पुलिस बद्दी के स्पेशल एक्स सेल की टीम ने सरसा नदी किनारे जंगल में छुपा कर रखा 30 किलो 800 ग्राम गांजा बरामद किया है। सूचना के आधार पर जंगल में सर्च ऑपरेशन चलाकर नशे की खेप पकड़ी गई है। पुलिस ने गांजे की खेप को कब्जे में लेकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच तेज कर दी है। प्रदेश का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन नशे की खपत का बड़ा बाजार बनता जा रहा है और नशे के कारोबार पर नुकेल कसने के लिए जिला पुलिस प्रयासरत है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार स्पेशल एक्स सेल द्वारा यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर अमल में लाई गई है। सूचना के बाद एक्स सेल टीम ने मलक्पुमाजरा में सरसा नदी किनारे जंगल में सर्च ऑपरेशन चलाया। जिस दौरान जंगल में छुपा कर रखा 30.800 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने बताया कि पुलिस ने गांजे की खेप को कब्जे में लेकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करके जांच तेज कर दी है। पुलिस अज्ञात गांजे के तस्कर को दबोचने के लिए प्रयासरत है जल्द सारी कड़ियां जोड़ ली जाएंगी। एएसपी अशोक वर्मा ने कहा के नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है ओर नशे के कारोबार को पनपने नहीं दिया जाएगा।

### 24 बोतलें अवैध शराब बरामद, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** थाना रामशहर के तहत पुलिस टीम ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति के हवाले से अवैध देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने शराब को कब्जे में लेकर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आगामी कार्यवाही शुरू की दी है। एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने बताया के बीते कल पुलिस थाना रामशहर की टीम द्वारा गश्त के दौरान दिग्गल-छियाछी मार्ग पर घाटी के पास जिया लाल पुत्र स्वर्गीय सुंदरु राम निवासी गांव दिग्गल, तहसील रामशहर, जिला सोलन के हवाले से 24 बोतलें देसी शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत थाना रामशहर में मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### कमेटी के गठन को लेकर घमासान

**अनंत ज्ञान, नाहन।** मेडिकल कॉलेज नाहन की शिफ्टिंग को लेकर कांग्रेस-भाजपा के चल रहे सियासी घमासान के बीच आखिरकार सत्ता के तीन साल बीत जाने के बाद कॉलेज निर्माण को लेकर कमेटी का गठन करने का ऐलान कर दिया। सरकार के इस कदम की भाजपा ने तीखी आलोचना करते हुए सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार को इस कमेटी का गठन 3 साल पहले करना चाहिए था। कमेटी का गठन स्थानीय लोगों की आंखों में धूल झोंकने वाला है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सरकार ने उद्योग मंत्री हर्षवर्धन सिंह चौहान की अध्यक्षता में गठित कमेटी में स्थानीय विधायक, डीसी समेत लोक निर्माण, वन विभाग आदि के अफसरों को शामिल किया है। यह भी जानकारी है कि मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल को इस कमेटी में नहीं रखा गया है। रिपोर्ट के अनुसार तीन साल बाद बनी कमेटी मेडिकल कॉलेज शिफ्टिंग, चयनित किए गए स्थान पर भवनों के निर्माण व अन्य आधार भूत ढांचे को लेकर अपनी विस्तृत रिपोर्ट सरकार को देगी। भाजपा के राज्य सह मीडिया प्रभारी पार्षद विक्रम अर्ना ने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि तीन साल बीत जाने के बाद इस कमेटी के गठन का कोई औचित्य नहीं है। अभी तो कमेटी बनी है, मीटिंग्स होंगी, दौरे किए जाएंगे, कब रिपोर्ट बनेगी, कब सरकार के पास जाएगी, कब मंजूरी मिलेगी तब तक दो साल बीत जाएंगे और यह सरकार चली जायेगी। वर्मा ने कहा कि कमेटी गठन का फैसला लोगों को गुमराह करने वाला है। सरकार अगर कॉलेज को लेकर संजीदा होती, तो यह कमेटी तीन साल पहले बनती। वर्मा ने दावा करते हुए कहा कि सरकार ने कॉलेज शिफ्ट कर पायेगी और न ही इसका निर्माण।

### सिरमौर के एएसपी, डीएसपी के तबादले रद्द

**अनंत ज्ञान, नाहन।** राज्य सरकार ने जिला सिरमौर के तीन आला पुलिस अधिकारियों के पूर्व में किए तबादला आदेश रद्द कर दिए। राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के तहत एएसपी योगेश रोल्टा, डीएसपी हैडक्वार्टर रमाकांत ठाकुर व पांवटा के डीएसपी मानवेंद्र ठाकुर के तबादला आदेश वापस ले लिए। हाल ही में सरकार ने जब थोक में राज्य के पुलिस अधिकारियों के तबादले किए, तो सिरमौर के इन तीनों पुलिस अफसरों के तबादले एक साथ कर दिए थे। पांवटा के डीएसपी मानवेंद्र ठाकुर शॉर्ट स्टे को आधार बनाकर सरकार द्वारा किए गए तबादले के खिलाफ हाई कोर्ट से स्टे आर्डर ले कर आए। उधर, इस तबादलों के बाद सरकार दबाव में आई और आखिर कार तबादला आदेश वापस ले लिए।

### 'फूड-प्लेनेट-हेल्थ' पर वेबिनार आयोजित

**अनंत ज्ञान, नाहन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नाहन की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाइयों ने वीगन आउटरीच के सहयोग से 'फूड-प्लेनेट-हेल्थ' विषय पर एक ऑनलाइन वेबिनार का सफल आयोजन किया। वीगन आउटरीच एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है, जो 54 से अधिक देशों में भोजन की आदतों का पशुओं, पर्यावरण व मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में जागरूकता फैलाने का काम करती है। इस महत्वपूर्ण आयोजन में महाविद्यालय के 120 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वेबिनार में मुख्य वक्ता वीगन आउटरीच की समन्वयक, सुश्री नीजा (वडोदरा) रहीं। उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए बताया कि शाकाहारी से वीगन बनने की उनकी यात्रा ने उन्हें पर्यावरण और पशु कल्याण के प्रति अधिक संवेदनशील बनाया है। कार्यक्रम का संचालन जिला नोडल अधिकारी एनएसएस डॉ. पंकज चांडक ने किया। उन्होंने इस तरह के वेबिनार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह युवाओं में जिम्मेदारी और टिकाऊ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा देते हैं। वेबिनार में शामिल सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विश्व कुमार शुक्ल ने इस आयोजन के लिए सभी आयोजकों और प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने अपने संदेश में विद्यार्थियों को पर्यावरण के संरक्षण के लिए लगातार जागरूक रहने का आह्वान किया। इस वेबिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके खान-पान की आदतों के वैश्विक प्रभावों के प्रति सचेत करना था।

### जान से मारने की धमकी देने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** पुलिस थाना दाड़लाघाट में गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार योगेश दत्त गौतम पुत्र राम दत्त गौतम, निवासी गांव एवं डाकघर दाड़लाघाट, हाल एएसएम, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड दाड़लाघाट ने शिकायत पत्र पर पंजीकृत किया गया है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि गांव दसेरन निवासी निरंजन सिंह ने दसेरन के पास उसका रास्ता रोककर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी सोलन गौरव सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### डॉ. शांडिल आज सोलन जिले के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य व परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 13 नवंबर को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर होंगे। डॉ. शांडिल 13 नवंबर को प्रातः 11 बजे हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति विकास निगम के सोलन स्थित कल्याण भवन में आयोजित 76वीं निदेशक मंडल बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

### खेलों में रुचि बनाए रखने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट के सौजन्य से एकदिवसीय खेल उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्यातिथि इकाई प्रमुख अदाणी समूह दाड़लाघाट संदीप सिरा रहे। उत्सव में 23 सरकारी विद्यालयों के लगभग 240 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राथमिक वर्ग के बच्चों के लिए 50 मीटर दौड़, पुट एंड रन तथा डॉज द बॉल जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वहीं माध्यमिक वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ तथा बालक एवं बालिकाओं के वॉलीबॉल मैच आयोजित किए गए। कार्यक्रम में 23 विद्यालयों के अध्यापक, बालमित्र, समुदाय के सदस्य एवं गणमान्य नागरिकों सहित 330 प्रतिभागियों ने उपस्थिति दर्ज करवाई। समापन समारोह में विशेष अतिथि प्रधानाचार्य पीएम. जीएसएसएस दाड़लाघाट डॉक्टर नरेंद्र कुमार, बीईईओ धुंदन ब्लूज लाल पटेल, सीएचटी दाड़लाघाट हीरालाल गांधी, सीएचटी नवगांव राजेश गुप्ता, वर्टिकल हेड सेडी महेंद्र पटेल, सीनियर रीजनल मैनेजर संजय शर्मा एवं विजय चंदेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इन अतिथियों ने विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित किए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राथमिक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय दाड़लाघाट, असलू, कराड़घाट, बुघार, चंडी और पकोटी के विद्यार्थियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। माध्यमिक वर्ग में जीएसएसएस दाड़लाघाट, जीएसएसएसमांगू, जीएचएस. कंसवाला और जीएसएसएस चंडी के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी का मन जीता। यूनिट हेड संदीप सिरा ने बच्चों को खेलों में रुचि बनाए रखने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं संजय शर्मा ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर करने की बात कही। उत्सव में सभी बच्चों और अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# शुष्क मौसम से स्क्रब टायफस के मामले बढ़ने का खतरा

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** शुष्क मौसम का असर लोगों की सेहत पर पड़ने लगा है। इससे वायरल के साथ स्क्रब टायफस के मामले बढ़ने का भी खतरा उत्पन्न हो गया है।

मौसम की बेरूखी के चलते स्वास्थ्य विभाग ने सभी स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों को संदिग्ध रोगियों के सैंपल लेने के निर्देश दिए हैं। पिछले सप्ताह ओपीडी में बुखार की शिकायत लेकर आए रोगियों के स्क्रब टायफस से संबंधित टेस्ट किए गए, जिसमें दो की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इसके बाद विभाग ने सभी बुखार ग्रस्त रोगियों के स्क्रब से संबंधित टेस्ट कराने के निर्देश दिए हैं। इससे पहले भी जिला मुख्यालय सोलन में 14 वर्षीय किशोर समेत एक अन्य रोगी स्क्रब टायफस से संक्रमित पाया गया। जनवरी से अब तक जिले में स्क्रब टाइफस के 32 मामले सामने आ चुके हैं। इनमें से अधिकांश रोगी उपचार के बाद स्वस्थ हो चुके हैं। इन दिनों खेत खाली करने और घास कटाई का काम चल रहा है। ऐसे में स्क्रब टायफस के संक्रमण की आशंका बढ़ गई है।



अस्पतालों में तेज बुखार और शरीर दर्द से पीड़ित लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। संदिग्ध रोगियों की लैब में टेस्टिंग लगातार जारी है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग ने भी इसे लेकर अलर्ट जारी किया है। विभाग ने लोगों से आग्रह किया है कि शरीर पर दाग या बुखार आने पर चिकित्सक की सलाह से ही दवा लें। स्क्रब टाइफस आरेशिया सुशुमुशी वायरस के काटने से होता है। यह घास में पाया जाता है। स्क्रब टायफस की चपेट में 25 से 45 वर्ष की आयु वर्ग के लोग अधिक आते हैं। स्क्रब टायफस में 104 से 105 डिग्री तक बुखार हो सकता है। जोड़ों में दर्द और कंपकपी के साथ बुखार का आना, शरीर में अकड़न या शरीर का टूटा हुआ लगना इसके लक्षण हैं। अधिक संक्रमण होने पर गर्दन, बाजू के नीचे, कूल्हों के ऊपर गिल्टियां हो सकती हैं। काले रंग के चकत्ते बनते हैं।

#### बचाव के उपाय

**आसपास** पानी इकट्ठा न होने दें। हमेशा साफ और पूरे शरीर पर कपड़े पहनें। घर के आसपास घास या झाड़ियां न उगने दें। खेतों में काम करते समय हाथ और पैरों को अच्छे से ढक कर रखें। पालतू जानवरों की सफाई रखें, खेतों में जाने के बाद उन्हें दोबारा साफ करें। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमित रजन तलवाड़ का कहना है कि सुरक्षा के तहत सभी अस्पतालों में बुखार, गर्दन, बाजू के नीचे, कूल्हों के ऊपर गिल्टियां समेत अन्य लक्षण के रोगियों की स्क्रब जांच करने को कहा है। शुष्क मौसम होने से अभी स्क्रब टायफस बढ़ सकता है। हालांकि बारिश के बाद इसके मामले आने कम हो जाते है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि वह डॉक्टरों की सलाह पर ही दवाओं का सेवन करें।

# डीसी सोलन ने किया कथेड़ सड़क का निरीक्षण, दिए सड़क खोलने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन नगर निगम के वार्ड -17 न्यू कथेड़ में नेशनल हाईवे धंसने के कारण संपर्क सडक़ बरसात के बाद से बंद पड़ी है। स्थानीय लोग इस संपर्क सडक़ को बहाल करने की लंबे समय से मांग कर रहे थे। इसके दृष्टिगत बुधवार को डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने मौके का निरीक्षण किया।

इस मौके पर नेशनल हाईवे के अधिकारियों,वार्ड-17 के पार्षद सरदार सिंह ठाकुर समेत न्यू कथेड़ के 100 से अधिक महिला व पुरूष मौजूद रहे। इस मौके पर डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने नेशनल हाईवे के अधिकारियों को निर्देश दिए कि तुरंत इस सडक़ का बहाल किया जाए। वीरवार से ही सडक़ बहाल करने लिए काम शुरू किया जाए। साथ ही कहा कि इस क्षेत्र में जो लैंड स्लाइडिंग हो रही है,इसके लिए आईआईटी के विशेषज्ञों की रॉय भी ली जाएगी ताकि इस समस्या का स्थायी समाधान हो सकें। सोलन पुलिस लाइन के सामने से न्यू कथेड़ को जो सडक़ जाती है। नेशनल हाईवे धंसने के कारण यह सडक़ बरसात में बंद हो गई थी।



न्यू कथेड़ में सडक़ का निरीक्षण करते डीसी सोलन मनमोहन शर्मा।

यहां शिव मंदिर के प्रांगण में जो मैदान था वह भी धंस गया और जगह-जगह दरारें आ गई। सडक़ बंद होने के कारण इस सडक़ से चलने वाली मुद्रिका बस सेवा और अन्य वाहनों को भी वाया एचआरटीसी वर्कशॉप होकर आना पड़ता था। बरसात थम जाने के बाद से लोग इस सडक़ का बहाल करने की मांग कर रहे थे, लेकिन अभी तक उनकी मांग पर कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई थी। इससे स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त था।

स्थानीय लोगों की मांग है कि यहां नाले से यह पक्का डंगा लगाया जाए ताकि सडक़ आने वाले समय में बंद न हो। इस मौके पर मुन्नीलाल परिहार, केआर श्याम, रमेश शर्मा, कमल शर्मा, अर्जुन सिंह नेगी, डॉ.एनके गुप्ता समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अधिकारी अधिनियम के अनुरूप योजनाओं का करें क्रियान्वयन

**अनंत ज्ञान, नाहन**

उपायुक्त कार्यालय नाहन के सभागार में जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण प्रणाली तथा जिला स्तरीय सतर्कता समिति की समीक्षा बैठक उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को अधिनियम के अनुरूप योजनाओं के क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा बैठक करते हुए उपायुक्त ने बताया कि जिला सिरमौर में 379 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से 134852 राशनकार्ड धारकों को 01 जून से 31 अक्तूबर, 2025 तक 47 हजार 820 क्विंटल चावल, 79850 क्विंटल आटा, 8237 क्विंटल दालें, 553886 लीटर खाद्य तेल, 12130 क्विंटल चीनी तथा 2226 क्विंटल नमक गुणवत्ता पूरक खाद्यान सामग्री उपलब्ध करवाई गई। उन्होंने जिला में 7 उचित मूल्य की नई दुकानें खोलने बारे भी समीक्षा की। जिला नियंत्रक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले सिरमौर शमशेर सिंह ने बताया कि खाद्यानों की गुणवत्ता के लिए समय-समय पर नमूनों को एकत्रित कर निदेशालय को विश्लेषण के लिए भेजा जाता है। उन्होंने बताया कि माह जून से अक्तूबर, 2025 तक 1385 निरीक्षण किए गए जिनमें 06 मामलों में अनियमितताएं पाई गई तथा विभागीय कार्यवाई करते हुए डिपू धारकों को चेतावनी दी गई तथा 11 हजार रुपये जुर्माना वसूल कर सरकारी कोष में जमा करवाया गया। इसके अतिरिक्त 281 दुकानदारों के प्रतिबंधित पॉलिथीन के निरीक्षण किए गए जिसमें 27 दुकानदारों के पास प्रतिबंधित पॉलिथीन पाए जाने पर 22 हजार रुपये जुर्माना वसूल कर सरकारी कोष में जमा करवाया गया। उन्होंने बताया कि माह जून से अक्तूबर, 2025 के दौरान विभिन्न खाद्यान्नों के 74 नमूनें एकत्रित कर विश्लेषण हेतू प्रयोगशाला भेजे गए जिनमें से 72 नमूनें सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप सही पाए गए जबकि आटा तथा नमक के 2 नमूने मापदंडों के अनुरूप सही नहीं पाए गए जिसके लिए आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई गई।



जिला स्तरीय सतर्कता समिति की समीक्षा बैठक डीसी सिरमौर की अध्यक्षता में हुई।

# परवाणू में 18 वर्षीय युवक 238 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पुलिस थाना परवाणू की एक टीम, जब परवाणू क्षेत्र में गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए मौजूद थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि एक अजय नाम का एक व्यक्ति पंचायत घर टकसाल के समीप एक मकान में किराये के कमरे में रह रहा है, जो उक्त किराये के कमरे में मादक पदार्थ चरस आदि बेचने का धंधा करता है और उक्त व्यक्ति ने अपने कमरे में बेचने के लिए भारी मात्रा में चरस/भांग को छिपाकर रखा है।

इस सूचना पर उक्त टीम द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए उक्त किराया के कमरे में दबिश दी तथा कमरा में मौजूद एक युवक, जिसका नाम अजय पुत्र लायक राम निवासी गांव कुंडी डाकखाना थरोच तहसील नेरवा जिला शिमला उम्र 18 वर्ष मालूम हुआ उसको 238 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया गया। इस पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। अन्वेषण के दौरान पाया गया कि उपरोक्त आरोपी परवाणू में कंपनी में काम करता है और गांव टकसाल में किराये के कमरे में रहता है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी के पूर्व अपराधिक रिकॉर्ड के पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जांच जारी है।



# युवक को मोटरसाइकिल पर स्टंटबाजी करना पड़ा भारी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** रेणुका जी ब्लॉक में जलाल नदी के किनारे एक मोटरसाइकिल सवार युवक को स्टंटबाजी महंगी पड़ी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस स्टेशन रेणुका जी में आरोपी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। जिले के एसपी एनएस नेगी ने बताया कि शिकायत के अनुसार 9 नवंबर को तपेंद्र सिंह निवासी गांव व डाकघर कोलर, तह. पांवटा साहिब, जलाल नदी के पास अपनी मोटरसाइकिल तेजी और लापरवाही से चलाते हुए स्टंट कर रहा था। एसपी ने बताया कि पुलिस ने राजेंद्र निवासी तिरमाली, डाकघर ददाहू, जिला सिरमौर के बयान पर आरोपी मोटरसाइकल चालक तपेंद्र सिंह के खिलाफ पुलिस स्टेशन रेणुका जी में लापरवाही व खतरनाक तरीके से मोटर साइकल चलाने पर मामला दर्ज कर लिया है। उधर, एसपी ने जिला सिरमौर पुलिस का सभी वाहन चालकों से अपील करते कहा कि अपने वाहनों को सभ्य व सुरक्षित तरीके से चलाएं, जिससे अपनी व आम लोगों का जीवन सुरक्षित रहे। एसपी ने बिगड़ैल वाहन चालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# शिक्षा उपनिदेशक रीता ने किया बसाहां स्कूल का औचक निरीक्षण



स्कूल के औचक निरीक्षण के दौरान शिक्षा उपनिदेशक (गुणवत्ता) रीना गुप्ता व अन्य।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शिक्षा उपनिदेशक (गुणवत्ता ) रीता गुप्ता जिला सिरमौर ने बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बसाहां चावण शिक्षा खंड नागग का औचक निरीक्षण किया गया।

स्कूल के रिकॉर्ड व बच्चों का आकलन किया गया। गत वर्ष 2024 का +2 का वार्षिक परिणाम कम रहा था। अत: परिक्षा परिणाम को बेहतर करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त कार्यकारी प्रधानाचार्य सुरेश शर्मा के प्रयासों की भी प्रशंसा की । वर्तमान में विधालय में कई महत्वपूर्ण पद खाली चल रहे है जिनमें मुख्यत: गणित और विज्ञान है। इसके अतिरिक्त प्रवक्ता राजनीतिक शास्त्र व हिन्दी के पद भी मुख्य है। इस इझ स्कूलों के आतील लाना च्वयूल व प्राइमरी किस्त पाठशाला का भी औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में प्रधानाचार्य रमेश लाल, अनीता रानी सुरेश कुमार शामिल रहे।

# 4810 रुपए की नकदी के साथ दबोचा सट्टेबाज

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** थाना बद्दी के तहत पुलिस टीम ने गश्त के दौरान चक्का-मलपुर रोड़ पर नकदी के साथ एक सट्टेबाज को दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने बताया के गश्त के दौरान पुलिस टीम ने गुड्डू निवासी उत्तर प्रदेश को सट्टेबाजी करते हुए पकड़ा। आरोपी मौके पर लोगों को दस रुपये के बदले हजार रुपये का लालच देकर दड़ा सट्टा खेलने के लिए उकसा रहा था। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मौके पर आरोपी को काबू किया और उससे दड़ा सट्टा पर्चियां व 4810 रुपए नगद राशि बरामद की। इस संबंध में थाना बद्दी में धारा 13-3-67 जुआ अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है और आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# पाइनग्रोव स्कूल के स्टूडेंट्स ने मस्कुलर डिस्ट्रॉफी पुनर्वास केंद्र का किया शैक्षिक भ्रमण



मस्कुलर डिस्ट्रॉफी पुनर्वास केंद्र पहुंचे पाइनग्रोव स्कूल के छात्र।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर के कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने इंटीग्रेटेड मस्कुलर डिस्ट्रॉफी रिहैबिलिटेशन सेंटर सोलन का शैक्षिक भ्रमण किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ शिवानी, अरुण रंजीताशिक्षकगण भी उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने केंद्र का अवलोकन किया, वहां चल रहे उपचार एवं व्यायाम कार्यक्रमों को देखा तथा रोगियों से संवाद किया। विद्यालय की ओर से केंद्र को 38,500 की धनराशि व फलों का वितरण किया गया। केंद्र के संस्थापक विपुल ने विद्यार्थियों के साथ अपने जीवन की प्रेरणादायक यात्रा साझा की और बताया कि किस प्रकार उन्होंने कठिन परिस्थितियों में इस केंद्र की स्थापना की। यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए एकभावनात्मक व शिक्षाप्रद अनुभवसिद्ध हुआ, जिसने उनमें सहानुभूति, संवेदनातथासमाजसेवा की भावनाको और प्रबल किया।

# रेणुका जी बांध परियोजना प्रभावित परिवारों की सूची जारी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने सूचना जारी करते हुए बताया कि रेणुका जी बांध परियोजना ददाहू के मुख्य परियोजना प्रभावित परिवारों की सूची महाप्रबंधक, रेणुका जी बांध परियोजना से प्राप्त हुई है, जिसमें ग्राम पंचायत ददाहु, पनार, दीद बगड़, कोटला मोलर व रजाना के कुल 160 परिवार शामिल हैं। उन्होंने बताया कि परिवारों की विस्तृत सूचियां उपायुक्त सिरमौर की अधिकारिक वेबसाइट httpsÑ//hpsirmaur.nic.in तथा संबंधित पटवार वृतों व पंचायत कार्यालय में अवलोकन के लिए उपलब्ध हैं। ऐसे व्यक्ति जिनकी भूमि या घर इस परियोजना के लिए अधिग्रहित हुए है और उनका नाम इस सूचि में सम्मिलित नहीं है या गलत रूप से सम्मिलित है, वह अपने दावे व आक्षेप लिखित रूप में रेणुका जी बांध परियोजना कार्यालय ददाहु, तहसीलदार ददाहु तथा संगड़ाह को 13 नवंबर से 12 दिसंबर तक व्यक्तिगत रूप से या पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित कर सकते हैं।

**सुविधा** नौणी विवि ने दो मीट्रिक टन क्षमता वाला आधुनिक हनी प्रोसेसिंग प्लांट किया स्थापित

# शहद प्रसंस्करण व प्रशिक्षण की मिलेगी सुविधा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

नौणी यूनिवर्सिटी ने दो मीट्रिक टन क्षमता वाले हनी प्रोसेसिंग प्लांट और आधुनिक मधुमक्खी पालन प्रयोगशाला को स्थापित किया है।

इससे मधुमक्खी पालन अनुसंधान और नवाचार के साथ शहद पैकिंग की भी सुविधा भी होगी। इसके लिए विवि ने इस प्लांट में मौन पालक और किसान-बागवान शहद की पैकिंग के साथ इसका प्रशिक्षण भी ले सकेंगे। इस प्लांट की दो मीट्रिक टन क्षमता है। यह सुविधाएं मधुमक्खी पालकों और किसान उत्पादक कंपनियों के लिए शहद के प्रसंस्करण, बॉटलिंग और लेबलिंग के लिए उपलब्ध हैं। इसके अलावा इस प्लांट में खास बात यह रहेगी कि यहां पर विभाग ने कॉम्ब फाउंडेशन मिल यूनिट भी स्थापित की है, जोकि मोम की शीट तैयार करती है। यह शीट मधुमक्खियों की कार्यक्षमता को बढ़ाएगी। इस शीट से मधुमक्खी को पहले से ही तैयार अपना छत्ता मिल जाएगा। इससे वह छत्ता बनाने में ज्यादा समय न लगाकर सीधे पराग एकत्रित करेगी। इससे शहद का अधिक उत्पादन होगा। यह मोम शीट भी नौणी विवि मौन पलकों, किसान-बागवानों को प्रदान करेगा। इस शीट को मौन पालक मधुमक्खी के लिए बनाए गए घर में रख सकता है। पहले देसी मधुमक्खी स्वतंत्र छत्तों, जंगली कॉलोनियों की तुलना में दीवार के छत्तों में सर्दियों में बेहतर तरीके से जीवित रहने के लिए जानी जाती थी, लेकिन जैसे-जैसे इन पारंपरिक मोटी दीवारों वाले घरों की संख्या कम होती जा रही है, मधुमक्खी पालन का यह तरीका विलुप्त होता जा रहा है। इसके लिए मिट्टी के छत्ते में पहले से तैयार मोम शीट को रखकर आसानी से शहद एकत्रित किया जा सकता है। नौणी विवि का कीट विज्ञान विभाग मधुमक्खी पालन के अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। विभाग ने मधुमक्खी पालन को न केवल एक व्यवहार्य उद्यमशीलता गतिविधि के रूप में बढ़ावा दिया है, बल्कि इसे परागण सेवाओं को बढ़ाने और विभिन्न फसलों, विशेष रूप से सेब, की उत्पादकता सुधारने के एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में भी स्थापित किया है। अनुसंधान निदेशक नौणी विवि डॉ. संजीव चौहान ने बताया कि मधुमक्खी पालन को लेकर कई शोध कार्य किए जा रहे हैं। इसमें किसान-बागवानों और मौन पलकों को भी शामिल किया जा रहा है। बेहतरीन गुणवत्ता शहद प्रदान करने के लिए विवि में दो मीट्रिक टन क्षमता वाला हनी प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित किया गया है। इसमें शहद की पैकिंग का कार्य किया जाएगा। इसके अलावा मौन पालकों के लिए मोम शीट भी तैयार की जाएगी। इससे मधुमक्खियों की कार्यक्षमता बढ़ेगी और अधिक शहर एकत्रित होगा।



नौणी ने हनी प्रोसेसिंग प्लांट व आधुनिक मधुमक्खी पालन प्रयोगशाला को किया स्थापित।

# पीएम और पूर्व मुख्यमंत्री पर नेगी की अभद्र टिप्पणी निंदनीय : विनय

**अनंत ज्ञान, नाहन**

भाजपा प्रवक्ता विनय गुप्ता ने राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के उस बयान पर पलटवार किया है। इसमें उन्होंने हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में अभद्र टिप्पणियां की हैं।

विनय गुप्ता ने कहा कि राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी को अपने पद की गरिमा के अनुरूप शब्दों का उपयोग करना चाहिए और जिस तरह से उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जयराम ठाकुर के बारे में अभद्र टिप्पणियां की हैं। उससे न केवल कैबिनेट मंत्री के पद की गरिमा को ठेस पहुंची है, बल्कि ऐसा लगता है कि जगत सिंह नेगी का मानसिक संतुलन पूरी तरह से बिगड़ चुका है। जनजातीय क्षेत्र किन्नर के लोग मृदु भाषी और शालीनता के लिए अपनी अलग पहचान बनाए रखते हैं परंतु जगत सिंह नेगी ने जनजातीय क्षेत्र की संस्कृति और सदाचार को भी तार-तार किया है । उन्होंने कहा कि राजस्व मंत्री कांग्रेस पार्टी के झूठ बोलने की परिपाटी को आगे बढ़ते हुए कोरा झूठ बोल रहे हैं और यदि जयराम ठाकुर ने आपदाग्रस्त पीड़ितों के हितों के लिए सरकार द्वारा किए गए प्रयासों का हिसाब मांगा है तो उससे यही साबित होता है कि जयराम ठाकुर को पीड़ित समाज की चिंता है और विपक्ष का नेता होने के नाते उन्होंने अपना दायित्व निभाया है । उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर ने सरकार द्वारा की गई झूठी घोषणाओं का खुलासा करके पीड़ित समाज के बारे में सरकार द्वारा अपनाए जा रहे संवेदनहीन रवैया को उजागर किया है विनय गुप्ता ने कहा कि पूरा प्रदेश जानता है कि कांग्रेस सरकार द्वारा बाढ़ पीड़ितों को उनके खस्ताहाल पर छोड़ा गया है और अभी तक जिस प्रकार से लोगों के पुनर्वास के लिए कार्य किए जाने चाहिए थे धरातल पर अभी तक कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा है। ऐसे में राजस्व मंत्री को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जयराम ठाकुर पर अभद्र टिप्पणी करने की बजाय जनता के सामने सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई राहत सामग्री और राहत राशि का ब्यौरा देना चाहिए परंतु राजस्व मंत्री अपने मानसिक संतुलन बिगड़ने के कारण लोगों का ध्यान भटकाने के उद्देश्य से अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं।




# सीएम सैनी ने शेफाली वर्मा को 1.50 करोड़ का चैक देकर किया सम्मानित

## हरियाणा राज्य महिला आयोग ने बनाया ब्रांड एंबेसडर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विश्व कप विजेता-2025 भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी शेफाली वर्मा को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए 1.50 करोड़ रुपए का चैक व ग्रेड-ए ग्रेडेशन सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। साथ ही हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा क्रिकेटर शेफाली वर्मा को ब्रांड एंबेसडर भी बनाया गया।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को यह सम्मान संत कबीर कुटीर मुख्यमंत्री निवास, चंडीगढ़ में दिया। इस दौरान शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल और क्रिकेटर शेफाली वर्मा के परिवारिक सदस्य दादा, पिता और भाई मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने उन्हें स्मृति चिहन और शॉल देकर सम्मानित किया। सैनी ने शेफाली वर्मा व उसके परिवार को बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा युवाओं का हब है और हमारी बेटियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर झंडे का मान बढ़ाने का काम किया है। यही नहीं प्रदेश की बेटी ने वर्ल्ड कप के फाइनल में अहम भूमिका निभाकर भारत को वर्ल्ड चैंपियंस बनवाया है। शेफाली ने हरियाणा सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि हमें वर्ल्ड कप जीतने पर बहुत खुशी हुई। यह सिर्फ हमारी टीम की जीत नहीं, बल्कि पूरी महिला क्रिकेटर टीम की जीत है। हरियाणा की मिट्टी में स्पोर्ट्स की भावना है और प्रदेश के सभी लोग स्पोर्ट्स को प्रोत्साहित करते है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से मिलकर बहुत आत्मविश्वास बढ़ा है। साथ ही देश व प्रदेश वासियों को कहा कि हमेशा अच्छी मेहनत करें। राज्य सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करती है।

### शेफाली वर्मा युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत

**नायब** सिंह सैनी ने कहा कि क्रिकेटर शेफाली वर्मा ने परिवार के साथ-साथ प्रदेश व देश के मान को बढ़ाने का काम किया है। यह पूरे देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। राज्य सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहन करने के लिए अनेक योजनाएं बना रही है। प्रदेश में लगभग 2 हजार खेल नर्सरियां खोली गई है। जहां पर जीरो गांऊड से बच्चों को तैयार किया जा रहा है ताकि उन्हें आगे बढ़ने का मंच मिल सके। सरकार पूर्ण रूप से युवाओं के साथ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विभिन्न माध्यमों से युवाओं को जागरूक करने का काम भी कर रही है। जिसमें मैराथन, साइक्लोथॉन इत्यादि कार्यक्रम किए जा रहे है ताकि युवाओं में जागृति आए और वे नशे से दूर रहे।

# हरियाणा को मिला 'टॉप अचीवर' का सम्मान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

भारतीय उद्योग और वाणिज्य मंत्रालय द्वारा आयोजित 'उद्योग समागम-2025' में हरियाणा को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत 'टॉप अचीवर' राज्य के रूप में सम्मानित किया गया। यह सम्मान बिजनेस रिफॉर्म्स एक्शन प्लान-2024 में तीन प्रमुख सुधार क्षेत्रों बिजनेस एंट्री, लैंड एडमिनिस्ट्रेशन और सेक्टर स्पेसिफिक हेल्थकेयर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर दिया गया।

**ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल**

यह कार्यक्रम केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में सुषमा स्वराज भवन, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। इस दौरान देशभर के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 25 सुधार क्षेत्रों में किए गए प्रदर्शन के आधार पर सम्मानित किया गया। सुधार क्षेत्रों में बिजनेस एंट्री, कंस्ट्रक्शन परमिट, लेबर रेगुलेशन, लैंड एडमिनिस्ट्रेशन, एनवायरनमेंट रजिस्ट्रेशन, यूटिलिटी परमिट और सर्विस सेक्टर समेत सेक्टर-स्पेसिफिक सेवाएं शामिल थीं।

सम्मेलन में 14 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रियों, वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी ने सुधार कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन किया और शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्यों को सम्मानित किया।

बिजनेस रिफॉर्म्स एक्शन प्लान 2024) का मूल्यांकन 434 रिफॉर्म प्वॉइंट्स पर आधारित था। यह देश में अब तक की सबसे बड़ी फीडबैक आधारित प्रक्रिया थी, जिसमें 5.8 लाख व्यवसायों से फीडबैक लिया गया तथा 1.3 लाख से अधिक विस्तृत इंटरव्यू किए गए। मूल्यांकन प्रक्रिया में 70% उपयोगकर्ता फीडबैक पर और 30% साक्ष्यों के सत्यापन पर दिया गया, जिससे रैंकिंग पूर्णत: पारदर्शी और वास्तविक बनी रही।

'टॉप अचीवर' श्रेणी उन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को दी जाती है, जिन्होंने 90 प्रतिशत से अधिक स्कोर हासिल किया हो, जो सुधारों के प्रभावी क्रियान्वयन, सिस्टम की कार्यक्षमता और उपयोगकर्ता संतुष्टि को दर्शाता है। हरियाणा की इस उपलब्धि ने एक बार फिर साबित किया है कि राज्य निवेश को बढ़ावा देने और उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल तैयार करने में तेजी और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### कबड्डी में दिल्ली ने गुजरात को 44-9 से हराया

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** कुरुक्षेत्र में चल रही 36वीं अखिल भारतीय डाक कबड्डी प्रतियोगिता 2025-26 के तीसरे दिन कई रोमांचक मुकाबले हुए। प्रतियोगिता में देशभर के 11 डाक परिमंडल भाग ले रहे हैं और यह 14 नवंबर तक चलेगी। इस दिन दिल्ली ने गुजरात को 44-9 से एकतरफा मात दी, जबकि हरियाणा ने केरल को 42-26 से हराया। आंध्र प्रदेश ने पश्चिम बंगाल को 40-22 से मात दी, और महाराष्ट्र ने तेलंगाना को 25-21 से पराजित किया। कर्नाटक ने तमिलनाडु को 40-16 और पश्चिम बंगाल को 16-6 से हराया। तेलंगाना ने केरल को 53-11 से मात दी। इस दिन तमिलनाडु ने दिल्ली को 34-15 और गुजरात को 11-5 से हराया। सभी टीमें पांच दिनों में कुल 28 मैच खेलेंगी। टूर्नामेंट के सेमी-फाइनल 13 नवंबर को और फाइनल 14 नवंबर को खेला जाएगा। मुकाबलों में दर्शकों को जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

### राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कारों हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक महिलाएं 15 दिसंबर, 2025 तक आवेदन कर सकती हैं। ये पुरस्कार हर वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) के अवसर पर प्रदान किए जाते हैं। पुरस्कारों में प्रमुख हैं श्रीमती सुषमा स्वराज अवार्ड (5 लाख रुपए एवं प्रशस्ति पत्र), इंदिरा गांधी अवार्ड (1.5 लाख रुपए), कल्पना चावला अवार्ड (1 लाख रुपए), बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार (1 लाख रुपए), वुमेन अचीवर्स पुरस्कार (51,000 रुपए)। इसके अतिरिक्त एएनएम/नर्स/महिला एमपीएचडब्ल्यू, महिला खिलाड़ी, सरकारी कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता, महिला उद्यमी, स्त्री शक्ति और आंगनवाड़ी वर्कर पुरस्कार के तहत 21,000 रुपए एवं प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे। आवेदन के लिए आवश्यक है कि आवेदक अपना संपूर्ण बायोडाटा संबंधित खंड महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी या जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में जमा करें। अधिक जानकारी और आवेदन प्रक्रिया हेतु विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर योग्यताएं और शर्तें डाउनलोड की जा सकती हैं। यह पहल महिलाओं की उपलब्धियों को पहचानने और उनके सामाजिक, शैक्षिक, खेल तथा उद्यमिता क्षेत्रों में योगदान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की गई है।

# 100 शहरों को एकजुट करेगी किसना डायमंड मैराथन-2025

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

**28 दिसंबर को देशभर में दौड़ेंगे धावक**



भारत की अग्रणी डायमंड कंपनी हरी किसना ग्रुप 28 दिसंबर को किसना डायमंड मैराथन-स्वच्छ भारत दौड़ का 10वां संस्करण आयोजित करने जा रहा है। पहली बार यह आयोजन एक साथ 100 भारतीय शहरों में होगा। अब तक 36,000 से अधिक धावकों को प्रेरित कर चुकी यह पहल पूरी तरह स्वच्छ भारत अभियान को समर्पित है, जिसमें प्रतिभागियों की फीस का पूरा योगदान स्वच्छता और सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजनाओं में किया जाता है।

कंपनी के संस्थापक घनश्याम ढोलकिया ने कहा, 'यह केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि स्वच्छ, स्वस्थ और सशक्त भारत के निर्माण का सामूहिक संकल्प है।' मुंबई में मुख्य आयोजन भारत डायमंड बोर्स में होगा। भाग लेने के लिए अपने नजदीकी किसना डायमंड स्टोर पर रजिस्ट्रेशन करें।

# हरियाणा में लिंगानुपात में सुधार, अब 912 दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा में ''बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ'' अभियान के तहत निरंतर प्रयासों से राज्य में लिंगानुपात में सुधार हुआ है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव के निर्देश पर आयोजित राज्य टास्क फोर्स (एसटीएफ) की बैठक में बताया गया कि 1 जनवरी से 10 नवंबर, 2025 तक लिंगानुपात 912 दर्ज किया गया, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 904 था। बैठक में अवैध गर्भपात पर कड़ी कार्रवाई की जरूरत पर जोर दिया गया। दोषी डॉक्टरों के लाइसेंस रद्द करने और कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से चरखी दादरी, नारायणगढ़, मुलाना, पलवल, सिरसा और सोनीपत में कार्रवाई तेज की जाएगी। जिलों के प्रदर्शन पर चर्चा की गई, जिसमें फतेहाबाद, गुरुग्राम, पंचकूला, पानीपत और रेवाड़ी में उल्लेखनीय सुधार देखा गया, जबकि कुछ जिलों में गिरावट के कारण सतर्कता बढ़ाने के आदेश दिए गए। एसटीएफ ने सभी अधिकारियों को अपंजीकृत बच्चियों का पंजीकरण, सीआरएस पोर्टल डेटा का मिलान, अल्ट्रासाउंड केंद्रों का निरीक्षण और सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रमों को तेज करने के निर्देश दिए, ताकि हर लड़की सुरक्षित और सही ढंग से दर्ज हो सके।

# हरियाणा में जहरीली खांसी की दवाई पर कड़ी सतर्कता

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन (सीडीएससीओ) द्वारा प्लानोकूफ डी सिरप में खतरनाक रसायन डायथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) पाए जाने के बाद हरियाणा स्वास्थ्य विभाग ने दवा सुरक्षा को लेकर तुरंत कड़ा कदम उठाया है। रिपोर्ट के अनुसार दवाई के एक बैच में डीईजी की मात्रा 0.35 प्रतिशत पाई गई, जबकि मानक सीमा 0.1 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। यह अत्यंत विषैला रसायन है, जो बच्चों में किडनी फेलियर, तंत्रिका क्षति और मृत्यु तक का कारण बन सकता है।

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने राज्यभर में तत्काल मॉनिटरिंग और क्वॉलिटी चेक के कड़े निर्देश जारी किए। राज्य दवा नियंत्रक डॉ. ललित कुमार गोयल ने सभी ड्रग कंट्रोल अधिकारियों को अलर्ट जारी कर संदिग्ध बैच की सैम्पलिंग, जांच और जब्ती प्रक्रिया तेज करने का आदेश दिया। उन्होंने सभी ऐलोपैथिक और आयुर्वेदिक दवा निर्माण इकाइयों को निर्देश दिए कि प्रोपिलीन ग्लाइकॉल का उपयोग करने वाले प्रत्येक बैच की गैस क्रोमैटोग्राफी से जांच अनिवार्य होगी। बिना लाइसेंस वाले व्यापारियों से प्रोपिलीन ग्लाइकोल खरीदने पर प्रतिबंध रहेगा और किसी भी दवा निर्माण से पहले परीक्षण रिपोर्ट अनिवार्य होगी। यदि किसी नियंत्रण नमूने में भी डीईजी पाया गया, तो उत्पाद का तुरंत रिकॉल किया जाएगा। राव ने कहा कि राज्य में किसी भी नागरिक की सेहत से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हरियाणा अब दवा गुणवत्ता निगरानी में अग्रणी राज्य बन गया है, और प्रदेश में 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनाई गई है।

## देश-विदेश

# एस जयशंकर ने कनाडा की विदेश मंत्री से द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर की चर्चा

**एजेंसी, नियाग्रा फॉल्स (कनाडा)**

कनाडा ने पिछले सप्ताह कहा था कि जी-7 सम्मेलन में समुद्री सुरक्षा और समृद्धि, आर्थिक लचीलापन, ऊर्जा सुरक्षा और महत्वपूर्ण खनिजों सहित वैश्विक आर्थिक और सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा होगी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने नियाग्रा में जी-7 के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से मुलाकात की और द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत करने की आशा जताई।

जयशंकर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्होंने जी-7 विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी के लिए आनंद को बधाई दी और 'नए रोडमैप 2025' के कार्यान्वयन में प्रगति की सराहना की। उन्होंने कहा, ''हम अपनी द्विपक्षीय साझेदारी और मजबूत होने की आशा करते हैं।'' आनंद ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दोनों नेताओं ने ''व्यापार, ऊर्जा, सुरक्षा और लोगों के बीच संबंधों पर सहयोग'' के बारे में चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा, ''जी-7 विदेश मंत्रियों की बैठक में विदेश मंत्री की भागीदारी वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर 'ग्लोबल साउथ' की आवाज को मजबूत करने के लिए अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ काम करने की भारत की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।'' कनाडा ने जी-7 बैठक के लिए जिन साझेदार देशों को आमंत्रित किया है, उनमें ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, भारत, सऊदी अरब, मेक्सिको, दक्षिण कोरिया, दक्षिण अफ्रीका और यूक्रेन शामिल हैं। कनाडा ने पिछले सप्ताह कहा था कि जी-7 सम्मेलन में समुद्री सुरक्षा और समृद्धि, आर्थिक लचीलापन, ऊर्जा सुरक्षा और महत्वपूर्ण खनिजों सहित वैश्विक आर्थिक और सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा होगी। (अनंत ज्ञान)

# म्यामां सेना को रूस और चीन से मिले हेलिकॉप्टर और विमान

**एजेंसी, बैंकाक।** म्यामां ने अपनी वायुसेना में रूसी हेलिकॉप्टरों और चीनी विमानों को शामिल किया है। म्यामां में खूनी गृहयुद्ध की समाप्ति को लेकर अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद दोनों देश अब भी सैन्य सरकार को उपकरणों की आपूर्ति कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ और अन्य देशों ने म्यामां पर प्रतिबंध लगा रखे हैं, जिनमें हथियारों की बिक्री पर रोक भी शामिल है। हालांकि, रूस और चीन लगातार म्यामां की सेना को करोड़ों डॉलर के उपकरण उपलब्ध करा रहे हैं। सेना द्वारा उपलब्ध कराई गई तस्वीरों से पता चलता है कि उन्हें तीन रूसी एमआई-38टी हेलीकॉप्टर और दो चीनी वाई-8 विमान प्राप्त हुए हैं, जिनके बारे में विशेषज्ञों ने कहा कि इनका उपयोग संभवत: पहाड़ी क्षेत्रों में जंग के लिए सैनिकों को लाने के लिए किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# कंगना रनौत पर चलेगा राजद्रोह का केस

**एजेंसी, आगरा**

**एक्ट्रेस बोली थीं- किसान आंदोलन में रेप मर्डर हुए, आगरा कोर्ट में चलेगी सुनवाई**

आगरा में कंगना रनौत के खिलाफ किसानों के अपमान और राजद्रोह का केस चलेगा। स्पेशल जज एमपी-एमएलए लोकेश कुमार की कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई, इसमें कोर्ट ने कंगना के खिलाफ दायर रिवीजन याचिका स्वीकार कर ली।

कोर्ट ने कहा कि जिस निचली अदालत ने कंगना के केस को खारिज किया था, अब उसी कोर्ट में सुनवाई होगी। इससे पहले 10 नवंबर (सोमवार) को कोर्ट कंगना के वकीलों की बहस सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। कंगना के खिलाफ बीएनएस की धारा- 356 और 152 में केस चलेगा। कंगना हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद हैं। उनके खिलाफ किसानों के अपमान और राजद्रोह का केस दायर है। उन पर राष्ट्रद्रोह का केस दर्ज करने की मांग की गई थी। कंगना आज तक कोर्ट में पेश नहीं हुई हैं, उनको 6 समन जारी हो चुके हैं। दरअसल, वकील रमाशंकर शर्मा ने 11 सितंबर, 2024 को कंगना रनोट के खिलाफ कोर्ट में राजद्रोह का आरोप लगाते हुए याचिका दायर की थी। इसमें आरोप लगाया था कि कंगना ने 26 अगस्त, 2024 को एक इंटरव्यू में किसानों के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की थी। इससे लाखों किसानों की भावनाओं को ठेस पहुंची।

एडवोकेट रमाशंकर शर्मा ने कहा कि मैं भी किसान परिवार से हूं। 30 साल तक खेती-किसानी की। किसानों और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रति सम्मान रखता हूं। कंगना ने हमारी और लाखों किसानों की भावनाएं आहत की हैं। 31 अगस्त को मैंने पुलिस कमिश्नर और थाना न्यू आगरा को शिकायत भेजकर कार्रवाई करने की मांग भी की थी। (अनंत ज्ञान)

# क्वींसलैंड में 5.5 करोड़ साल पुराने मगरमच्छ के अंडे के खोल मिले

**एजेंसी, सिडनी।** दक्षिण-पूर्व क्वींसलैंड में ब्रिस्बेन से लगभग 250 किलोमीटर दूर मुरगॉन नामक छोटा शहर स्थित है। देश की यह बस्ती लगभग 2,000 लोगों की आबादी का घर है और दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण जीवाश्म स्थलों में से एक मानी जाती है। पिछले कुछ दशकों में जीवाश्म वैज्ञानिकों ने मिट्टी के भीतर 5.5 करोड़ साल पुराने कई महत्वपूर्ण अवशेष खोजे हैं। इनमें दुनिया के सबसे पुराने, गाने वाले पक्षियों के जीवाश्म, ऑस्ट्रेलिया में पाए गए केवल ज्ञात सैलामेंडर के जीवाश्म और ऑस्ट्रेलिया के सबसे पुराने मार्सुपियल जीवाश्म शामिल हैं। हाल ही में 'जर्नल ऑफ वर्टिब्रेट पैलेन्टोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ताओं ने ऑस्ट्रेलिया में अब तक के सबसे पुराने मगरमच्छ के अंडे के खोल खोजने की जानकारी दी है। अंडे के ये खोल अब एक नए प्रकार के अंडे की पहचान के लिए आधार बन गए हैं, जिसे 'वक्काऊलिथस गॉडथेल्पी' नाम दिया गया है। ये अब विलुप्त हो चुके मेकोसुकाइन मगरमच्छ समूह के सबसे पुराने ज्ञात सदस्य से संबंधित हैं। यह खोज उनके विकास और उन जंगल-पथ वाले दलदली क्षेत्रों की जानकारी देती है जिनमें वे रहते थे। (अनंत ज्ञान)

# अक्तूबर में रिटेल महंगाई 14 साल के निचले स्तर पर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अक्तूबर में भारत में रिटेल महंगाई (सीपीआई) 0.25% पर आ गई, जो वर्तमान सीरीज में अब तक का सबसे कम स्तर है और करीब 14 साल में सबसे निचला आंकड़ा है। यह सितंबर के 1.44% से काफी कम है। इस कमी का मुख्य कारण खाने-पीने की चीजों की कीमतों में गिरावट है। महंगाई के बास्केट में लगभग 50% योगदान खाने-पीने के सामान का होता है, जिसकी महीने-दर-महीने महंगाई माइनस 2.28% से घटकर माइनस 5.02% हो गई। ग्रामीण क्षेत्र में महंगाई 1.07% से घटकर माइनस 0.25% हुई, जबकि शहरी क्षेत्र में 1.83% से घटकर 0.88% पर आ गई। सीपीआई की मौजूदा सीरीज 2012 के बेस ईयर पर आधारित है। बेस ईयर वह साल होता है जिसकी कीमतों को 100 मानकर अन्य सालों की तुलना की जाती है। यह महंगाई के आंकड़े सही और तुलनात्मक बनाने में मदद करता है। महंगाई बढ़ना या घटना डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर मांग अधिक और सप्लाई कम होगी तो कीमतें बढ़ेंगी, जबकि मांग कम और सप्लाई अधिक होने पर कीमतें घटेंगी। सरकार आमतौर पर हर 5-10 साल में नया बेस ईयर चुनती है, ताकि आंकड़े वास्तविकता के करीब हों। (अनंत ज्ञान)

# पीएम मोदी ने भूटान में 'कालचक्र एम्पॉवरमेंट' समारोह का किया उद्घाटन

**एजेंसी, थिम्पू**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को भूटान में आयोजित वैश्विक शांति प्रार्थना उत्सव के दौरान 'कालचक्र एम्पॉवरमेंट' समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर भूटान के नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और पूर्व नरेश जिग्मे सिंग्ये वांगचुक भी उपस्थित थे।

मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'भूटान के महामहिम नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और महामहिम चतुर्थ ड्रुक ग्यालपो जिग्मे सिंग्ये वांगचुक के साथ 'कालचक्र व्हील ऑफ टाइम एम्पॉवरमेंट' का उद्घाटन करने का सौभाग्य मिला।' उन्होंने कहा कि यह समारोह जे खेनपो (भूटान के सर्वोच्च बौद्ध धर्मगुरु) की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिससे यह और भी विशेष बन गया। प्रधानमंत्री ने कहा, 'यह एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है, जिसका बौद्ध समुदाय के लिए विश्वभर में अत्यंत सांस्कृतिक महत्व है। 'कालचक्र एम्पॉवरमेंट' वैश्विक शांति प्रार्थना उत्सव का हिस्सा है, जो भूटान में बौद्ध श्रद्धालुओं और विद्वानों को एक साथ लाया है।'

इससे पहले, बुधवार को मोदी ने भूटान के पूर्व नरेश जिग्मे सिंग्ये वांगचुक से मुलाकात की और कहा कि वह दोनों दक्षिण एशियाई पड़ोसियों के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिए वर्षों से उनके द्वारा किए गए व्यापक प्रयासों की सराहना करते हैं। (अनंत ज्ञान)

# उद्घाटन के 40 दिन बाद ढहा चीन का 758 मीटर लंबा नया होंगची ब्रिज

**एजेंसी, बीजिंग**



चीन के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत सिचुआन में एक नया उद्घाटन हुआ होंगची पुल अचानक ढह गया। यह हादसा मंगलवार दोपहर हुआ जब एक भीषण भूस्खलन ने पुल के एक हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। पुल का बड़ा भाग नदी में जा गिरा और देखते ही देखते धूल और मलबे का गुबार हवा में भर गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस हादसे का वीडियो तेजी से वायरल हो गया। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे एक विशाल भूस्खलन पुल के नीचे के हिस्से पर गिरता है और कुछ ही सेकंड में पुल के खंभे नदी में धंस जाते हैं। यह पुल लगभग 758 मीटर लंबा था और यह मध्य चीन से तिब्बत को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग का एक हिस्सा था। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली-एनसीआर में पॉल्यूशन, सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब-हरियाणा से रिपोर्ट मांगी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के खतरनाक स्तर पर पहुंचने और पॉल्यूशन मामले में सुनवाई हुई। कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा सरकारों से रिपोर्ट मांगी है कि पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं। सीनियर एडवोकेट गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि इस समय ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान का तीसरा फेज (ग्रैप-3) लागू है, जबकि ग्रैप-4 लागू किया जाना चाहिए, क्योंकि कुछ जगहों परएक्यूआई 450 से ऊपर चला गया है।

उन्होंने कहा-ग्रैप-3 लागू है लेकिन कोर्ट के बाहर भी खुदाई का काम हो रहा है, कम से कम अदालत परिसर में तो यह नहीं होना चाहिए। इस पर सीजेआई ने कहा कि निर्माण गतिविधियों के संबंध में कार्रवाई की जाएगी। वहीं, न्यायमित्र और सीनियर एडवोकेट अपराजिता सिंह ने नासा की उपग्रह तस्वीरों का हवाला देते हुए कहा कि कहा कि पंजाब और हरियाणा में बड़े पैमाने पर पराली जलाना शुरू हो गया है, जिससे दिल्ली-एनसीआर की हवा जहरीली हो रही है।

सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि वे मामले में अगली सुनवाई 17 नवम्बर को करेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने 3 नवंबर को दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते पॉल्यूशन मामले में सुनवाई की थी। कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया था। चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच एमसी मेहता केस की सुनवाई कर रही थी। सीनियर एडवोकेट और न्यायमित्र अपराजिता सिंह ने कोर्ट को बताया था कि दिवाली के दिन 37 में से सिर्फ 9 एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन ही लगातार काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर मॉनिटरिंग स्टेशन काम नहीं करेंगे तो कैसे पता चलेगा कि ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान कब लागू करना है? (अनंत ज्ञान)

# अफगानिस्तान में फिर हमले कर सकता है पाकिस्तान

**एजेंसी, लाहौर**

**रक्षा मंत्री आसिफ बोले- हम कार्रवाई करने पर मजबूर**

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि अफगानिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की जा सकती है। ख्वाजा ने यह बयान इस्लामाबाद और खैबर पख्तूनख्वा में हुए हमलों के बाद दिया।

एक इंटरव्यू में जब आसिफ से पूछा गया कि क्या पाकिस्तान इन हमलों का जवाब देगा, तो उन्होंने कहा, खुदा ने चाहा तो जरूर जवाब देंगे। अफगानिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों पर हमले को नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि मंगलवार को हुए हमलों के बाद पाकिस्तान कार्रवाई करने पर मजबूर है। इस्लामाबाद में हुए आत्मघाती हमले में 12 लोगों की मौत हो गई और 36 लोग घायल हुए। आत्मघाती बम विस्फोट को लेकर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अलग-अलग दावे किए हैं। प्रधानमंत्री शहबाज ने इस हमले के लिए भारत को जिम्मेदार बताया है, जबकि रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने अफगान सरकार पर हमले का आरोप लगाया। (अनंत ज्ञान)

## बाजार

## शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला तीसरे दिन भी रहा जारी

# सेंसेक्स 595 अंक चढ़ा, निफ्टी 25,850 अंक के पार

**एजेंसी, मुंबई**



शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला लगातार बुधवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। बीएसई सेंसेक्स 595 अंक चढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी में 189 अंक की तेजी रही।

वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी के बीच आईटी तथा टिकाऊ उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी बनी रही। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी सरकार के कामकाज ठप होने के संभावित समाधान और फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में कटौती की उम्मीद ने भी बाजार धारणा को मजबूती मिली। 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 595.19 अंक यानी 0.71 प्रतिशत की बढ़त के साथ 84,466.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 780.69 अंक चढ़कर 84,652.01 अंक के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। एनएसई निफ्टी 180.85 अंक यानी 0.70 प्रतिशत चढ़कर 25,875.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 239.6 अंक तक चढ़ गया था।

सेंसेक्स के शेयरों में एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फिनसर्व, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मास्युटिकल, इटर्नल, टाइटन और बजाज फाइनेंस के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। दूसरी ओर, नुकसान में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा बैंक और पावरग्रिड शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### नसीम शाह के पैतृक घर पर गोलीबारी के पीछे हो सकता है संपत्ति विवाद

**एजेंसी, कराची।** पाकिस्तान के क्रिकेटर नसीम शाह के पैतृक घर पर गोलीबारी की घटना की जांच कर रही पुलिस ने कहा है कि इस घटना के पीछे संपत्ति को लेकर विवाद की संभावना है। अज्ञात हमलावरों ने खैबर पख्तूनख्वा के लोअर दीर जिले में स्थित नसीम के पैतृक घर के गेट पर गोलीबारी की। इस तेज गेंदबाज ने हालांकि, मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे के लिए टीम के साथ रहने का फैसला किया, क्योंकि इस घटना में किसी को नुकसान नहीं पहुंचा था। लोअर दीर के जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) तैमूर खान ने कहा कि प्रारंभिक जांच में संपत्ति विवाद या आपसी दुश्मनी के संकेत मिले हैं। खान ने कहा कि उन्होंने नसीम के पिता और अन्य रिश्तेदारों से मुलाकात की है और घटना की जांच के लिए एक टीम गठित की है तथा क्रिकेटर के आवास पर अतिरिक्त सुरक्षा भी मुहैया कराई गई है। (अनंत ज्ञान)

### एशेज ओपनर से बाहर हुए एबॉट हैमस्ट्रिंग, हेजलवुड फिट घोषित

**एजेंसी, सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया को एशेज सीरीज से पहले झटका लगा है। तेज गेंदबाज सीन एबॉट हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं, जबकि जोश हेजलवुड को स्कैन के बाद फिट घोषित किया गया है। यह घटना न्यू साउथ वेल्स और विक्टोरिया के बीच शेफील्ड शील्ड मैच के दौरान हुई, जब दोनों गेंदबाज लंच के बाद मैदान पर नहीं लौटे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बताया कि हेजलवुड पर्थ में होने वाले पहले एशेज टेस्ट के लिए टीम से जुड़ेंगे। उनके स्कैन में कोई गंभीर चोट नहीं पाई गई है और वे सामान्य रूप से तैयारी करेंगे। वहीं, एबॉट के स्कैन में मध्यम ग्रेड की हैमस्ट्रिंग चोट की पुष्टि हुई है, जिससे वे चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। गौरतलब है कि कप्तान पैट कमिंस पहले ही चोट के कारण पर्थ टेस्ट से बाहर हैं, जिससे ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाजी चिंता बढ़ी है। लांस मॉरिस, झाय रिचर्डसन और स्पेंसर जॉनसन भी चोटिल हैं। ऐसे में ब्रेंडन डॉगेट को डेब्यू का मौका मिल सकता है। (अनंत ज्ञान)

### अनाहत चीन में हारीं, रथिका बोंडी ओपन के सेमीफाइनल में

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह शंघाई में बुधवार को मिस्र की आठवीं वरीयता प्राप्त और दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सना इब्राहिम के खिलाफ बढ़त बनाने के बावजूद चाइना ओपन के अंतिम 16 के मुकाबले में हार गईं। भारतीय खिलाड़ी अनाहत इस तरह पीएसए गोल्ड टूर्नामेंट में 11-5, 6-11, 4-11, 7-11 से पराजित हो गईं। वहीं, सिडनी में बोंडी ओपन पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त रथिका सुथांथिरा सीलन सेमीफाइनल में पहुंच गईं। रथिका ने अपने अभियान की शुरुआत हमवतन आराधना कस्तूरीराज को 11-8, 11-3, 11-5 से हराकर की। इसके बाद उन्होंने क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की अनंतना प्रसेरतनाकुल को 11-7, 11-3, 11-3 से हरा दिया। (अनंत ज्ञान)

### एना मारिया की दुनिया दीवानी

**क्रोएशिया।** क्रोएशिया की महिला फुटबॉलर एना मारिया मार्कोविच को दुनिया की सबसे सुंदर महिला फुटबॉलर माना जाता है, हालांकि इस खिलाड़ी को अपनी खूबसूरती से ही चिढ़ हो गई है।



## दक्षिण अफ्रीका ने कोलकाता से शुरू हो रही सीरीज को माना चुनौती

# भारत को उसकी धरती पर हराने के लिए बेताब है दक्षिण अफ्रीका: केशव महाराज

**एजेंसी, कोलकाता**



दक्षिण अफ्रीका ने 15 साल से भारत में कोई टेस्ट मैच नहीं जीता है और उसके मुख्य स्पिनर केशव महाराज ने इसे अपने सबसे कठिन दौरों में से एक करार देते हुए कहा कि आगामी सीरीज में जीत का इंतजार खत्म करने के लिए वास्तव में उनकी टीम बहुत बेताब है। भारत और दक्षिण अफ्रीका 14 नवंबर से दो मैचों की टेस्ट सीरीज में भिड़ेंगे। सीरीज का पहला मैच शुक्रवार से कोलकाता में शुरू होगा जबकि दूसरा मैच गुवाहाटी में खेला जाएगा।

महाराज ने ऑनलाइन बातचीत में कहा, ''हमारी टीम भारत को भारत में हारने के लिए वास्तव में बेताब है। यह संभवत: सबसे कठिन दौरों में से एक है। हमें लगता है कि यह हमारी सबसे बड़ी परीक्षाओं में से एक है। यह खुद को आंकने का एक शानदार मौका होगा। इससे हमें अपनी वास्तविक स्थिति का पता करने का अवसर मिलेगा।''

उन्होंने कहा, ''हमने उपमहाद्वीप के अन्य हिस्सों में जीत हासिल करना शुरू कर दिया है और वास्तव में भारत में जीत हासिल करने के लिए हमारी टीम के अंदर तीव्र भूख और इच्छा है।'' दक्षिण अफ्रीका ने हाल के वर्षों में टेस्ट क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उसकी टीम को भारत में अपनी पिछली दो सीरीज, 2015 और 2019 में कोई सफलता नहीं मिली।

महाराज का यह भी मानना है कि यहां के क्यूरेटर सीरीज में स्पिन के अनुकूल पिचें उपलब्ध कराने की संभावना नहीं रखते, जैसा कि हाल ही में पाकिस्तान में हुआ था, जहां दक्षिण अफ्रीका ने पहला मैच हारने के बाद अपने स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन से सीरीज बराबर कराई थी। इस बाएं हाथ के स्पिनर ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि यहां की परिस्थितियां स्पिनरों के लिए उतनी अनुकूल होंगी जितनी हमने पाकिस्तान में देखी थी। मुझे लगता है कि विकेट अच्छे होंगे जिनसे खेल आगे बढ़ने के साथ स्पिन गेंदबाजों को भी मदद मिलेगी। जैसा कि हम देख रहे हैं भारत को शायद पारंपरिक टेस्ट विकेट अधिक पसंद आएगा।''

उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि अगर आपने वेस्टइंडीज़ और भारत के बीच सीरीज को देखा है तो आपको पता चलेगा कि उस सीरीज के लिए अच्छे विकेट तैयार किए गए थे तथा मैच चौथे और पांचवें दिन तक चले। इसलिए मेरा मानना है कि विकेट के मामले में दृष्टिकोण बदल रहा है।'' महाराज ने कहा, ''भारतीय टीम शानदार है और बदलाव के दौर में उसने अच्छी प्रगति की है। मेरा मानना है कि वे अच्छे विकेट पर खेलना पसंद करेंगे जैसा कि हमने वेस्टइंडीज की सीरीज के दौरान देखा था।'' उन्होंने कहा, ''हमने पाकिस्तान में दूसरे टेस्ट मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था। हम उसी लय को बरकरार रखने की कोशिश करेंगे। टॉस का परिणाम जो भी हो हम मैच का परिणाम अपने पक्ष में करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।'' (अनंत ज्ञान)

# द. अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में नीतीश की जगह खेलेंगे जुरेल

**एजेंसी, कोलकाता**






भारतीय टीम के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने बुधवार को कहा कि शानदार फॉर्म में चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में खेलेंगे और ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी के बाहर बैठने की संभावना है। टेन डोएशे ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''मुझे लगता है कि हमें टीम संयोजन का अच्छा अंदाजा हो गया है। पिछले छह महीनों में ध्रुव ने जिस तरह से प्रदर्शन किया है और पिछले सप्ताह बेंगलुरु में (दक्षिण अफ्रीका-ए के खिलाफ) दो शतक लगाए हैं, उसे देखते हुए उनका इस मैच में खेलना तय है।''

उन्होंने कहा, ''सबसे महत्वपूर्ण बात मैच जीतने के लिए रणनीति बनाना है। नितीश के मामले में हमारी स्थिति निश्चित रूप से नहीं बदली है। ऑस्ट्रेलिया में उन्हें ज़्यादा खेलने का मौका नहीं मिला था।'' टेन डोएशे ने कहा, ''लेकिन मैं कहूंगा कि इस श्रृंखला के महत्व को देखते हुए और जिन परिस्थितियों का हम सामना करने जा रहे हैं, उन्हें देखते हुए उनकी (नीतीश कुमार रेड्डी) इस टेस्ट मैच में खेलने की संभावना नहीं है।'' जुरेल को विशुद्ध बल्लेबाज के रूप में टीम में शामिल किया जा सकता है क्योंकि नियमित विकेटकीपर ऋषभ पंत फिट होकर टीम में लौट आए हैं। घरेलू सत्र की शुरुआत से लेकर अब तक जुरेल के स्कोर का क्रम 140, 1 और 56, 125, 44 और 6, 132 और नाबाद 127 रन रहा है। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली सीरीज में अपने करियर का पहला टेस्ट शतक भी लगाया था और उनके प्रभावशाली प्रदर्शन को देखकर उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

## हमारे लिए कोई माफी नहीं है, हमसे रोबोट की तरह प्रदर्शन की उम्मीद की जाती है: रऊफ

**एजेंसी, रावलपिंडी**



पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रउफ ने भारत के खिलाफ एशिया कप के फाइनल में खराब प्रदर्शन के बाद आलोचकों को जवाब देते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की 'कठोर' प्रकृति पर अफसोस जताया जिसमें 'इंसानों से रोबोट की तरह प्रदर्शन की उम्मीद की जाती है।' हारिस ने श्रीलंका के खिलाफ पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में चार विकेट लिए, जिससे उनकी टीम छह रन से जीत हासिल करने में सफल रही।

सितंबर में भारत के खिलाफ एशिया कप मैचों के दौरान आपत्तिजनक हाव-भाव के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछली सीरीज के दौरान उन पर दो मैचों का प्रतिबंध लगाया गया था। रऊफ से जब पूछा गया कि वह भारत के खिलाफ एशिया कप फाइनल जैसे बड़े मैच में अच्छा प्रदर्शन क्यों नहीं कर पाते हैं, उन्होंने कहा, ''हमारे लिए कोई माफी नहीं होती। हमसे रोबोट की तरह प्रदर्शन करने की उम्मीद की जाती है, लेकिन हम इंसान हैं और हमारे लिए भी कोई दिन बुरा हो सकता है।'' एशिया कप फाइनल में 3.4 ओवर में 50 रन देकर सबसे महंगे गेंदबाज रहे हारिस ने कहा कि एक खिलाड़ी के लिए दिन खराब हो सकता है, क्योंकि आपकी रणनीति हमेशा सफल नहीं होतीं।

उन्होंने कहा, ''महत्वपूर्ण बात है कि आप हार नहीं मानते और दिन बुरा होने पर निराश नहीं होते। हम केवल अपने कौशल पर विश्वास रखते हैं और गलतियों को सुधारने पर काम करते रहते हैं, लेकिन एक पेशेवर क्रिकेटर के तौर पर किसी भी गेंदबाज का दिन खराब हो सकता है।'' प्रशंसकों की निराशा के बारे में पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात पर कभी संदेह नहीं करना चाहिए कि खिलाड़ियों ने खराब दिन होने के बावजूद भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास नहीं किया। रऊफ ने कहा, ''किसी भी खिलाड़ी को आलोचना अच्छी नहीं लगती। हर किसी की अपनी राय होती है, लेकिन जैसा मैंने पहले कहा हमारे लिए किसी तरह की माफी नहीं होती है।' (अनंत ज्ञान)

## फिर से शीर्ष रैंकिंग हासिल करने के करीब पहुंचे कार्लोस अल्काराज

**एजेंसी, तूरिन (इटली)।** दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज अपने करियर में दूसरी बार शीर्ष रैंकिंग हासिल करने के करीब पहुंच गए हैं जिसके लिए उन्हें अब केवल एक जीत की दरकार है। अल्काराज ने मंगलवार को एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट में टेलर फ्रिट्ज को 6-7 (2), 7-5, 6-3 से हराया। उन्हें अब यानिक सिनर की जगह साल के आखिर में नंबर एक रैंकिंग हासिल करने के लिए या तो अपने ग्रुप के अंतिम मैच में लोरेंजो मुसेट्टी को हराना होगा या फिर सेमीफाइनल में जीत दर्ज करनी होगी।

अल्काराज ने कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो मैं इसके बारे में सोचने की कोशिश नहीं कर रहा हूं। लेकिन नंबर एक रैंकिंग के बारे में नहीं सोचना वास्तव में बहुत मुश्किल है।'' अल्काराज दुनिया के शीर्ष आठ खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे सत्र के इस अंतिम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भी पहुंच गए हैं। उन्होंने मुसेट्टी की एलेक्स डी मिनौर पर 7-5, 3-6, 7-5 से जीत से अंतिम चार में अपनी जगह सुरक्षित की। अगर स्पेन के रहने वाले अल्काराज आगे कोई मैच नहीं जीत पाते हैं और सिनर अपना खिताब बचाने में सफल रहते हैं तो फिर इटली का खिलाड़ी साल के आखिर में भी नंबर एक रैंकिंग पर बना रहेगा। (अनंत ज्ञान)

## इस्लामाबाद में आत्मघाती बम विस्फोट के बाद श्रीलंकाई टीम की बढ़ाई सुरक्षा

**एजेंसी, रावलपिंडी**

पाकिस्तान में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले के बाद इस देश के दौरे पर आई श्रीलंकाई क्रिकेट टीम की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने श्रीलंकाई टीम के अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें पूर्ण सुरक्षा का आश्वासन दिया। नकवी पाकिस्तान के गृहमंत्री भी हैं।

पाकिस्तान ने अप्रत्यक्ष रूप से अफगानिस्तान की तालिबान सरकार पर एक बार फिर आरोप लगाया है कि उसने अपनी जमीन का इस्तेमाल तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को पाकिस्तान में आतंकवादी हमले करने के लिए करने दिया। मंगलवार को इस्लामाबाद में एक न्यायिक परिसर के बाहर एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को उड़ा लिया, जिसमें 12 लोग मारे गए और कई घायल हो गए। इस बीच उत्तरी पाकिस्तान के वाना क्षेत्र में वाना कैडेट कॉलेज पर आतंकवादी हमले को सुरक्षा बलों ने विफल कर दिया और लगभग 300 छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अता तरार ने कहा कि यदि सुरक्षा बलों ने तुरंत कार्रवाई नहीं की होती तो पाकिस्तान 2018 में पेशावर स्कूल हमले जैसी बड़ी घटना का गवाह बन सकता था।

तीन वर्ष पहले न्यूजीलैंड की टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज रद्द कर रही थी। न्यूजीलैंड की टीम तब संभावित आतंकवादी हमले की विश्वसनीय खुफिया सूचना मिलने के बाद बिना कोई मैच खेले ही स्वदेश लौट गई थी। सूत्र ने कहा, ''यही कारण है कि मोहसिन नकवी व्यक्तिगत रूप से स्टेडियम गए और मेहमान टीम के सदस्यों से मिले तथा उन्हें सुरक्षा को लेकर आश्वस्त किया।'' सूत्र ने कहा, ''श्रीलंका की टीम की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और पाकिस्तानी सेना तथा अर्द्धसैनिक रेंजर्स को मेहमान खिलाड़ियों और अधिकारियों की सुरक्षा पर नजर रखने के लिए तैनात किया गया है।'' (अनंत ज्ञान)

# जापान मास्टर्स 2025: लक्ष्य सेन दूसरे दौर में पहुंचे, किरण जॉर्ज बाहर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



कुमामोटो सिटी (जापान) में बुधवार को खेले जा रहे जापान मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट (बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 500) में भारत के लक्ष्य सेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे दौर में जगह बना ली। सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन ने स्थानीय खिलाड़ी और विश्व नंबर 26 कोकी वतानाबे को सीधे गेमों में 21-12, 21-16 से मात दी। यह मुकाबला मात्र 39 मिनट चला। अब दूसरे दौर में लक्ष्य का सामना कनाडा के विक्टर लाई या सिंगापुर के जिया हेंग जैसन तेह से होगा। दूसरी ओर, भारत के किरण जॉर्ज को पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें मलेशिया के कोक जिंग होंग ने 22-20, 21-10 से हराया। दिन में बाद में एचएस प्रणय, आयुष शेट्टी और तरुण मानेपल्ली भी पुरुष एकल वर्ग के पहले दौर में अपने-अपने मुकाबले खेलेंगे। मिक्स्ड डबल्स में भारत की जोड़ी रोहन कपूर और रुत्विका गड्डे ने कड़ा मुकाबला किया, लेकिन वे चार मैच प्वाइंट बचाने के बावजूद अमेरिकी जोड़ी प्रेस्ली स्मिथ और जेनी गाय से 12-21, 21-19, 20-22 से हार गईं। (अनंत ज्ञान)

# फीफा वर्ल्ड कप-2026 होगा मेरा आखिरी वर्ल्ड कप: रोनाल्डो

**एजेंसी, रियाद**



पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉल स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने स्पष्ट कर दिया कि आने वाला फीफा विश्व कप 2026 उनका आखिरी वर्ल्ड कप होगा। उन्होंने कहा कि अब उनका शानदार करियर अपने अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ रहा है। 40 वर्षीय रोनाल्डो, जिन्होंने क्लब और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 950 से अधिक गोल किए हैं, ने यह भी बताया कि वे 'एक या दो साल में फुटबॉल से संन्यास' लेने की योजना बना रहे हैं।

सऊदी अरब में आयोजित एक फोरम में वीडियो लिंक के जरिए बातचीत के दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या 2026 विश्व कप उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा, तो उन्होंने कहा, 'डिफिनिटली, हां। मैं तब 41 साल का हो जाऊंगा और मुझे लगता है कि यही सही समय होगा।' रोनाल्डो फिलहाल सऊदी अरब के क्लब अल-नास्त्र के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने 2023 में इस क्लब से जुड़ने के बाद कहा था कि वे 'जल्द' रिटायर होंगे। इस पर उन्होंने अब स्पष्ट किया, 'सच कहूं तो जब मैंने 'जल्द' कहा था, मेरा मतलब था एक या दो साल के अंदर। मैं अभी भी खेल में रहूंगा, लेकिन ज़्यादा समय नहीं।' पांच बार के बैलन डी'ऑर विजेता रोनाल्डो अब 2026 में अपना छठा विश्व कप खेलने का लक्ष्य रखे हुए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2006 विश्व कप में रहा था, जब पुर्तगाल सेमीफाइनल में फ्रांस से हार गया था।

फिलहाल पुर्तगाल ने 2026 विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं किया है, लेकिन आयरलैंड के खिलाफ गुरुवार को जीत हासिल कर वह अपनी जगह पक्की कर सकता है। गौरतलब है कि रोनाल्डो ने 2022 में मैनचेस्टर यूनाइटेड छोड़कर अल-नास्त्र का रुख किया था, जिसके बाद कई अन्य सितारे भी सऊदी क्लबों से जुड़ने लगे। सऊदी अरब, जो हाल के वर्षों में खेल और मनोरंजन में बड़े पैमाने पर निवेश कर रहा है, को 2034 विश्व कप की मेजबानी का अधिकार भी मिल चुका है। (अनंत ज्ञान)

# लखनऊ पहुंची जूनियर विश्व कप की ट्रॉफी, योगी आदित्यनाथ ने किया स्वागत

**एजेंसी, लखनऊ**




तमिलनाडु में होने वाले एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की ट्रॉफी भारत भ्रमण के अपने एक पड़ाव में बुधवार को यहां पहुंची जिसका राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया। योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा, ''लखनऊ में एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की प्रतिष्ठित ट्रॉफी का स्वागत करना मेरे और प्रदेशवासियों के लिए आह्लादित करने वाला क्षण है।'' जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में भारत, चीन, बेल्जियम जापान, स्पेन, न्यूजीलैंड चिली, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया समेत 24 टीम हिस्सा लेंगी।

एक बयान के मुताबिक योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''उत्तर प्रदेश में इस ट्रॉफी का आना राज्य के स्वर्णिम इतिहास का स्मरण कराने वाला क्षण है। हॉकी में उत्तर प्रदेश का योगदान अविस्मरणीय है।'' उन्होंने ने हॉकी के जादूगर के रूप में विख्यात मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंद ने उत्तर प्रदेश की धरती में जन्म लिया था। उनके नेतृत्व में भारतीय हॉकी टीम ने तीन ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने में सफलता प्राप्त की थी। मुख्यमंत्री ने कहा, ''सरकार मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय का निर्माण कर रही है। इस वर्ष से पहला सत्र प्रारंभ हो चुका है।''

योगी आदित्यनाथ ने हॉकी के यशस्वी खिलाड़ी केडी सिंह बाबू का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उनकी स्मृति को जीवंत रखने के लिए बाराबंकी में उनके निवास को एक संग्रहालय के रूप में तैयार किया जा रहा है। योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर पद्म पुरस्कार से सम्मानित मोहम्मद शाहिद, अशोक कुमार, रवींद्र पाल, सैयद अली, डॉ. आरपी सिंह, सुजीत कुमार जैसे हॉकी के खिलाड़ियों के योगदान को भी याद किया। (अनंत ज्ञान)

**क्रिकेट** | रऊफ ने लिए 4 विकेट, सलमान आगा ने नाबाद 103 रन की पारी खेली

# पाकिस्तान ने श्रीलंका को पहले वनडे में 6 रन से हराया

**एजेंसी, लाहौर**



रावलपिंडी में खेले गए तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में पाकिस्तान ने श्रीलंका को 6 रन से हराकर 1-0 की बढ़त हासिल की। जीत के लिए मिले 300 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंकाई टीम पूरे ओवर खेलने के बाद 293/9 का स्कोर ही बना सकी। पाकिस्तान से हारिस रऊफ ने 4 विकेट लिए। वहीं, सलमान आगा ने 83 गेंदों पर नाबाद 103 रन की पारी खेली और हुसैन तलात ने 58 रनों की पारी खेलकर पाकिस्तान का स्कोर 299 तक पहुंचाया।

टॉस हार कर बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। सईम अयूब केवल 6 रन बना कर आउट हो गए। वहीं, टॉप ऑर्डर में फखर जमान (32) और बाबर आजम (29) रन बना कर आउट हो गए। इसके बाद मध्यक्रम में सलमान आगा ने शतक (103* रन, 83 गेंद) और हुसैन तलात ने 58 रनों की अहम पारी खेलकर पाकिस्तान को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 138 रनों की साझेदारी हुई। आखिरी दस ओवरों में पाकिस्तान ने 104 रन जोड़ते हुए 299 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। मोहम्मद नवाज ने नाबाद 36 रन की पारी खेली थी।

श्रीलंका की ओर से वानिंदु हसरंगा सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 10 ओवर में 54 रन देकर 3 विकेट लिए। असिथा फर्नांडो और महीश तीक्षणा ने 1-1 विकेट लिए। सलमान आगा और हुसैन तलात के बीच पांचवें विकेट के लिए 138 रनों की साझेदारी हुई। सलमान आगा और हुसैन तलात के बीच पांचवें विकेट के लिए 138 रनों की साझेदारी हुई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम की शुरुआत बेहद अच्छी रही। पथुम निसांका और डेब्यू बल्लेबाज कमींदु मिशारा ने 80 रन की साझेदारी की और पाकिस्तान के गेंदबाजों पर दबाव बना दिया, लेकिन हारिस रऊफ की तेज गेंदबाजी ने मैच की दिशा बदल दी। उन्होंने लगातार दो गेंदों पर मिशारा और कुसल मेंडिस को आउट कर श्रीलंका को बड़ा झटका दिया। इसके बाद निसांका भी पवेलियन लौट गए और स्कोर 85/0 से 90/3 हो गया। बीच में चरीथ असलंका और सदीरा समरविक्रमा ने थोड़ी देर तक संभलकर खेला, लेकिन शाहीन अफरीदी की गेंद पर बाबर आजम के शानदार स्लिप कैच ने इस साझेदारी को तोड़ दिया।

श्रीलंका के लिए अंत में वानिंदु हसरंगा ने उम्मीदें जिंदा रखीं। उन्होंने 52 गेंदों में 59 रन बनाकर टीम को जीत के करीब पहुंचाया, लेकिन आखिरी ओवरों में वह बाबर आजम को कैच थमा बैठे। अंतिम ओवर में महीश तीक्षणा ने दो चौके जड़कर मैच को रोमांचक बना दिया, मगर हुसैन ने दबाव में शानदार गेंदबाजी कर पाकिस्तान को जीत दिला दी। पाकिस्तान के लिए हारिस रऊफ ने 4 विकेट लिए, जबकि शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद नवाज और फैहीम अशरफ ने एक-एक विकेट हासिल किया। इस जीत के साथ पाकिस्तान ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। (अनंत ज्ञान)